आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

दिव्यांग शिक्षण संस्थानों में संवेदनशील प्रशासनिक...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 22 मई, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 217 | www.janexpresslive.com/epaper



आतंकवादियों ने खुद दुनिया को दिया... 12

# छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में 27 नक्सलियों का एनकाउंटर

## डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली ढेर, 20 शव और हथियार बरामद, 1 जवान शहीद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में अबूझमाड़ के जंगल में बुधवार सुबह सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को मार गिराया है। सभी 27 शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में 1.5 करोड़ का इनामी बसवा राजू भी शामिल है। वहीं फायरिंग में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड का एक जवान शहीद हो गया है। दंतेवाड़ा, नारायणपुर और बीजापुर जिले की सरहद पर मुठभेड़ चल रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अबूझमाड़ के बोटेर में नक्सलियों का पोलित ब्यूरो सदस्य और नक्सल संगठन का महासचिव बसवा राजू मौजूद है। इसी आधार पर फोर्स को रवाना किया गया था। अबूझमाड़ के बोटेर पहुंचते ही जवानों पर नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों के इस ऑपरेशन को प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बड़ी कामयाबी बताया है।



### शाह का दावा- 2026 तक खत्म कर देंगे नक्सलवाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अगस्त 2024 और दिसंबर 2024 में छत्तीसगढ़ के रायपुर और जगदलपुर आए थे। वे यहां अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग मंचों से नक्सलियों को चेताते हुए कहा था कि हथियार डाल दें। हिंसा करोगे तो हमारे जवान निपटेंगे। वहीं उन्होंने एक डेडलाइन भी जारी की थी कि 31 मार्च 2026 तक पूरे देश से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया जाएगा। शाह के डेडलाइन जारी करने के बाद से बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन काफी तेज हो गए हैं।

### एक करोड़ का इनामी नक्सली भी हुआ ढेर

खबर मिल रही है कि इस मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी शीर्ष नक्सली बसव राजू भी मारा गया है। कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ने की संभावना है। माड़ के दुर्गम इलाके में बुधवार सुबह से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण गोलीबारी जारी थी। इस अभियान को एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है, खासकर अबूझमाड़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जहां उनका मजबूत गढ़ माना जाता है। इस सफलता से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगने की उम्मीद है।

### विस अध्यक्ष रमन सिंह ने दी बधाई

नारायणपुर में चल रहे ऑपरेशन में मारे गए 26 नक्सलियों पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मैं इस बड़े ऑपरेशन के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस को उनकी सफलता के लिए बधाई देता हूं। इस ऑपरेशन में एक पुलिसकर्मी के घायल होने के अलावा किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। मैं केंद्रीय गृह मंत्री, मुख्यमंत्री और विजय शर्मा जी को भी बधाई देता हूं।

### सीएम साय ने भी जवानों को दी बधाई

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सल मोर्चे पर लगातार कामयाबी मिल रही है। 27 से ज्यादा नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। इस सफल ऑपरेशन के लिये उन्होंने जवानों को बधाई दी है।

### 'यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि'

शीर्ष नक्सली नेता-सीपीआई-माओवादी महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू की हन्या पर अमित शाह ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में पहली बार महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है।

### हिड़मा इकलौता जो टॉप-2 टीम में

नक्सल सूत्रों के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में करीब 40 सालों में हिड़मा ही इकलौता ऐसा नक्सली है जिसे संगठन के टॉप-2 टीम (सेंट्रल कमेटी) में जगह मिली है। वो भी तब जब नक्सल संगठन में अंदरूनी कलह चली और नक्सलियों को सिर्फ ढाल के रूप में इस्तेमाल करने की बात उठने लगी। वहीं डिविजनल कमेटी मेंबर के पद से देवा बारसे का प्रमोशन कर उसे दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी मेंबर कैडर में शामिल कर कमांडर बनाया गया।

### 7 दिन पहले 31 नक्सली मारे

पुलिस ने 7 दिन पहले ही प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कर्रेगुट्टा ऑपरेशन की जानकारी दी थी। छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर स्थित कर्रेगुट्टा के पहाड़ों पर सुरक्षाबलों ने 24 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को मार गिराया था। इनमें 16 महिला और 15 पुरुष नक्सली शामिल हैं।

पीएम मोदी और गृह मंत्री शाह ने जवानों के पराक्रम को सराहा, कहा,

# हमें सैन्य बलों पर गर्व

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ लगातार सुरक्षाबलों की तरफ से ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। अब तक इस अभियान के दौरान कुल 27 नक्सलियों के शव और भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। अनुमान है कि अभियान के दौरान कई माओवादी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मुठभेड़ के दौरान नक्सली हमले का बहादुरी से मुकाबला करते हुए डीआरजी के एक जवान का बलिदान हो गया। मुठभेड़ में कुछ अन्य जवानों को इस ऑपरेशन के दौरान चोटें आई हैं। सभी घायल खतरे से बाहर हैं। सर्च अभियान लगातार जारी है। सुरक्षाबललों की इस सफलता पर पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने जवानों के पराक्रम की सराहना की है। नारायणपुर और बीजापुर इलाके में नक्सलियों पर सुरक्षाबलों के जवान आज प्रलय बनकर टूटे। नक्सलियों के खिलाफ इस एक्शन में वसव राजू के मारे जाने की खबर है। जानकारी के मुताबिक नक्सल संगठन का जनरल सेक्रेटरी बसव राजू भी मारा गया है। वसव राजू कुख्यात नक्सली रहा है उसके ऊपर डेढ़ करोड़ का इनाम है।

### हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है: पीएम मोदी

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी और 27 नक्सलियों के मारे जाने पर पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने सैन्य बलों पर गर्व है। हमारी सरकार माओवाद के खतरे को खत्म करने और अपने लोगों के लिए शांतिपूर्ण और प्रगतिशील जीवन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि: अमित शाह

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल है। नक्सलवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के तीन दशकों में यह पहली बार है कि हमारे बलों द्वारा एक महासचिव स्तर के नेता को मार गिराया गया है। मैं इस बड़ी सफलता के लिए हमारे बहादुर सुरक्षाबलों और एजेंसियों की सराहना करता हूँ। यह बताते हुए भी खुशी हो रही है कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के पूरा होने के बाद, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र में 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 84 नक्सलियों ने आन्मसमर्पण किया है।

### जारी है विजय का शंखनाद, खत्म हो रहा नक्सलवाद: सीएम साय

नक्सली मुठभेड़ को लेकर सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृन्व में और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश-प्रदेश में नक्सलवाद के खान्मे के संकल्प को मजबूती प्रदान करते हुए सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। नारायणपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस की डीआरजी यूनिट के द्वारा कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और अनेक चुनौतियों के बावजूद, वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ इस निर्णायक अभियान को पूरी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प के साथ पूरा किया जा रहा है। इसका परिणाम है कि अब तक 27 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें कुख्यात नक्सल लीडर नंबाला केशव राव और अलियास बसवराजू के खान्मे की भी पुष्टि हुई है।

# पुलिस विभाग को बड़ी राहत

## अब एक ही जनपद में नौकरी कर सकेंगे पति-पत्नी, डीजीपी प्रशांत कुमार का ऐतिहासिक आदेश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में कार्यरत विवाहित कर्मचारियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने अनुकंपा के आधार पर ऐसा ऐतिहासिक आदेश जारी किया है, जिससे हजारों परिवारों को राहत मिली है। अब पुलिस विभाग में पति-पत्नी को एक ही जनपद में तैनाती मिल सकेगी, जिससे पारिवारिक जीवन और ड्यूटी के बीच संतुलन बनाना आसान हो जाएगा। डीजीपी के इस फैसले के बाद प्रदेश भर में कई पुलिसकर्मियों की तैनाती नए सिरे से की गई है। वर्षों से अपने जीवनसाथी से दूर रह रहे पुलिसकर्मियों के चेहरे पर अब मुस्कान लौट आई है। इस आदेश को न सिर्फ मानवीय दृष्टिकोण से एक बड़ी पहल माना जा रहा है, बल्कि इससे पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता और मनोबल में भी जबरदस्त वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, यह आदेश लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है।

# इस्लाम का जरूरी हिस्सा नहीं वक्फ, न ही संविधान के तहत मौलिक अधिकार, सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने कहा

- किसी भी व्यक्ति को सरकारी जमीन पर दावा करने का अधिकार नहीं है: मेहता
- मेहता ने कहा, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, जिसे नकारा नहीं जा सकता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्र ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, लेकिन यह इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं है। इसलिए इस पर संविधान के तहत मौलिक अधिकार के रूप में नहीं दावा किया जा सकता। सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने शीर्ष कोर्ट से कहा कि जब तक वक्फ को इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य सभी विफल हो जाती हैं।

### सरकारी जमीन पर दावा नहीं कर सकता कोई भी व्यक्ति: मेहता

उन्होंने कहा, कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर दावा नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला है, जो कहता है कि अगर संपत्ति सरकारी है और वक्फ के रूप में घोषित की गई है, तो सरकार उसे बचा सकती है। सॉलिसिटर जनरल ने आगे कहा, वक्फ संपत्ति एक मौलिक अधिकार नहीं है। इसे कानून द्वारा मान्यता दी गई थी। अगर कोई अधिकार विधायी नीति के तहत दिया गया है, तो उसे हमेशा वापस लिया जा सकता है।

### अप्रैल संसद से पारित किया गया था वक्फ संशोधन विधेयक

चीफ जस्टिस (सीजेआई) बी.आर.गवाई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच इन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 को अप्रैल में संसद से पारित किया गया था और पांच अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसे मंजूरी दे दी थी। जिसे बाद यह कानून बन गया। लोकसभा में इसके पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 मत पड़े थे, जबकि राज्यसभा ने समर्थन में 128 और विरोध में 95 मत पड़े थे।

### 'वक्फ एक इस्लामी अवधारणा, लेकिन इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं'

मेहता ने कहा, वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, जिसे नकारा नहीं जा सकता, लेकिन जब तक इसे इस्लाम का आवश्यक हिस्सा नहीं माना जाता, तब तक अन्य दलीलों का कोई मतलब नहीं है। 2025 के वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं केंद्र ने यह जवाब दिया है। मेहता ने अधिनियम का बचाव करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को सरकारी जमीन पर दावा करने का अधिकार नहीं है, भले ही वह जमीन वक्फ के रूप में घोषित की गई हो।

## शिक्षामित्रों के बहिष्कार के बीच स्कूलों में समर कैंप शुरू, महानिदेशक ने बच्चों संग खेला क्रिकेट

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

बेसिक शिक्षा परिषद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में गर्मियों की छुट्टियों के बीच समर कैंप की शुरुआत बुधवार को हुई। समर कैंप की शुरुआत बक्शी का तालाब स्थित सरैया उच्च प्राथमिक विद्यालय से स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने की। इस दौरान स्कूल में बच्चों ने आर्ट, योग, नृत्य, गीत संगीत व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की। लखनऊ के अलग अलग उच्च व कंपोजिट सरकारी स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक श्याम किशोर तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामप्रवेश, खंड शिक्षा अधिकारी प्रीति शुक्ला मौजूद रहे।

## यूपी: प्रदेश में इसी महीने एक करोड़ से अधिक बच्चों की होगी डीबीटी, खाते में भेजे जाएंगे 1200 रुपये

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले एक करोड़ से ज्यादा बच्चों को निःशुल्क बैग, ड्रेस, स्वेटर, जूता-मोजे के लिए 1200 रुपये डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर (डीबीटी) किया जाएगा। यह डीबीटी बच्चों के अभिभावकों के खाते में भेजा जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से इसके लिए आवश्यक तैयारी पूरी कर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम के लिए समय मांगा गया है। प्रदेश के 1.33 परिषदीय विद्यालयों में पिछले सत्र 2024-25 में लगभग 1.51 करोड़ बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। जबकि नए सत्र 2025-26 के लिए नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत एक करोड़ से ज्यादा बच्चों का नामांकन पूरा हो चुका है। इसमें नए सत्र में कक्षा एक और छह में लगभग 4 लाख नए बच्चों के नामांकन भी हुए हैं। विभाग का प्रयास है कि नए सत्र की शुरुआत में ही बच्चों के अभिभावकों के खाते में यह पैसे भेज दिए जाए ताकि गर्मी की छुट्टियों के बाद जब स्कूल खुले तो बच्चे पूरे ड्रेस में बैग आदि के साथ आएं। पूर्व के वर्षों में डीबीटी होने में काफी समय लग जाता था। इसके तहत पिछले साल भी इसे जून-जुलाई में कराया गया था।

# 2027 में 15 साल का सूखा खत्म कर दो: चंद्रशेखर

जन एक्सप्रेस। मेरठ

भीम आर्मी भारत एकता मिशन के संस्थापक और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मंगलवार को मेरठ के मवाना में हुंकार भरी। यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 में 15 साल के सूखे को प्रदेश से खत्म कर दो! जूनियर हाई स्कूल के पास मैदान में आयोजित संविधान बचाओ सम्मेलन, स्वागत एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में भारी भीड़ को देखकर उन्होंने कहा, जो जनसैलाब मेरे साथ है, मैं अपने खून का आखिरी कतरा भी देकर समाज के इस कर्ज को




चुकाऊंगा। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि मेरठ को क्रांति की धरती कहा जाता है, इसलिए उन्होंने यही से बदलाव की शुरुआत करने का फैसला किया है। उन्होंने मंच से साफ कहा कि जहां हमारी समाज की बारातें रोकी जाती हैं, वहीं से परिवर्तन की शुरुआत होगी। उन्होंने कोतवाल धनसिंह गुर्जर और मातादीन वाल्मीकि जैसे क्रांतिकारियों का जिक्र करते हुए उनके योगदान को इतिहास से मिटाने की कोशिशों का विरोध किया और कोतवाल धनपाल सिंह गुर्जर को भारत रत्न देने की मांग की। साथ ही गुर्जर रेजिमेंट को बहाल करने की भी आवाज उठाई। भीम आर्मी प्रमुख ने अपने ऊपर 2017 में की गई कार्रवाई की याद दिलाते हुए कहा, आज ही के दिन मेरा एनकाउंटर कराने की कोशिश हुई थी। लेकिन आपके प्यार और समर्थन ने मेरे हाथ मज़बूत कर दिए। उन्होंने नौजवानों से कहा, कोई ताकत तुम्हें रोक नहीं सकती। स्वाभिमान की ज्वाला बड़े-बड़े सत्ताधारियों की तख्तें पलट देगी। उन्होंने यह भी कहा कि उनका जीवन लक्ष्य है, आपके जीवन की गरीबी और मजबूरी को खत्म करना। इस मौके पर बड़ी संख्या में समर्थक, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के तबादलों में भी माइनस मार्किंग, जारी किए गए निर्देश व भारांक

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों के वार्षिक तबादला नीति के तहत ऑनलाइन प्रक्रिया के लिए शासन ने निर्देश जारी किए हैं। इसमें शिक्षकों के तबादले के लिए भारांक जारी करने के साथ ही माइनस मार्किंग को भी लागू किया गया है। लघु दंड पाने वाले शिक्षक के पांच नंबर और पिछले तीन साल में वृहद दंड पाने पर 10 नंबर काटे (नकारात्मक) जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव उमेश चंद्र की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि उन्हीं विद्यालयों में रिक्तियां प्रदर्शित की जाएंगी, जहां पर तीन या तीन से कम सहायक अध्यापक हैं। इंटर स्तर के विद्यालयों में तीन सहायक अध्यापक व तीन प्रवक्ता से कम शिक्षक कार्यरत हैं। इससे अधिक होने पर रिक्तियां नहीं दिखाई जाएंगी। हालांकि, आकांक्षी जिलों में सभी रिक्तियां प्रदर्शित की जाएंगी। तबादले ऑनलाइन आवेदन से होंगे। इच्छुक शिक्षक खाली पदों के लिए 10 विद्यालयों की वरीयता दे सकेंगे। 31 मार्च 2022 के बाद नियुक्त शिक्षक ऑनलाइन तबादले के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे। राजकीय बालिका इंटर व हाईस्कूल के लिए केवल महिला अच्यर्थी ही आवेदन कर सकेंगी। एक पद आवेदकों का गुणांक समान होने पर अधिकतम आयु वाले को वरीयता मिलेगी।

# हेलो, मैं पुष्कर सिंह धामी बोल रहा हूं, सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से सीएम धामी ने की फोन पर बात

जन एक्सप्रेस। देहरादून

- सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ताओं से पूछा आपका काम हुआ कि नहीं?
- सीएम हेल्पलाइन की सक्रियता जांचने के क्रम में सीएम ने शिकायतकर्ताओं से की बातचीत
- सीएम ने पिछली बैठक में विभागों के लिए तय की थी डेडलाइन, अब सभी शिकायतों का समाधान हुआ



हेलो,मैं पुष्कर सिंह धामी बोल रहा हूं। उत्तराखंड के किसी आम नागरिक को सहजता से इन शब्दों पर भरोसा नहीं होगा। परन्तु यह सौ फीसदी सच उस समय हो गया,जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम हेल्पलाइन 1905 पर दर्ज होने वाली शिकायतों पर विभाग कितनी तत्परता से काम कर रहे हैं, यह जांचने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कई शिकायतकर्ताओं से सीधे फोन कर फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गत दिनों सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की थी। इसमें कुछ प्रकरण ऐसे थे, जिनमें मुख्यमंत्री ने विभागों को तय समय सीमा के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए थे। इन्हीं प्रकरणों में विभागों के स्तर से क्या कार्रवाई की गई, यह जानने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कई शिकायतकर्ताओं से बातचीत की। पहले मामले में उत्तरकाशी निवासी लक्ष्मी देवी ने शिक्षा विभाग से पारिवारिक पेंशन नहीं लग पाने की शिकायत की थी। सीएम से बातचीत में उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के पिछले दिशा-निर्देश के बाद विभाग ने उनकी पारिवारिक पेंशन स्वीकृत कर दी है। इसी तरह रुद्रप्रयाग निवासी जगदम्बा प्रसाद नौटियाल ने शिक्षा विभाग से मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं हो पाने की शिकायत की थी। उन्होंने भी सीएम पुष्कर सिंह धामी को बताया कि मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद लंबित बिलों का भुगतान हो गया है। इसी तरह उद्यान विभाग से रिटायर्ड नैनीताल निवासी बहादुर सिंह बिष्ट ने भी सीएम पुष्कर सिंह धामी को बताया कि सीएम के गत दिशा-निर्देशों के क्रम में विभाग ने उनका जीपीएफ का भुगतान कर लिया है। सभी शिकायतकर्ताओं ने इसके लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी.अंशुमन, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।

### सीएम ने दिखाई संवेदनशीलता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी न सिर्फ सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज होने वाली शिकायतों की समीक्षा कर रहे हैं, बल्कि वह बैठकों के बाद होने वाली कार्रवाई पर भी संवेदनशीलता के साथ नजर बनाए हुए हैं। इसी क्रम में सीएम अब पुनः शिकायतकर्ताओं से वास्तविक फीडबैक ले रहे हैं। इससे विभागों पर भी शिकायतों के निस्तारण में तन्परता दिखाने का दबाव बन रहा है।

# डीसी मनरेगा की कदौरा बीडीओ से जुगलबंदी मनरेगा मजदूरों पर कुठाराघात करने में जुटी

जन एक्सप्रेस । शत्रुघ्न सिंह 'बादशाह'

- कब तक चलेगा मनरेगा में फर्जीबाड़े का खेल, जिम्मेदार मौन

**उरई।** डीसी मनरेगा कदौरा बीडीओ के कथित भ्रष्ट कारनामों के दाग धुलने के साथ ही उन्हें ग्लोरिफाई करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। फिर चाहे मनरेगा मजदूरों के हितों को तार-तार कर मनरेगा योजना को कार्य मशीनरी से कराये जाने का मामला हो या फिर खेतों की मेड़बंदी व समतलीकरण के नाम पर फर्जीबाड़ा हो। इस बारे में उनके कार्यालय के कर्मचारी यह कहते सुने जाते हैं कि साहब अपने कक्ष में ही बैठकर मनरेगा योजना की मॉनीटरिंग करने में विश्वास ज्यादा रखते हैं। वैसे भी ग्रामीणांचल के भ्रमण में धूल व धक्कड़ के साथ ही गर्मी का पारा 45 डिग्री को पार करता नजर आ रहा है। लिहाजा मौसम के मिजाज को देखते हुये उन्हें अपनी सेहत का भी ध्यान रखना होता।

पिछले कुछ दिनों से कदौरा विकासखंड के अनेकों गांवों में मनरेगा योजना की हकीकत को दर्शाते हुये लगातार खबरों का प्रकाशन होने के बाद डीसी मनरेगा ने अपने चहेते कदौरा बीडीओ के कृत्यों पर कार्यवाही करना तो दूर की बात बल्कि उनका संरक्षण करते नजर आये। इसके पीछे का रहस्य भी बड़ा गूढ़ बना हुआ है। ऐसा नहीं कि मनरेगा योजना में कदौरा विकासखंड में चल रहे फर्जीबाड़े का संज्ञान न लिया गया हो जिला प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेकर जनपद के सभी नौ विकासखंड में मनरेगा योजना में कराये जा रहे कार्यों की निगरानी के लिये तीन नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी थी उक्त आशय का एक पत्र मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जारी किया गया था। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी किसी भी विकासखंड के नोडल अधिकारी ने एक भी विकासखंड के किसी गांव में जाकर हकीकत जानने का प्रयास नहीं किया। फिर रही सही कसर डीसी मनरेगा में तब पूरी कर दी जब उन्होंने डकोर विकासखंड के दो टीए जो उनके ही खास बताये जाते हैं उनको कदौरा विकासखंड में अटैच करने का फरमान सुना दिया। जबकि एक टीए के किसी भी दूसरे विकासखंड में भेजने पर न्यायालय ने रोक लगा रखी है। इस तरह से उन्होंने कोर्ट के आदेश की भी अवहेलना कर डाली। इस संबंध में ग्रामीणों की मानें तो उनका कहना था कि वह हर रोज डीसी मनरेगा से अपने गांवों में चल रहे कथित मनरेगा कार्यों की जमीनी हकीकत से परिपूर्ण जानकारी देकर शिकायत भी दर्ज कराने से नहीं चूकते हैं। इसके बाद भी डीसी मनरेगा ने अपने कक्ष से बाहर निकलने को तैयार नहीं हुये। जबकि इसी हीट मौसम में मनरेगा योजना में अच्छी संख्या में मनरेगा मजदूरों को काम देने के नाम पर कागजी आंकड़ेबाजी का खेला खुलेआम चल रहा है। ऐसी स्थिति में सहज की अंदाजा लगाया जा सकता है कि केंद्र सरकार ने जिस मंशा के साथ मनरेगा योजना को तैयार कर गांव के मजदूरों को उनके ही गांवों में रोजगार देने का खाका बनाया था डीसी मनरेगा अपने चहेते बीडीओ के साथ मिलकर उसे ही तार-तार करने में लगाये बताये जा रहे हैं। ऐसा विभागीय सूत्रों का मानना है। फिलहाल तो प्रदेश में राम राज्य लाने की परिकल्पना में डीसी मनरेगा ही नहीं बीडीओ कदौरा की जुगलबंदी मजदूरों के हितों पर कुठाराघात करने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है।

# कॉंग्रेसियों ने मनाई भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिला कॉंग्रेस समिति ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गांधी की पुण्यतिथि ग्राम पंचायत खरसेड़ा में मनाई। कौंग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया। साथ ही चैपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट ने बताया कि पूर्व प्रधानंत्री राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री रहते हुए संचार क्रांति, 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का अधिकार, पंचायती राज आदि महत्वपूर्ण कार्य किए। कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत गांव-गांव पहुंचकर नए सिरे से कौंग्रेस के संगठन को मजबूत करना है। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। कहा कि लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए कौंग्रेस पार्टी का मजबूत होना जरूरी है। पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि राजीव गांधी ने अपने त्याग परिश्रम के बल पर देश को आगे ले जाने का काम किया था, उन्होंने गरीब, मजदूर और नौजवानों के लिए बहुत से कार्य किए। पंचायती राज व्यवस्था लागू कर सभी की ग्राम पंचायत में भागीदारी सुनिश्चित कराई। संकल्प लिया कि सभी लोग एकजुट होकर कौंग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करेंगे और पार्टी का संगठन गांव-गांव में खड़ा करेंगे। पूर्व प्रधान रामकृपाल ने कहा कि राजीव गांधी ने दलित, वंचित व मजदूर के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके द्वारा किए गए कार्यों को आम जनता को बताना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कहा कि सभी लोग संकल्प लेकर कौंग्रेस पार्टी को मजबूत करने का काम करें। इस मौके पर अवधेश करवरिया, विजयमणि त्रिपाठी, महेंद्र सिंह, दिनेश कुमार, राजेश, रामभवन, पप्पू, मातादीन, रामबाबू, छोटेलाल, जयचंद्र, राजवती, मीरा देवी, सीमा, शिवानंद सिंह, रामानंद सिंह, माया देवी, कौशल्या देवी, सुमित्रा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने करोड़ों की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

- 1.48 करोड़ से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । उरई



प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने उरई विकास प्राधिकरण द्वारा वित्तीय वर्ष में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी भवन में लोकार्पण किया। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि योगी सरकार सबका साथ, सबका विकास की भावना से प्रदेश के हर क्षेत्र में समान रूप से विकास कार्य करा रही है और यह लोकार्पण उसी का उदाहरण है। इस अवसर पर उन्होंने ने कुल 1.48 करोड़ से अधिक की लागत वाली कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। 39.42 लाख की लागत से राठ-अजनारी लिंक रोड से अजय यादव के घर होते हुए बलवीर सिंह सेंगर, इन्द्रा नगर तक सीसी रोड एवं नाली का निर्माण। 24.07 लाख की लागत से धर्मा पैलेस के पास से रामेश्वर गुबरेले और प्रभा श्रीवास्तव के मकान तक लगभग 215 मीटर सीसी रोड व नाली निर्माण। 16.51 लाख की लागत से कालपी रोड पर चौरासी मोड़ से रीना सिंह के मकान तक सीसी रोड और नाली निर्माण। 11.37 लाख की लागत से झांसी-कानपुर रोड एनएच-25 से श्रीकांत तिवारी के मकान होते हुए गिरजा शंकर के मकान तक सीसी रोड निर्माण। 9.68 लाख की लागत से वार्ड नंबर 9 इखलासपुरा बाईपास से संजीव चंसौलिया के मकान तक सीसी रोड का निर्माण। इसके अतिरिक्त 47.21 लाख की लागत से एनआईसी गेट से ऑफीसर कॉलोनी धर्मा पैलेस होते हुए जालौन-चुर्खी बाईपास तक सड़क के दोनों ओर जिग जैग क्रम में सिंगल आर्म स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का भी लोकार्पण करते हुए स्विच ऑन कर संचालन प्रारंभ किया गया।कार्यक्रम में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, डीएम राजेश कुमार पांडेय, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, एडीएम संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि आरपी निरंजन, जल शक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग में लापरवाही पर 2 संविदा कर्मचारियों पर गिरी गाज, हटाने की प्रक्रिया शुरू

**जन एक्सप्रेस/उरई।** बिजली विभाग में लगातार लापरवाही बरतने वाले 2 संविदा कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए अधीक्षण अभियंता नंदलाल ने उन्हें हटाने के लिए संबंधित कंपनी को पत्र भेजा है। इसमें प्रमुख रूप से उदय प्रताप और वीर सिंह के नाम शामिल हैं, जिनके खिलाफ एसडीओ द्वारा अधीक्षण अभियंता को शिकायत भेजी गई थी। शिकायत में कहा गया था कि दोनों कर्मचारी अपने कार्यों के प्रति गंभीर नहीं हैं और विभागीय निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। गर्मी से पहले ट्रांसफार्मर के आसपास सफाई, जर्जर तारों को हटाने और अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिससे बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हुई है। राजस्व वसूली में भी अनियमितता सामने आई है और कई बार कहने के बावजूद तय कार्यों को नजर अंदाज किया गया। इस संबंध में पहले भी कई बार शिकायतें मिल चुकी थी। अधीक्षण अभियंता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों कर्मचारियों को हटाने और उनके स्थान पर नए कर्मचारियों की तैनाती के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही नए संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी और दोषी कर्मचारियों को हटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

# वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर प्राधिकरण सचिव ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्य योजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशानुसार बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव वर्णिका शुक्ला ने विनायकपुर स्थित वृद्धाआश्रम निरीक्षण किया। वृद्धाश्रम में उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए वृद्धजनों से समस्याओं की जानकारी ली तथा सम्बन्धितों को सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण सचिव ने कार्यालय में अनुरक्षित स्टाक रजिस्टर की जांच की। साथ ही स्टाफ पत्रिका में दर्ज सामग्री एवं उपलब्ध सामग्री में भिन्नता पायी गयी। इसके अतिरिक्त वृद्धाश्रम रजिस्टर में निरीक्षण के दौरान प्रविष्टियां शून्य पायी गयी। इस दौरान वृद्धाश्रम में लगे हुये दो फीजरों में से एक सही एवं एक खराब पाया गया। इस पर उन्होंने प्रबन्धक को सुधार के लिए निर्देशित किया। प्राधिकरण सचिव ने वृद्धाश्रम में संवासित वृद्धजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस पर वृद्धजनों ने सीनियर सिटीजन कार्ड न होने, अस्वस्थ होने पर उपचार के साधन उपलब्ध न होने, गर्मियों के दृष्टिगत पुराने कूलर सहित अन्य समस्याएं बताईं। इस पर प्राधिकरण सचिव ने प्रबंधक को व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया।

## बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दूसरा घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि मृत बाइक सवार युवक हेलमेट नहीं लगाए था। सिरसाकलार थाना क्षेत्र के लहर कनार गांव निवासी विनय कुमार (18) किसी काम से कुठौंद आए थे। दोपहर को वह घर लौट रहे थे। जैसे ही उसकी बाइक थाना क्षेत्र के नवासी श्रमदान के पास पहुंची कि सामने से आ रहे थाना क्षेत्र के हरसिंगपुर गांव निवासी लालमन पाल उर्फ़ लल्लू (36) की बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लालमन पाल का एक पैर कट गया, जबकि विनय कुमार के सीने में हैंडल जा घुसा। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से विनय की नाजुक हालत होने पर उसे झांसी रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह दो भाइयों में छोटा था। पिता दौलत बाहर रहकर कंपनी में काम करते हैं। उसकी मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हुई है। बाइकों को कब्जे में ले लिया गया है।

## शिकायतों का फर्जी निस्तारण, चार माह में 10 स्थान गिरी रैंकिंग

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जिले में आईजीआरएस की शिकायतों का फर्जी निस्तारण किया जा रहा है। अधिकारियों को इसकी जानकारी है, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। नतीजतन जिले की रैंकिंग सुधरने के बजाय खराब होती जा रही है। जनवरी में जिले की रैंकिंग 13 थी, फरवरी में 15 पर पहुंच गई, तो मार्च में 19 हो गई। अप्रैल में गिर कर 23वें स्थान पर पहुंच गई है। इस तरह चार माह में 10 स्थान रैंकिंग गिर गई है। यदि मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण किया जाए तभी रैंकिंग में सुधार हो सकता है।

# 330 पॉलिटेक्निक विद्यार्थियों को वितरित किए गए टैबलेट

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ और राजकीय पॉलिटेक्निक मानिकपुर में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण के तहत प्रथम वर्ष के 330 विद्यार्थियों को टैबलेट का वितरण किया गया।

स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत बुधवार को शैक्षिक सत्र 2024-25 में प्रवेश लेने वाले 330 नए विद्यार्थियों को टैबलेट का वितरण किया गया। जिसमें राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ में 226 विद्यार्थियों में से 157 तथा राजकीय पॉलिटेक्निक मानिकपुर के 217 विद्यार्थियों में से 173 विद्यार्थियों को टैबलेट का वितरण किया गया। ई-केवाईसी वेरिफिकेशन न होने के कारण शेष विद्यार्थियों को द्वितीय फेज में टैबलेट का वितरण किया जाएगा।

राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ के प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत प्राप्त टैबलेट का प्रयोग विद्यार्थी विभिन्न विषयों के पठन-पाठन में करेंगे। बताया कि विद्यार्थियों को संस्था द्वारा फ्री वाई-फाई भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे विद्यार्थी अतिरिक्त समय में वीडियो लेक्चर्स सहित अन्य तकनीकों का भी अध्ययन कर सकेंगे। कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा टैबलेट वितरण का निर्णय विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अत्यंत सहायक है।

# दहेज हत्या मामले में वांछित दस हजार का इनामिया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उरई



सिरसा कलार थानाध्यक्ष को एक बार फिर बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसमें उन्होंने मुखबिर की सूचना पर लंबे समय से दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे दस हजार के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम खितौली निवासी पतारे सिंह दोहरे पुत्र ठाकुरी दोहरे ने 18 नवंबर 24 को थाने में शिकायती पत्र दिया था। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया था कि उसने अपनी पुत्री रागनी की शादी हैसियत अनुसार दान दहेज देकर हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न की थी। शादी के बाद से ही पुत्री के ससुराल वाले उस बाइक व एक लाख रुपए की मांग करने लगे। आरोप था कि अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर पुत्री के साथ मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं बल्कि बाहर रह रहे जेठ संतोष व फूल सिंह के द्वारा पीड़ित के दामाद से कहा गया कि इसे जान से मार दो। बताया कि 15 नवम्बर 24 को पीड़ित की पुत्री के साथ ससुरालयों ने मारपीट कर उसकी हत्या कर दी और साक्ष्यों को मिटाने के प्रयास में शव को फांसी के फंदे पर लटका दिया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी जेठ की तलाश शुरू कर दी थी। जो लंबे समय से फरार चल रहा था, बल्कि उस पर 10 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था और पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई थी। बुधवार को थानाध्यक्ष राजीव कुमार वैश्य ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस बल के साथ दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया।

# कुरुक्षेत्र में स्थित है विश्व का एकमात्र भगवान ब्रह्मा का मंदिर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



विश्व के एकमात्र भगवान ब्रह्मा सिद्धपीठ कुरुक्षेत्र के संस्थापक स्वामी शक्तिदेव ओंकार महराज ने बताया कि माता ब्रह्माणी और माता गायत्री के साथ भगवान ब्रह्मा का एकमात्र मंदिर कुरुक्षेत्र में स्थापित है।

स्वामी शक्तिदेव ओंकार महराज ने बताया कि कुरुक्षेत्र में स्थापित विश्व के एकमात्र ब्रह्मा सिद्धपीठ मंदिर की आधारशिला एक अक्टूबर 2000 (विक्रम संवत 2057) को रखी गयी थी। बताया कि सृष्टि रचना के बाद भगवान ब्रह्मा ने पुष्कर में यज्ञ किया और पूर्णाहुति के लिए माता ब्रह्माणी को बुलाने के लिए नारद ऋषि को भेजा। माता के आने में विलम्ब होने के कारण सभी ऋषियों के कहने पर भगवान ब्रह्मा ने माता गायत्री के साथ पाणीग्रहण संस्कार कर पूर्णाहुति देकर यज्ञ सम्पूर्ण किया। यह देख कर माता अप्रसन्न हो गई और भगवान ब्रह्मा को सम्पूर्ण लोक में अपूज्य होने और पृथ्वी में उनका मंदिर न बनने का श्राप दे दिया तथा स्वयं दूर रत्नागिरी पर्वत पर जाकर तपस्यारत हो गयी। इसी श्राप के कारण पुष्कर में भगवान ब्रह्मा पूजित नहीं है। बताया कि देवों की सर्वोच्च अधिष्ठात्री ओंकार शक्ति स्वयंभू महामाया माँ आदिशक्ति के बिना कोई भी शक्ति श्राप को मुक्त नहीं कर सकती। बताया कि हृदय में ओंकार शक्ति का प्रकाश होने पर भगवान ब्रह्मा का मंदिर सपरिवार स्थापित किया गया। भगवान ब्रह्मा कलियुग में अपने भक्तों का उद्धार करेंगे। बताया कि कार्तिक मास की पूर्णिमा को भगवान ब्रह्मा रथयात्रा निकाली जाती है। इस दिन रथ को सभी भक्तगण अपने हाथों से खिंचकर पैदल ही पुरे कुरुक्षेत्र की परिक्रमा करते हैं।

## अपर एसपी ने आकस्मिक निरीक्षण कर लिया थानों की व्यवस्थाओं का जायजा

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने बुधवार को थाना रैपुरा, मऊ, बरगढ़, सरधुवा और राजापुर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही आवश्यक सुधार के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। अपर एसपी ने थाना परिसर, महिला हेल्पडेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना व हवालात का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक सुधार के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद, प्रभारी निरीक्षक मऊ दुर्गविजय सिंह, प्रभारी निरीक्षक रैपुरा विनोद कुमार शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ शिवआसरे, थानाध्यक्ष सरधुवा राम सिंह, थानाध्यक्ष राजापुर प्रवीण सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# दो भाइयों को लगा करंट, एक की मौत दूसरा झुलसा

जन एक्सप्रेस । उरई

रामपुरा थाना क्षेत्र के पचोखरा में बुधवार की सुबह फ्रीजर के तार लगाते समय दो भाई करंट की चपेट में आ गए। हादसे में बड़े भाई की मौत हो गई, जबकि छोटे का उपचार चल रहा है।

रामपुरा के ग्राम पचोखरा निवासी बबलू 20 वर्ष पुत्र रामबाबू निराला बुधवार की सुबह कुल्फी रखने वाले फ्रीजर के तार बिजली के बोर्ड में लगा रहा था। तभी अचानक उसे करंट लग गया और वह उस में चिपक गया। छोटे भाई को बिजली के बोर्ड से चिपका देख, मौके पर बबलू का बड़ा भाई दिग्विजय प्रताप 25 वर्ष उसे बचाने का प्रयास करने लगा। नंगे पैर होने के कारण वह भी करंट की चपेट में आ गया और दोनों भाई जमीन पर गिरकर अचेत हो गए। घटना से परिजनों में हड़कंप मच गया और उन्होंने दोनों पुत्रों को ग्रामीणों की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां पर डॉ. ने जांच पड़ताल के बाद बड़े भाई दिग्विजय को मृत घोषित कर दिया, जबकि छोटे भाई का उपचार शुरू कर दिया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक चार भाई है, जिसमें मृतक तीसरे नंबर का था। मृतक की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व खकसीस निवासी नेहा से हुई थी और वह कुल्फी का काम करता था। मृतक अपने पीछे एक बच्ची राधिका करीब डेढ़ वर्ष छोड़ गया है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । उरई




सिचाई विभाग सुयंक्त कर्मचारी संघर्ष समिति द्वारा बेतवा नहर प्रखंड कार्यालय परिसर में सिचांई एवं जल संसाधन विभाग में प्रदेश के बड़ी संख्या में अनेकों उपयोगी पदों को अनुपयोगी बताते हुए समाप्त किये जाने का निर्णय लिया जा रहा है। इसके विरोध में बुधवार को सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष रामजी दांतरे के नेतृत्व में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसान एवं कर्मचारी विरोधी है जिसका प्रभावी विरोध किये जाने के लिए सिचाई एवं जल संसाधन विभाग के समस्त मान्यता प्राप्त संघों द्वारा सिचाई विभाग संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश का गठन किया गया है। जिसमें चरणबद्ध बुधवार व बृहस्पतिवार को वेतवा नहर व नलकूप के कार्यालय व क्षेत्र में रहकर काली प?ट्टी बान्धकर विरोध प्रदर्शन किया व चेतावनी दी इस आदेश को वापिस नही लिया गया, तो सड़क से लेकर विधानसभा तक आन्दोलन जारी किया जाएगा। इस दौरान संयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के सदस्य बालकराम डीआरओ व श्याम मोहन डीआरओ, अमित तिवारी, चन्द्रशेखर जिलेदार, गुलाब सिंह चतुर्थ श्रेणी अध्यक्ष, नरेश, संदीप, संजीव यादव, संतोष, बृजेन्द्र पस्तौर, दीपेन्द्र, राजेश चौबे, शिवाधार, ज्ञान सिंह, चंद्रशेखर, कमलेश गौतम, हरगोविन्द, होश प्रकाश, अनिल कुमार, रवि शुक्ला, अजय जादौन, प्रयाग नारायण, सौरभ शुक्ल आदि समस्त सिंचाई विभाग के कर्मचारी शामिल रहे।



**मौलिक अधिकारों के विस्तार में सुप्रीम...**

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई ने बुधवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मौलिक अधिकारों के दायरे को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है और इसका 75 साल का सफर भारतीय संविधान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सूचना... पढ़ें पेज 12 पर...

# दिव्यांग शिक्षण संस्थानों में संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करें : योगी

## मुख्यमंत्री ने कहा, बाहरी संगठनों को अनुमति देने से पहले गहन जांच अनिवार्य, छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि

- दिव्यांग छात्रों को दिग्भ्रमित करने की कोशिशों पर सख्त नजर, मुख्यमंत्री ने दिए सतर्कता के निर्देश
- अराजक संगठनों की गतिविधियों से सुरक्षा के लिए सभी विद्यालयों व केंद्रों का व्यापक निरीक्षण कराने के निर्देश
- दिव्यांग पेंशन योजना की पहुँच में पारदर्शिता और पूर्णता सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिव्यांग युवाओं के लिए संचालित शैक्षिक संस्थानों में प्रशासनिक तंत्र को संवेदनशील, सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता पर बल दिया है। बुधवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गतिविधियों की ओर प्रवृत्त करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। ऐसी प्रवृत्तियों के प्रति हमें पूर्णतः सतर्क रहते हुए विद्यार्थियों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के उपरांत ही उनकी अनुमति दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मानसिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों तथा 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का व्यापक निरीक्षण किया जाए। यहां अध्ययनरत बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए और जब तक नियमित नियुक्ति न हो, तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए। बैठक में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की योजनाओं, उपलब्धियों तथा कार्ययोजनाओं की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त कल्याणकारी योजनाएं पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुसज्जित हों तथा लक्षित लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से लाभ प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते आठ वर्षों में विभाग के बजट में दस गुना से अधिक वृद्धि की गई है, जो दिव्यांगजनों के प्रति सरकार की संवेदनशील प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में 11.04 लाख लाभार्थियों को ?1300 करोड़ की पेंशन राशि वितरित की गई है, जबकि कुष्ठरोग पीड़ित लगभग 12 हजार व्यक्तियों को 3000 प्रतिमाह की दर से सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्यस्तरीय अभियान चलाकर यह पता लगाया जाए कि किन पात्र व्यक्तियों को अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है, साथ ही जो अपात्र लाभ ले रहे हैं।

### वित्तीय वर्ष में 31 लाख से अधिक दिव्यांगजनों ने इस सुविधा का लाभ उठाया

बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि बीते वित्तीय वर्ष में 35,136 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, ब्रेल किट्स जैसे सहायक उपकरणों के लिए 28.93 करोड़ की सहायता दी गई है। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना के अंतर्गत 270 अन्यंत दिव्यांगजन को 2 लाख तक की मशीनें उपलब्ध कराई गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रदेश के लाभार्थियों तक पूरी तन्परता से पहुँचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना में सांसदों और विधायकों से भी अपनी निधि से सहयोग देने का आग्रह किया जाए। दिव्यांगजनों को राज्य परिवहन निगम की बसों में नि:शुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में जानकारी दी गई कि बीते वित्तीय वर्ष में 31 लाख से अधिक दिव्यांगजनों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।

### मानसिक रूप से दिव्यांग 1390 बच्चों को आवश्यक प्रशिक्षण एवं शिक्षा दी जा रही

कोक्लियर इम्प्लांट योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना तभी प्रभावी हो सकती है, जब नवजात स्तर से ही उपचार प्रारम्भ हो। उन्होंने निर्देश दिए कि हाल ही में योजना से लाभान्वित 214 बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का फॉलोअप करते हुए उनके परिवारों से संवाद स्थापित किया जाए। शैक्षिक क्षेत्र की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि 25 जनपदों में स्थापित चाइल्ड डे केयर सेंटरों में दृष्टि, श्रवण एवं मानसिक रूप से दिव्यांग 1390 बच्चों को आवश्यक प्रशिक्षण एवं शिक्षा दी जा रही है। वर्तमान में राज्य में संचालित 16 विशेष विद्यालय, 07 समेकित विद्यालय एवं 05 मानसिक पुनर्वास केंद्रों के माध्यम से 1680 बच्चों को आवासीय शिक्षा प्रदान की जा रही है।

### कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लखनऊ स्थित 'डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय' तथा चित्रकूट स्थित 'जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय' में कौशल विकास आधारित पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जाए और इन संस्थानों का प्रचार-प्रसार राष्ट्रीय स्तर पर किया जाए ताकि देशभर के इच्छुक दिव्यांगजन इन संस्थानों से जुड़ सकें।

### 15 लाख दिव्यांगजन यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि अब तक प्रदेश में 15 लाख दिव्यांगजन यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं, जिनमें अधिकांश को यूनिक आईडी कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों' की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर की जाए ताकि पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकें।

# लखनऊ के चारों ओर चलेगी सर्कुलर ट्रेन, सेमी कंडक्टर चिप भी बनेंगी : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह




जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ। लखनऊ में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को प्रातः त्रिवेणी नगर में %वरिष्ठ नागरिक संवाद% कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। बता दें कि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम में बड़ी संख्या में 70 से 85 वर्ष के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे । क्षेत्रीय पार्षद मुन्ना मिश्रा ने व्यक्तिगत रूप से सभी का परिचय कराया। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आप सब वरिष्ठ लोगों को इतनी बड़ी संख्या में समक्ष देखकर बहुत ही अनुकूल संवेदना महसूस हो रही है। क्षेत्रवासियों से कैसे जीवंत संबंध बना कर रखना चाहिए आप लोग के बीच आकर महसूस किया है। वहीं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर उपस्थित सभी लोगों द्वारा हर्ष और गर्व की अनुभूति के साथ रक्षा मंत्री का हृदय से धन्यवाद व आभार प्रकट किया गया जिस पर रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी सेना ने जो अप्रतिम शोर्य का परिचय दिया उसकी जितनी भी सराहना की जाए वह कम है। मैंने स्वयं अपने सेना के जवानों के बीच जाकर ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए उन्हें बधाई दी और उनका आभार प्रकट किया। हमारे सैनिकों ने बड़ी बहादुरी और सूझबूझ के साथ पहलगाम का बदला लिया। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा चलाई गई सबसे बड़ी कार्रवाई है भारत ने पूरी दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ हम किसी भी हद तक जा सकते हैं। हमारे जवानों ने स्ट्राइक में पूरा सटीक वार किया जहां सिविलियन रहते थे और मिलिट्री के स्थान थे वहां स्ट्राइक नहीं किया। आम नागरिक को कोई भी हानि ना हो इसकी पुरी चिंता की। हमारे जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर में शानदार कामयाबी ली और इसके लिए मैं देश के प्रधानमंत्री मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं कि उनके निर्देशन में हमने ऑपरेशन को सफलतापूर्वक किया। लखनऊ में विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि लखनऊ में जितने विकास कार्य अभी हुए हैं उससे मैं संतुष्ट नहीं हूं। ऑपरेशन के दौरान आपने देखा ब्रह्मास्त्र ने कैसा करिश्मा किया है और उसी दौरान वर्चुअल रूप से मैंने लखनऊ में ब्रह्मोस् निर्माण इकाई का शुभारंभ किया।

### अब जल्द ही लखनऊ में ढाई हजार करोड़ के निवेश से सेमी कंडक्टर चिप भी बनेगी

लखनऊ रिंग रोड के बाद अब लखनऊ के चारों ओर सर्कुलर ट्रेन चलेगी। रेल मंत्री जी से मैंने इस संदर्भ में बात की और जल्द ही लखनऊ में सर्कुलर ट्रेन भी चलेगी। वहीं मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि त्रिवेणी नगर 60 फिटा रोड पर जय भोले बैंक्विट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉक्टर आलोक दीक्षित, डॉ जितेंद्र दीक्षित, राम सजीवन शुक्ला, जीडी शुक्ला, कैप्टन आर एन सचान, अरुण मिश्रा, आईजी पांडे , कृष्णानंद पांडेय, मनीष सिंह, संजय निगम और ओंकार सिंह ने क्षेत्र वासियों की ओर से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर धन्यवाद और आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में अपने जो निर्णायक भूमिका निभाई है उसके लिए आज पूरा देश आपको श्रद्धा के भाव से नमन कर रहा है।

# खाटू श्याम जा रहे लखनऊ के परिवार का एक्सीडेंट, मां और दो बेटों की मौत

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



राजस्थान के जयपुर ग्रामीण इलाके में खाटू श्याम मंदिर जा रहे लखनऊ के एक परिवार के लिए बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसा जानलेवा साबित हुआ। मनोहरपुर-दौसा हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक से कार की टक्कर में मां और उनके दो बेटों की मौके पर ही मौत हो गई,राहुल सरकारी नौकरी करते थे, जबकि पारुल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था।

जबकि परिवार की बहू और उसके दो छोटे बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जयपुर के निम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। वहीं एडिशनल एसपी ग्रामीण ट्रैफिक के अनुसार, लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र के हरदोईया बाजार निवासी यह परिवार स्विफ्ट कार से खाटू श्याम मंदिर जा रहा था। बुधवार सुबह मनोहरपुर-दौसा हाईवे पर यह दर्दनाक हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक ट्रक का अचानक दाहिना टायर फट गया, जिससे ट्रक सड़क पर घिसटता हुआ रुक गया। तभी सामने से आ रही कार उससे टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग अंदर फंस गए। आसपास के लोगों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। कार में सवार राहुल (36) पुत्र श्याम बाबू, उसका छोटा भाई पारुल (32) और मां ललिता देवी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पारुल कार चला रहा था। राहुल की पत्नी विद्या देवी (29), चार साल का बेटा सात्विक उर्फ कान्हा और रणजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत निम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

# पुलिस ने कंडक्टर को दबोचा ड्राइवर पहले ही पकड़ा जा चुका है

- बस में पांच लोग जिंदा जलने के मामले में आरोपी कंडक्टर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ में बस में जिंद जलने से हुई 5 लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने बस कंडक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। हरिकंशगढ़ी कट के पास से पकड़े गए कंडक्टर महेश सिंह को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। वह कुशहरा थाना केसरिया जिला मोतीहारी, बिहार का रहने वाला है। इससे पहले 18 मई को पुलिस ने बस ड्राइवर शंकर यादव को बिहार से गिरफ्तार किया था। घटना 15 मई की है। बेगूसराय, बिहार से दिल्ली जा रही बस नंबर यूपी 17 एटी 6372 में हरिकंशगढ़ी अंडरपास के पास किसान पथ पर सुबह 5 बजे आग लग गई थी। इस हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई थी। मृतकों में राम बालक महतो के 4 साल के बेटा देवराज और 2 साल की बेटी साक्षी शामिल हैं।इसके अलावा अशोक कुमार महतो की 60 वर्षीय पत्नी लखी देवी और 26 वर्षीय बेटी सोनी कुमारी की भी मौत हुई। एक इस हादसे में मधु सूदन भी जलकर मारा गया। बस में करीब 100 यात्री सवार थे और सभी का सामान जलकर नष्ट हो गया। वहीं मोहनलालगंज थाने में बस ड्राइवर और कंडक्टर के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। दोनों घटना के बाद फरार हो गए थे। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया था। अब दोनों आरोपी पुलिस की गिरफ्त में हैं।

# माल में छात्रा की मौत, दो घायल, बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर, परीक्षा देकर लौट रहे थे तीनों

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के माल थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब 10-40 एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अटारी के पास एक मोटरसाइकिल और ट्रैक्टर की टक्कर में एक छात्रा की मौत हो गई। दो अन्य छात्र घायल हो गए। बता दें कि तीनों छात्र परीक्षा देकर लौट रहे थे। मृतक की पहचान थावर निवासी कांति (22) पुत्र राम प्रसाद रविदास के रूप में हुई है। घायलों में बबलू गौतम (18) पुत्र राजू और अंकल गौतम (20) पुत्र छोटक्के गौतम शामिल हैं। घायल के परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल में भर्ती कराया गया। कांति की इलाज के दौरान मौत हो गई। अन्य दोनों छात्रों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। माल पुलिस मौके पर पहुंच गई है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मोबाइल बनवाने के विवाद में अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या, छह आरोपी हिरासत में

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन के माल थाना क्षेत्र अंतर्गत मवई खुर्द में मोबाइल फोन बनवाने के लिए दिए गए पैसे वापस न मिलने के विवाद में एक अधेड़ की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मंगलवार देर रात हुई इस घटना में मृतक की पहचान 55 वर्षीय राम किशन के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में छह लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कई आरोपियों को हिरासत में लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। बता दें कि जानकारी के अनुसार, राम किशन के बेटे दशरथ ने गांव के गुलफाम को अपना मोबाइल फोन बनवाने के लिए दिया था और साथ में 2000 रुपये भी दिए थे। आरोप है कि गुलफाम लगातार मोबाइल और पैसे वापस करने में टालमटोल कर रहा था, जिसको लेकर दोनों के बीच पूर्व में भी कई बार तीखी बहस हो चुकी थी। वहीं मंगलवार शाम दशरथ ने एक बार फिर गुलफाम से अपने पैसे और मोबाइल वापस मांगे, जिसके बाद रात में गुलफाम अपने कुछ साथियों के साथ दशरथ के घर पहुंचा और उस पर हमला कर दिया। दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गई। दशरथ को छह लोगों से पिटते देख उसके पिता राम किशन बीच-बचाव करने पहुंचे। इसी दौरान हमलावर युवकों ने राम किशन को ही अपना निशाना बना लिया और बुरी तरह पीटने लगे, जिससे कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों के इकट्ठा होने पर हमलावर युवक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने राम किशन को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (छ्राष्ट) पहुंचाया, जहां से उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। हालांकि, चिकित्सकों ने वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं माल थाना इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि राम किशन के दूसरे बेटे जसकरन की तहरीर के आधार पर गुलफाम, शानू, चुन्नी, मुनव्वर, गुठकी और आसिफ के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में कई संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। पुलिस इस पूरे प्रकरण की गहराई से जांच कर रही है।

# तिरंगे के साये में, गर्व से भरी एक यात्रा : योगेश शुक्ला

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- बीकेटी एयर फोर्स रोड से बीकेटी बाजार तक निकाली गई तिरंगा यात्रा

लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र में विधायक योगेश शुक्ला ने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ एयरफोर्स रोड से बाजार में श्रद्धेय अटल जी की प्रतिमा तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो की तादात में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा झंडा लेकर शामिलहुए। इस दौरान बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि यह केवल एक यात्रा नहीं थी, यह ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, भारत की सैन्य शक्ति और हर भारतीय के गर्व का उत्सव था। इस यात्रा में लखनऊ भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य सहित सैकड़ों देशभक्तों ने कदम से कदम मिलाया, यह दृश्य बता रहा था कि अब भारत रुकता नहीं, जवाब देता है। हर चेहरे पर जोश था, हर हाथ में तिरंगा और जुबान पर जय हिंद वंदे मातरम् के नारे लगाए गए।

# भाजपा पार्टी ने बीकेटी में जिला संगोष्ठी का किया आयोजन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- नोएडा विधायक पंकज सिंह हुए शामिल, भाजपा जिला अध्यक्ष बीकेटी विधायक समेत पार्टी के कई पदाधिकारी रहे मौजूद



भारतीय जनता पार्टी जिला लखनऊ द्वारा रानी अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत बख्शी का तालाब में जिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं विधायक नोएडा पंकज सिंह उपस्थित रहे। वहीं गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय मौर्य द्वारा की गई, गोष्ठी में उपस्थित प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पंकज सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन शौर्य,साधना, सेवा, समर्पण, संयम और सादगी का उदाहरण है उनकी शासन कला सामाजिक न्याय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और धार्मिक आस्था ने एक ऐसा मार्ग प्रशस्त किया जो हम सभी के लिए आज भी प्रेरणादाई है उनकी न्याय प्रियता प्रशासनिक क्षमता और धार्मिक सहिष्णुता ने उन्हें एक आदर्श शासक बनाया आगे उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों का सम्मान सुरक्षा प्रगति के अवसर देने वाली समरसता की दृष्टि उनके प्रशासन का आधार थी इन्हीं लोक कल्याणकारी कार्यों के कारण उन्हें लोकमाता कहा गया उनके शासनकाल में उन्होंने लगभग 80 से 100 ऐसे ज्ञात स्थान है जहां पर भवनों का निर्माण करवाया यह भारत को जोड़ने की दिशा में उनकी ओर से किया गया महत्वपूर्ण कार्य है वह यह भली-भांति जानती थी कि मंदिर सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र होते हैं इसीलिए उन्होंने अपने शासनकाल में बद्रीनाथ से रामेश्वरम तक और द्वारिका से लेकर पूरी तक आक्रमण कारियो द्वारा क्षतिग्रस्त मंदिरों का निर्माण कराया इन वृहद कार्यों के कारण ही उन्हें पुण्य श्लोक की उपाधि मिली उन्होंने आगे कहा कि एक प्रभावशाली शासक होने के साथ-साथ वह एक कुशल राजनीतिक भी थी उनका विश्वास अनावश्यक युद्ध में कभी नहीं रहा उन्होंने जब शासन व्यवस्था संभाली तब उनकी पूरी सेना के पास मात्र तीन बंदूके हुआ करती थी परंतु उन्होंने स्वयं अपने शस्त्रागरों का निर्माण प्रारंभ कर तोप खानों की स्थापना की उन्होंने 500 महिलाओं की एक सैनिक टुकड़ी का भी गठन किया तथा उन्हें युद्ध में प्रशिक्षित किया गोला बारूद संग्रह का कार्य भी उन्होंने महिला सेनानियों के जिम्मे कर दिया, आगे उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने अपने शासनकाल में महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष कार्य किया उनका मानना था कि राज्य की सुख समृद्धि तथा स्वालंबन का मूल आधार शिच्छा व कौशल है राज्य में स्त्री एवं पुरुष सभी को समान रूप से शिक्षा मिले इसलिए उन्होंने गुरुकुलों के सुचारू संचालन का भी पर्याप्त व्यवस्था की थी शिक्षा के साथ-साथ महिलाओं को स्वालंबी बनाने के लिए एवं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्होंने स्वयं सहायता समूह के द्वारा स्वालंबन का एक सफल प्रयोग किया उनके इसी प्रयोग का परिणाम था कि विश्व प्रसिद्ध महेश्वरी साड़ियां का व्यापार में महिलाएं बड़ी मात्रा में जुड़ी वे महिलाओं के अधिकारों को लेकर अत्यंत सजक थी उनके दरबार में महिलाओं को आने की पूरी स्वतंत्रता थी अपने शासनकाल में उन्होंने विधवाओं को संपत्ति रखने तथा उसके उपयोग का अधिकार दिया

उन्होंने उपस्थित प्रबुद्ध जनों से आग्रह किया कि ऐसी महान अहिल्याबाई होलकर का जीवन चरित्र समाज के प्रत्येक स्तर पर ले जाने के लिए हम सबको अपने स्तर से प्रयास करना चाहिए संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए कहा कि जहां हमारी सेना ने अपने सौर्य और पराक्रम से पाकिस्तान को धूल चटा दी वही हमारे देश की कुछ राजनीतिक पार्टियों विशेष कर कांग्रेस पार्टी यह जानने के प्रयास में लगी है कि हमारे कितने विमान क्षतिग्रस्त हुए और हमारा कितना नुकसान हुआ जबकि यह स्पष्ट है कि हमारे देश का कोई नुकसान नहीं हुआ,इस संगोष्ठी में विधायक बीकेटी योगेश शुक्ला, मोहनलालगंज विधायक अमरीश रावत, पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर, लखनऊ किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अतुल मिश्रा, विनय प्रताप सिंह, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश तिवारी, रामनिवास यादव,श्री कृष्ण लोधी, महिला मोर्चे की जिला अध्यक्ष अंजु रस्तोगी, प्रबुद्धजन, समेत जिले के पदाधिकारी मंडल के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस का सेवा संकल्प

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 'सेवा संकल्प दिवस' के रूप में विभिन्न जनसेवी कार्यक्रम आयोजित किए गए।गौरीगंज स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह में अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।और कार्यकर्ताओं को सेवा,समर्पण एवं जनकल्याण के संकल्प की प्रेरणा दी।कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण और दो मिनट के मौन के साथ हुई।उपस्थित जनसमूह राजीव तेरा बलिदान याद करेगा हिंदुस्तान जैसे नारों से गूंज उठा,जिससे वातावरण गहन भावनाओं और प्रेरणादायक ऊर्जा से भर गया।सभा में जिलेभर से आए कांग्रेस नेताओं,वरिष्ठ कार्यकर्ताओं युवाओं और आम नागरिकों ने भाग लिया।

सांसद किशोरी लाल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राजीव गांधी भारत को 21वीं सदी की ओर ले जाने वाले वह युगदृष्टा थे।जिन्होंने तकनीकी क्रांति पंचायती राज सशक्तिकरण और युवाओं को लोकतंत्र में भागीदारी दिलाने जैसे ऐतिहासिक कार्य किए।आज उनकी पुण्यतिथि केवल श्रद्धांजलि का दिन नहीं,बल्कि उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लेने का अवसर है।कार्यक्रम का संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने किया।उन्होंने बताया कि तिलोई,मुसाफिरखाना, जगदीशपुर,भादर, शाहगढ़,संग्रामपुर और बाजार शुक्ल सहित समस्त ब्लॉकों में श्रद्धांजलि सभाएं,रक्तदान शिविर,फल वितरण और भंडारे आयोजित किए गए। गौरीगंज कार्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में संचालित इस शिविर में दर्जनों यूनिट रक्त एकत्र किया गया।जो ज़रूरतमंद मरीजों के जीवन रक्षा हेतु उपयोग में लाया जाएगा।वहीं भंडारे में हज़ारों लोगों को भोजन कराया गया,जिसमें राहगीरों और आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप सिंघल,वरिष्ठ नेता बृजेश तिवारी,महिला कांग्रेस सहित संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भूमि की सार्वजनिक नीलामी 02 जून को

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी सदर रायबरेली प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि न्यायालय देय के बकायेदार जगरूप पुत्र रामऔतार निवासी चन्दईरघुनाथपुर परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली की भूमि की सार्वजनिक नीलामी 16 मई 2025 समय प्रातः 10:00 बजे तहसील परिसर स्थित नायब तहसीलदार नगर/नीलाम अधिकारी कक्ष में प्रस्तावित थी, जिसमें किसी भी व्यक्ति द्वारा प्रतिभाग न किये जाने के कारण नीलामी सम्पादित नही की जा सकी। इस प्रकार नीलामी की अग्रिम तिथि 02 जून 2025 पूर्व नियत की जाती है। निर्धारित तिथि व समय, स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी सम्बन्धी शर्ते संबंधित कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# बिजली कर्मियों की हड़ताल,18 घंटे ठप रही आपूर्ति, जनजीवन प्रभावित

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



जनपद में विद्युत विभाग के कर्मचारियों की 72 घंटे की हड़ताल से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सरकार द्वारा संविदा कर्मियों की छंटनी और 55 वर्ष की आयु सीमा निर्धारित करने के विरोध में लगभग 600 बिजली कर्मचारी मंगलवार सुबह से हड़ताल पर चले गए हैं।बिजली विभाग के कर्मचारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में बीते 24 घंटे से धरना दे रहे हैं।कर्मचारियों की अनुपस्थिति का सीधा असर जिले की विद्युत आपूर्ति पर पड़ा,जिससे मंगलवार को लगभग 18 घंटे तक बिजली पूरी तरह बाधित रही।इससे भीषण गर्मी में आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।प्रशासनिक अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद रात करीब दो बजे बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से बहाल की गई।अधीक्षण अभियंता रविकांत ने बताया कि जेई, एसडीओ और अधिशासी अभियंता मिलकर बिजली आपूर्ति को सामान्य करने का प्रयास कर रहे हैं।हालांकि जिले में बिजली कटौती को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है।जिससे लोगों में चिंता का माहौल है।गर्मी के मौसम में अचानक हुई लंबी बिजली कटौती ने न केवल घरों बल्कि अस्पतालों,दुकानों और कार्यालयों को भी प्रभावित किया।स्थानीय नागरिकों ने जल्द समाधान की मांग की है।और सरकार से हस्तक्षेप की अपेक्षा जताई है।

## समर कैम्प से बच्चों में होगा आत्म विश्वास, रचनात्मक एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों की भावना का विकास: धीरेन्द्र प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी**



प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत महानिदेशक स्कूली शिक्षा कंचन वर्मा के आदेशानुसार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी-अमेठी संजय तिवारी के निर्देशानुसार जनपद के समस्त कम्पोजिट विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 21मई से 10 जून 2025 तक चलने वाले समर कैम्प का शुभारम्भ हुआ।इसी क्रम में कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला, तिलोई में समर कैम्प का उद्घाटन मुख्य अतिथि मो अशरफ प्रधान प्रतिनिधि द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन एवं समर कैम्प संचालन कक्ष का फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कृष्ण बहादुर सिंह-पूर्व प्रवक्ता एवं अध्यक्षता धीरेन्द्र प्रताप सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी ने किया।एआर पी विनोद कुमार सिंह ने समर कैम्प के उद्देश्य एवं महत्व पर बच्चों को विस्तार से जानकारी प्रदान किया।प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया समर कैम्प के प्रथम सप्ताह में बच्चों में रचनात्मक,आत्म विश्वास,एवं जीवन कौशल विकास की भावना का विकास कराया जायेगा।द्वितीय सप्ताह में सांस्कृतिक समझ पर्यावरणीय जागरूकता एवं सामाजिक उत्तर दायित्वों के सम्वर्धन के सम्बन्ध में व तृतीय सप्ताह में शिक्षक विद्यार्थी एवं विद्यालय समुदाय सम्बन्धों को सशक्त बनाने हेतु गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में समझ का विकास किया जायेगा।समर कैम्प संचालक सुचित्रा सती एवं दिनेश कुमार वर्मा द्वारा बच्चों को कांपी, राडपेन,कलर,एवं चार्ट पेपर का वितरण किया गया।सुचित्रा सती द्वारा बच्चों को योग कराकर,कैरम बोर्ड भी खेलना सिखाया गया।बच्चों को मोमफली के दाने की चिक्की का भी वितरण किया गया।इस अवसर पर शिक्षिकाएं आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं गिरजा शंकर शर्मा सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी का आदेश हवा-हवाई, नहीं थम रही निजी स्कूलों की मनमानी

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



देश में नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सभी विद्यालयों में एनसीईआरटी और एससीईआरटी की पुस्तकें ही लागू हों,जिससे शिक्षा की गुणवत्ता और एकरूपता सुनिश्चित हो सके।लेकिन जनपद में यह महत्वाकांक्षी योजना कागजों तक सिमट कर रह गई है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के स्पष्ट आदेशों और सरकार की नीति के बावजूद अधिकांश निजी स्कूल प्राइवेट पब्लिशर्स की महंगी किताबें अभिभावकों पर थोप रहे हैं।जिससे अभिभावकों की जेब पर डाका डाला जा रहा है।और बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।देश की शीर्ष अदालतों ने भी इस विषय पर स्पष्ट आदेश दिए हैं।सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न उच्च न्यायालयों ने अपने आदेशों में यह कहा है कि विद्यालयों में अनावश्यक रूप से महंगी,भारी और अनधिकृत पुस्तकों को लागू करना न केवल शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है,बल्कि यह अभिभावकों का आर्थिक शोषण भी है।इसके बावजूद जनपद में यह धड़ल्ले से हो रहा है। अभिभावकों का कहना है कि उन्हें केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा चाहिए,न कि बाज़ार में बिकती ब्रांडेड किताबों का बोझ।बच्चे आठ-दस किताबों से लदे बैग लेकर स्कूल जा रहे हैं। जिनमें से कई किताबें विद्यालय में पढ़ाई ही नहीं जातीं।बस नाम भर के लिए होती हैं। शिक्षा विभाग की भूमिका केवल आदेशों तक सीमित रह गई है। न कोई नियमित निरीक्षण,न रिपोर्टिंग और न ही दोषी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई। ऐसे में आम जन पूछ रहा है कि क्या सरकार की मंशा में ही खोट है या अधिकारी उसकी नीतियों को जानबूझकर पलीता लगा रहे हैं?अब सवाल यह है कि जब देश की संसद,कोर्ट और सरकार एकमत होकर शिक्षा सुधार लाना चाह रही है !तो फिर स्थानीय शिक्षा तंत्र क्यों इस नेक काम में सबसे बड़ी रुकावट बन गया है?यदि इस दिशा में शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई,तो यह न केवल बच्चों के भविष्य को दांव पर लगाएगा,बल्कि योगी-मोदी सरकार की साख पर भी आघात करेगा।

इतना गंभीर मामला होने के बावजूद यह भी आश्चर्य का विषय है, कि जनप्रतिनिधि इस ओर आंखें मूंदे बैठे हैं।क्षेत्र के सांसद और विधायकों की उपस्थिति इन दिनों अधिकतर केवल शादी-विवाह,जन्मदिन पार्टियों और बड़े जुलूसों में देखी जा रही है।जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं।शानदार गाड़ियों के काफिलों के साथ पहुंचना,फोटोशूट कराना और फेसबुक पर लगातार सक्रिय रहना, यही प्राथमिकता बन गई है।किंतु शिक्षा व्यवस्था की गिरावट,निजी स्कूलों की लूट और बच्चों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ पर उनकी चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। क्या जनप्रतिनिधियों की भूमिका केवल दिखावे तक सीमित रह गई है? क्या अब यह मान लिया जाए कि जब जनता अशिक्षित और आर्थिक रूप से शोषित रहेगी,तभी उन्हें वोटों की राजनीति आसान होगी? यदि ऐसा नहीं है तो फिर उनसे यह भी अपेक्षा की जानी चाहिए कि वे जनता के बच्चों की शिक्षा और अधिकारों के लिए उतनी ही आवाज़ बुलंद करें जितनी वे अन्य मंचों पर करते हैं।प्रतिनिधियों की इस उदासीनता का एक और आयाम भी है,क्षेत्र के जन प्रतिनिधि जहाँ भी हैंडशेक पहले फोटोशूट और बड़ी गाड़ियों के दिखावे में पीछे नहीं रहते,वहीं अपने निर्वाचन क्षेत्र के स्कूलों में जाकर स्वयं निरीक्षण करना,यह देखने की जिम्मेदारी नहीं निभाते कि उनके नाम पर लायी गई नीति का पालन हो रहा है या नहीं। उन्हें जांचना चाहिए कि कौन-सी किताबें चल रही हैं,क्या सच में एनसीईआरटी एससीईआरटी का पाठ्यक्रम लागू है।और अभिभावकों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ से कैसे बचाया जा सकता है।यदि वे इस आधारभूत कर्तव्य पर ध्यान दें,तो न केवल उन्हें जनता की वास्तविक स्थिति का ज्ञान होगा,बल्कि उनकी छवि भी एक जिम्मेदार नेता के रूप में मजबूत होगी।

## मातृभूमि सेवा मिशन इकाई रायबरेली द्वारा दैनिक निशुल्क योग शिविर का अयोजन

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



किसी इंसान के जीवन में कृपा का तत्व होना बहुत जरूरी है। शांभवी मुद्रा ऐसी प्रक्रिया है जो एक खिड़की खोलने जैसी है ताकि हम कृपा को ग्रहण कर सकें।

असल में शांभवी मुद्रा आसन मेडिटेशन के दौरान किया जाता है जो कि मन और मस्तिष्क को शांत करने में कारगर भूमिका निभाता है। इस मुद्रा की खास बात यह है कि इसके तहत आपकी आंखें खुली रहती हैं, लेकिन फिर भी आप कुछ देख नहीं पाते। शाम्भवी महामुद्रा एक प्राचीन योगिक प्रथा है, जो ध्यान और आत्म-साक्षात्कार के लिए उपयोग की जाती है। यह मुद्रा शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाने में मदद करती है। पद्मासन या सुखासन में बैठ जाएं। आंखें बंद करें और भृकुटि के बीच में ध्यान केंद्रित करें।

शांभवी क्रिया करने की विधि

ध्यान के आसन में बैठें और अपनी पीठ सीधी रखें। आपके कंधे और हाथ बिलकुल ढीली अवस्था में होने चाहिए। इसके बाद हाथों को घुटनों पर चिंमुद्रा, ज्ञान मुद्रा या फिर योग मुद्रा में रखें। आप सामने की ओर किसी एक बिंदु पर दृष्टि एकाग्र करें। इसके बाद ऊपर देखने का प्रयास करें। ध्यान रखिए आपका सिर स्थिर रहे। इस बीच आप अपने विचारों को भी नियंत्रित करने की कोशिश करें। सिर्फ और सिर्फ ध्यान रखें। इस बीच कुछ न सोचें। शांभवी मुद्रा के दौरान आपकी पलकें झपनी नहीं चाहिए। इस आसन को शुरुआती दिनों में कुछ ही सेकेंड तक करें। यानी जैसे-जैसे आपकी ध्यान लगाने की और अपने विचारों पर नियंत्रण करने की क्षमता में विकास हो, वैसे वैसे इस आसन को करने के समय सीमा को बढ़ाते रहें। इसे आप अधिकतम 3 से 6 मिनट कर सकते हैं।

आध्यात्मिक लाभ

अगर आप शांभवी मुद्रा का अच्यास करते है, तो यह हमारे ॠद्धद्बह्रस्र श्च4द्द यानि आज्ञा चक्र को कम समय में खोलने का सबसे असरदार तरीका है। आप इस मुद्रा का कुछ दिनों तक अच्यास कर अपनी आज्ञा चक्र को सक्रिय कर सकते हैं। उक्त बाते जिलाध्यक्ष योगाचार्य बृजमोहन ने कहीं।

संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने जनपदवासियों से आग्रह किया है कि निःशुल्क योग शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोग प्रतिभाग करे। योग के माध्यम से ही मानव का जीवन सुखद और शरीर स्वस्थ रहता है, योग ही समाज में शांति की स्थापना करता है। योग प्रशिक्षिका सोनम गुप्ता ने योग शिविर में सूक्ष्म क्रियाएं, दौड़ योगिंग जॉगिंग ताड़ासन वृक्षासन मंडूकासन वज्रासन भुजंगासन चक्रासन त्रिकोण आसन, गोमुख आसन, सूर्य नमस्कार का सामूहिक अच्यास के साथ विश्व की शांति के लिए शांति पाठ कराया। योग शिविर में उपस्थित साधकः अनिका गुप्ता,राकेश यादव, राममिलन, दिनेश मिश्रा, गीता, माया देवी, कल्लूराम, पवन यादव, अजय मिश्रा, अनूप वर्मा, अतुल पांडेय, सौरभ गौतम, भानु प्रताप आदि लोग मौजूद रहे।

## वुडवर्क (काष्ठ कला) ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु करें ऑनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ओ0डी0ओ0पी0 प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत जनपद में वुडवर्क (काष्ठ कला) ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://diupmsme.upsdc.gov.in पर आमंत्रित किये जा रहे हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा आवेदक वुडवर्क के क्षेत्र में कार्य करता हो। चयन उपरांत लाभार्थी को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण तथा टूलकिट प्रदान किया जायेगा। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि योजनान्तर्गत पात्रता हेतु आवेदन करने की तिथि को प्रशिक्षार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षार्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। उन्होंने बताया कि आवेदक द्वारा केन्द्र तथा राज्य सरकार की किसी योजनान्तर्गत उन्पाद से सम्बन्धित टूलकिट का लाभ विगत 02 वर्षों में न प्राप्त किया हो।

# बिजली कटौती से नाराज महिलाएं पहुंची अधीक्षण अभियंता कार्यालय

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



जिले में जारी विद्युत संविदाकर्मियों की 72 घंटे की हड़ताल के कारण विद्युत आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई है।मंगलवार को गौरीगंज तहसील के रामनगर फीडर पर सुबह 11 बजे से बिजली आपूर्ति ठप है।जिससे भीषण गर्मी में आमजन विशेषकर महिलाएं परेशान हो गईं।इसी क्रम में किसान नेत्री रीता सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं ने लाठी-डंडों के साथ अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुँचकर जोरदार प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों ने एसडीओ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की।रीता सिंह ने बताया कि बिजली बहाल कराने को लेकर जब एसडीओ से संपर्क किया गया,तो उन्होंने महिलाओं को भ्रामक लोकेशन दी।महिलाएं जब बताए गए स्थान पर पहुँचीं तो एसडीओ वहाँ मौजूद नहीं थे।बाद में उन्हें सीओ कार्यालय में बैठे देखा गया।जिससे नाराजगी और बढ़ गई।प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं ने अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए एसडीओ के खिलाफ जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की।अधिकारियों ने बताया कि बिजली आपूर्ति फिलहाल बहाल कर दी गई है,लेकिन इसकी निरंतरता अभी भी संकट में बनी हुई है।बिजली की अनिश्चित आपूर्ति और प्रशासनिक लापरवाही से जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने स्थायी समाधान और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# एनएसपीएस त्रिपुला में शिक्षक कार्यशाला का आयोजन




**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षण दिया गया, कार्यशाला में उन्हें शिक्षण कौशल,कक्षा प्रबंधन एवं नवीन शिक्षण तकनीक की जानकारी दी गयी।

कायर्शाला में गणित शिक्षकों को ÷होलिस्टिक करिकुलम इम्प्लीमेंटेशन ऑन एसएसटी÷ विषय पर प्रशिक्षक मयूरिका सिंह एवं ÷ इफेक्टिव क्लासरूम मैनेजमेंट स्ट्रेटजीज ÷ विषय पर प्रशिक्षक शीश कुमार मिश्रा द्वारा व्याख्यान और नवीन तकनीक के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने बताया कि विद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा देने एवं शिक्षकों के शिक्षण कौशल को निखारने के लिए प्रति वर्ष ऐसी कार्यशालाओं का आयोजन करता है, जिससे उनके अध्यापन क्षमता व गुणवत्ता में उत्तरोत्तर प्रगति होती है।

इस अवसर पर संयोजिका संचिता त्रिवेदी, रुची मिश्रा, शिवकरन पाल, कफ़ील अहमद, रामदेव, अभिषेक मौर्या गिरीश श्रीवास्तव सहित एनएसजीआई की समस्त शाखाओं के शिक्षक कार्तिकेय सिंह, उमैर अहमद, प्रदीप शर्मा, कमल,श्रीवास्तव, प्रिय सिंह, दीपिका तिवारी, प्रियांशी गुप्ता, पायल श्रीवास्तव, स्वर्णाक्षी श्रीवास्तव, प्रज्ञात सिंह, मो. आदिल, शुभम कुमार, देवेंद्र सिंह, अंजली शुक्ल, प्रदीप शर्मा, अमिता द्विवेदी, प्रिया अग्रहरी, गरिमा अग्रवाल, भावना श्रीवास्तव, आदित्य मिश्रा, बाला प्रसाद, शिखा शुक्ल, रीना चौरसिया, निशी सिंह, राम प्रकाश, एकता श्रीवास्तव, पूजा जोशी, गरिमा वर्मा, सौम्या गुप्ता, नीलम गुप्ता, गरिमा सविता, विनय मिश्रा, अमित यादव, संतोष त्रिवेदी, माया देवी, सोनी पांडेय, राममिलन, मंजरी श्रीवास्तव, संकल्प, अनूप वर्मा, सोमेश कुमार, अलोक त्रिपाठी, वैशाली सिंह, पवन, दीपांश शर्मा, शिवानी, आदि उपस्थित रहे।

## 30 लाख ओबीसी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देकर स्थापित किया गया नया रिकॉर्ड

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उ0प्र0 सरकार ने अन्य पिछड़ा वर्ग को सशक्त बनाने और विकास की मुख्य धारा से जोडने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किये है. इस कड़ी में मा0 यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के प्रगतिशील मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विगत वर्षों में पिछड़ा वर्ग के विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना - पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की यह सबसे बड़ी योजना है, जिसके लिए 2024-25 में प्राप्त बजट 02 हजार, 475 करोड़ रुपये से लगभग 30 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति उपलब्ध करायी गयी, जो एक रिकार्ड है। वर्ष 2023-24 की तुलना में लगभग 05 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को लाभ प्राप्त हुआ है। इस योजना के तहत पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं को 2250 रुपये प्रति वर्ष एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं को चार श्रेणियों में क्रमशः 10 हजार, 20 हजार, 30 हजार एवं 50 हजार रुपये दिया जाता है।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



आधुनिक भारत के निर्माता, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर उन्हें याद किया गया।

इस मौके पर मा.सांसद अमेठी श्री के.एल.शर्मा जी ने कांग्रेस कार्यालय तिलक भवन में पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर गरीबों को भोजन वितरण किया और पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी जी के साथ काम करने को अपने जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण बताया, मा.सांसद जी ने कहा कि राजीव गांधी जी ने अपने जीवन में देश के उत्थान व विकास के सुदृणीकरण व सामाजिक संतुलन हेतु पंचायतीराज व्यवस्था में संशोधन करके तथा युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार देकर देश को नई गति व दिशा प्रदान की थी, इन सबके अलावा भी उनके द्वारा लिये गये अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों से भारत एक समृद्धिशाली राष्ट्र बना, मा.सांसद जी ने राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि राजीव गांधी जी की कुर्बानी को देश हमेशा याद रखेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि राजीव गांधी जी देश के सबसे कम उम्र के युवा प्रधानमंत्री थे, यही वजह थी की राजीव जी युवा शक्ति को पहचानते थे, सूचना तकनीकि और दूरसंचार क्रान्ति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री ने देश को विश्व मानचित्र पर एक आधुनिक और नई सोच के साथ पहचान दिलाई। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी एक साफ सुथरी छवि वाले राजनेता थे, उच्च शिक्षा प्राप्त राजीव जी ने देश के विकास के लिए नई योजनाये बनाई, भारत पश्चिम देशों से पीछे न रहे, इसलिए उन्होंने कम्प्यूटर पर विशेष जोर दिया, उस समय यह राजीव गांधी जी की दूरदर्शिता ही थी कि आज कम्प्यूटर से हटकर विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती है, जिसे उन्होंने दशकों पहले सम-हजय लिया था। नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी देश के महान सपूत थे, उन्होंने अपने अभूतपूर्व योगदान से भारत को 21वीं सदी में पहुंचा दिया, उनकी नेक दिली और सादगी को आज भी देश याद करता है। उक्त जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला पंचायत परिसर स्थित पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण, डा.मनीष सिंह चैहान द्वारा सिमहैंस हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर द्वारा तिलक भवन में गरीबों को भोजन वितरण एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता गुप्ता द्वारा लालगंज में शरबत वितरण किया गया, साथ ही ब्लाक सरेनी, ऊंचाहार, जगतपुर, रोहनियां, दीनशाहगौरा, राही, खीरो में शरबत वितरण कार्यक्रम, ब्लाक अमावां में विकलांग जनों को अंगवस्त्र वितरण, ब्लाक सतांव, हरचन्दपुर और महराजगंज में मरीजों को फल वितरण व ब्लाक बछरावां, शिवग-सजय़ में चैपाल लगाकर अपने प्रिय नेता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी को याद किया गया।



**पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पुण्य...**

बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री संचार क्रान्ति के जनक राजीव गांधी को उनके 34 वीं पुण्य तिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस नेताओं ने संकल्पो के साथ... ▶ शेष पेज 10 पर...

## फ्री क्रेडिट कार्ड का ऑफर देकर सेवानिवृत्त बैंककर्मी से 15.45 लाख ठगे



### साइबर ठगों से बचने के उपाय

- संदिग्ध लिंक, अनजान ईमेल या मैसेज पर क्लिक न करें।
- सुरक्षित वेबसाइट्स का इस्तेमाल करें।
- किसी ऑफर की जानकारी को आधिकारिक वेबसाइट पर क्रॉसचेक जरूर करें।
- किसी अज्ञात व्यक्ति के भेजे गए लिंक को क्लिक न करें, न ही कोई एप डाउनलोड करें।
- यूआरएल में ""https"" और ताले का निशान जांचें।

### यहां करें शिकायत

किसी भी तरह के साइबर अपराध का शिकार होने पर तन्काल पुलिस से शिकायत करें। स्थानीय थाने से लेकर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

साइबर ठग ने लाइफ टाइम फ्री क्रेडिट कार्ड का ऑफर देकर नवाबगंज निवासी सेवानिवृत्त बैंककर्मी से 15.45 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आजादनगर निवासी पीड़ित जितेंद्र पाल सिंह ने बताया कि 17 मई की देर रात उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक ऑफ इंडिया के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट में कार्यरत कर्मी बताया।

कहा कि बैंक ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए योजना शुरू की है जिसमें उन्हें लाइफ टाइम फ्री क्रेडिट कार्ड दिया जा रहा है। उन्हें सिर्फ भेजे गए लिंक पर क्लिक कर एप डाउनलोड कर जरूरी जानकारी साझा करनी होगी। झांसे में आए जितेंद्र ने एप डाउनलोड कर बैंक से संबंधित सारी जानकारियां भर दी। ऐसा करते ही उनके चार बैंक खातों से कई बार में 15.45 लाख रुपये कट गए। मैसेज आने पर उन्हें ठगी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने नवाबगंज थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर नवाबगंज दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। साइबर सेल की मदद से ठगों की तलाश की जा रही है।

> डेबिट कार्ड नंबर, क्रेडिट कार्ड नंबर, यूपीआई पिन सहित अन्य कोई भी पर्सनल जानकारी किसी को भी न दें। बैंक अपनी ओर से कॉल कर कभी इनकी जानकारी नहीं मांगता है। बैंक अपने ग्राहकों से पर्सनल जानकारी कभी नहीं पूछती है। अपने यूजरनेम, पासवर्ड या अन्य बैंक डिटेल खुद तक ही सीमित रखें।
>
> **सुनील वर्मा, साइबर थानाप्रभारी**

## ऑडिट टीम लाल इमली मिल पहुंची, जल्द मिलेगा वेतन

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

लाल इमली मिल के कर्मचारियों को अगले एक या दो दिन में बकाया भुगतान होना शुरू हो जाएगा। ऑडिट टीम शहर पहुंच चुकी है और उसने काम भी शुरू कर दिया है। वहीं, पंजाब स्थित धारीवाल मिल में ऑडिट प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कर्मियों का डाटा फीडिंग प्रक्रिया भी हो गई है। पूर्व में हुए वेतन घोटाला से सबक लेते हुए ऑडिट करने में सतर्कता बरती जा रही है। पिछली बार भुगतान में 52 लाख की गड़बड़ी सामने आई थी। दरअसल, कपड़ा मंत्रालय ने 87.42 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इसमें बीआईसी, लाल इमली, धारीवाल के कर्मचारियों को 36 महीने का बकाया भुगतान किया जाएगा। लाल इमली में कर्मचारियों-अफसरों की संख्या 175 ही रह गई है। पिछले साल 102 करोड़ रुपये के बजट से 34 महीने का बकाया भुगतान किया गया था। इसमें मिल के चार अफसरों ने मिलकर 52 लाख का घोटाला किया था। अपने परिचित के खातों में रकम भेज दी थी। कपड़ा मंत्रालय की ओर जारी रकम से एक अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2025 तक का वेतन भुगतान होगा।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष में शिवराजपुर ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई की अगुवाई में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




शिवराजपुर। शिवराजपुर ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई व बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर की अगवाई में विशाल तिरंगा यात्रा शिवराजपुर स्थित पावर ट्रैक ट्रैक्टर एजेंसी से काली माता मंदिर तक निकली गई। यह तिरंगा यात्रा हाल ही में पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी घटना के जवाब में भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के समर्थन में निकली गई थी। यात्रा की शुरुआत शिवराजपुर जीटी रोड स्थित पावर ट्रैक ट्रैक्टर एजेंसी से हुई। यह यात्रा काली मंदिर तक निकाली गई। तिरंगा यात्रा के दौरान मार्ग पर भारत माता की जय, वंदे मातरम और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे हाथों में तिरंगा लिए हुए लोग लगा रहे थे। तिरंगा यात्रा के समापन अवसर पर शिवराजपुर ब्लॉक प्रमुख शुभम वाजपेई ने उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी पर गर्व है। जिन्होंने पाकिस्तान द्वारा कराए गए आतंकी हमले का मुंह तोड़ जवाब दिया। जिसका जीता जागता उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर की सफलता है। हम सब को सतर्क रहने की आवश्यकता है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर पहलगाम आतंकी घटना का बदला लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सीमाएं इतनी मजबूत हो गई है कि कोई भी भारत की तरफ आंखें उठाने के लिए सौ बार विचार करेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैलाश कटिहार अध्यक्ष प्रतिनिधि, अनुराग शुक्ला, शिवम कटियार,साहुल मिश्रा, मन्नी पंडित, उत्कर्ष वाजपेई, गौरव अग्निहोत्री, अमित वर्मा, बिरजू मिश्रा, नीरज मिश्रा, आदि मौजूद रहे।

## ग्वालटोली में एलपीजी सिलिंडर और एनआरआई सिटी के जंगल में लगी आग

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

ग्वालटोली और नवाबगंज थानाक्षेत्र में बुधवार सुबह दो अलग-अलग जगह आग लग गई। दमकल कर्मियों ने दोनों ही जगह कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया। आग से किसी प्रकार का कोई खास नुकसान नहीं हुआ है। ग्वालटोली में चूड़ी वाली गली निवासी गुड्डू के घर पर एलपीजी सिलिंडर में आग लग गई। सिलिंडर में आग से दहशतजदा परिवार के लोग घर से बाहर भाग गए। 10ः18 बजे मिनी कंट्रोल रूम में मिली सूचना के आधार पर कर्नलगंज फायर स्टेशन से पहुंचे दमकल कर्मियों ने तत्काल आग को बुझा दिया। वहीं, नवाबगंज इलाके में मैनावती मार्ग पर स्थित एनआरआई सिटी के जंगल में अचानक आग की लपटें उठने लगी। आसपास के लोगों ने 10ः18 बजे घटना की जानकारी कंट्रोल रूम को दी। कर्नलगंज और लाटूश रोड फायर स्टेशन से पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने एक घंटे में आग पर काबू पा लिया।

## ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा





**मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया मुस्लिम बच्चों ने लहराया तिरंगा**

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शिवराजपुर कस्बे में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश की सेना का गौरव बढ़ाने के लिए जगह जगह तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही।पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सीमा पार आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई कर देश का गर्व बढ़ाया है। बुधवार को शिवराजपुर ब्लाक प्रमुख शुभम बाजपेई के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा में विधायक राहुल बच्चा सोनकर शामिल रहे। इसमें लहराते तिरंगा ध्वज और भारत मां के जयकारों में भारतीयों का गर्व और सेना का शौर्य देखने को मिला। यात्रा का रास्ते में जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया गया.मुस्लिम महिलाओं सहित बच्चों के हाथों में लहराते तिरंगे से सौंदर्य बढ़ाया। शिवराजपुर थाना प्रभारी अमान सिंह पुलिस बल साथ जगह जगह मुस्तैद रहे। बुधवार को शिवराजपुर पॉवर ट्रैक एजेंसी से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कस्बे में भ्रमण कर शिवली रोड पर आतिशबाजी फोड़कर भारत माता की जय बोलते हुए हिंदुस्तान जिन्दाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। कस्बे के गंगा रोड पर मुस्लिम सामुदायिक के लोगों ने यात्रा का भरपूर समर्थन कर पुष्प वर्षा करते हुए यात्रा का स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख शुभम बाजपेई ने बताया कि यह यात्रा बर्बरता पूर्ण आतंकी हमले में प्राण न्योछावर करने वाले भारत मां के सपूतों के श्रद्धांजलि और नापाक हरकत करने वालों से लिए गए प्रतिशोध में अपना कर दिखाने वाली भारतीय सेना के प्रति देश का समर्थन है.निकली यात्रा में आतंकी हमले में अपना सिंदूर गंवाने वाली महिलाओं को उनके सिंदूर का बदला लेकर उनका उत्साह बढ़ाने लिए था। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नरेंद्र प्रताप सिंह, कैलाश नारायण कटियार, सुरेंद्र दीक्षित, अनुराग दुबे, अनुराग शुक्ला,सचिन तिवारी, मोनू तोमर, छोटे शुक्ला, सुशील दुबे, विवेक कटियार, बिरजू मिश्रा, साहुल मिश्रा, ध्यान ठाकुर, उमाशंकर तिवारी, दीपू शुक्ला, हरिपाल ठाकुर, दीपक सेंगर, प्रवीण उर्फ नीलू कटियार, गौरव अग्निहोत्री, मन्नी पंडित, महिला मोर्चा की प्रीति सिंह आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## खत्म हो चुके ई-वे बिल पर जा रही प्रतिबंधित 10375 किलोग्राम पॉलिथीन पकड़ी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

एसजीएसटी के अफसरों ने खत्म हो चुके ई-वे बिल पर ले जा रहे 10375 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन कैरी बैग पकड़े। वाहन के भौतिक सत्यापन के बाद ये खुलासा हुआ। बाद में पूरा माल नगर निगम के अफसरों को सौंप दिया गया। अपर आयुक्त राज्य कर कानपुर जोन-प्रथम सैमुअल पॉल एन के निर्देशन में सचल दल द्वितीय इकाई ने 17 मई को रात में ट्रांसपोर्टनगर में वाहन संख्या यूपी78डीटी7290 को जांच के लिए रोका था। प्राथमिक कार्रवाई के बाद वाहन में लदे माल को लखनपुर स्थित राज्य कर कार्यालय भौतिक सत्यापन के लिए ले जाया गया। इसमें प्लास्टिक कैरी बैग की 415 बोरियां मिलीं। प्रत्येक बोरी का वजन 25 किलोग्राम था। कुल वजन 10375 किलोग्राम था। शासन ने इन कैरी बैग को प्रतिबंधित किया है। उच्च अफसरों के निर्देश पर नगर निगम के प्रवर्तन अधिकारी आलोक नारायण को जानकारी दी गई। लखनपुर कार्यालय से आए नगर निगम के अधिकारियों को माल सुपुर्द किया गया। अपर आयुक्त ग्रेड दो एसआईबी संजय पाठक ने बताया कि जांच में पता चला कि अवधि समाप्त हो चुके ई-वे बिल का इस्तेमाल कर प्रतिबंधित कैरी बैग ले जाए जा रहे थे।

## बिल्हौर रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर नगर पालिका द्वारा कूड़ा जमा कर जलाया जाता है



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बिल्हौर नगर पालिका क्षेत्र में जगह-जगह कूड़ा जमा करके जलाने की प्रथा दिनों दिन बढ़ती चली जा रही है जीटी रोड से रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर जहां पर दिनभर आने जाने वाले यात्रियों की भीड़ लगी रहती है इस सड़क पर आसपास की दुकानों का कूड़ा जमा किया गया है ।कूड़े में बालों की संख्या अधिक दिख रही है जिससे कि आसपास से बाल-बर की दुकानें हैं वहां का कूड़ा भी यहां पर जमा किया गया है जिस जगह जमा है वह दीवाल में कालापन हो गया है क्योंकि वह वहां पर कूड़ा हर दूसरे दिन जलाया जाता है वहीं पर कूड़ा जमा होने के चलते यात्री भी वही खड़े होकर लघु शंका करने लगते हैं जिससे गंदगी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। बदबू और शर्म के मारे महिलाएं अपना मुंह ढककर वहां से निकल जाती हैं। लेकिन ना ही रेलवे प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन ध्यान दे रहा है नगर पालिका प्रशासन इन दिनों सफाई कर्मचारियों की तरफ कोई ध्यान दे नहीं रहा है कि कभी 10ः00 बजे झाड़ू लगा रहे हैं कभी 11ः00 बजे लग रहे हैं। जहां पर मनाया सफाई कर्मचारी का वहां पर कूड़े का ढेर लगा दिया और चलते बनते अगर कूड़ा नहीं उठा तो शाम तक वह आग लगाकर इत श्री कर लेते हैं यह एक ही स्थान नहीं नगरपालिका में दर्जनों जगह कूड़ा जलाया जाता है। अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका है क्या अब कूड़ा उठाने की बजाय नगर पालिका क्षेत्र में जलाया भी जाने लगा है।

## बिल्हौर उप जिलाधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी ने मेधावी निर्धन चार छात्राओं को साइकिल भेंट की

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



बिल्हौर उप जिलाधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा मेधावी और निर्धन छात्राओं को साइकिल दी गई किसी भी राष्ट्र के सामाजिक परिवेश की सुदृढता में बालिकाओं की शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। शासन स्तर से बालिकाओं को शिक्षित सक्षम और स्वावलंबी बनाने हेतु अनेक प्रयास किया जा रहे हैं। बालिका शिक्षा हेतु साधनों की उपलब्धता भी एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इस क्रम में बुधवार ब्लॉक संसाधन केंद्र के सभागार में सी.एस.आर. फंड से माननीय जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की प्रेरणा से बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषद विद्यालय में पढ़ने वाली मेधावी किंतु आर्थिक रूप से निर्बल बालिकाओं को शैक्षिक स्तर से मजबूत एवं स्वावलंबी बनाने हेतु साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा व खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह के कर कमलों द्वारा 1. गरिमा कश्य पुत्री लाल जी कंपोजिट धमनी नेवादा। 2. ज्योति पुत्री सुरेन्द्र कंपोजिट आंकिन, 3. लक्ष्मी पुत्री नितिन मुकेश हिलालपुर 4. रागिनी पुत्री रघुवीर कंपोजिट रहीमपुर करीमपुर को साइकिल का वितरण किया गया। सभी बालिकाएं कुशाग्र नियमित उपस्थिति वाली किंतु निर्धन वर्ग से हैं। बालिकाओं को साइकिल वितरित करते हुए एसडीम महोदया ने कहा कि बालिकाएं बहुत ही दृढ़ निश्चयी होती है यदि उनको आवश्यक सुविधा सही समय पर उपलब्ध हो तो निश्चित तौर पर हुए शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर सकती हैं। अधिकारी द्वारा बच्चों को फ्रूटी, चिप्स, बिस्किट फल भी दिए गए। निःशुल्क साइकिल पाकर छात्राऐं खुशी से झूम उठी। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक आदित्य द्विवेदी, डॉ राधा मोहन कुशवाहा, डॉ.वेद प्रकाश शुक्ला, तथा बालिकाओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

### जेके कैंसर हॉस्पिटल में मरीज ने फंदे से लटककर दी जान

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।** कानपुर में स्वरूप नगर थाना क्षेत्र में स्थित राजकीय जेके कैंसर संस्थान में मंगलवार देर रात एक मरीज ने साड़ी के फंदे से लटककर जान दे दी। मरीज अपनी कैंसर की बीमारी से काफी परेशान था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार सुबह जब घटना की जानकारी हॉस्पिटल में फैली, तो तरह तरह की चर्चाएं होने लगीं कानपुर देहात के सिकंदरा निवासी राकेश कुमार (50) खेती किसानी करते थे। परिवार में पन्नी किरन देवी, बेटा अंश कुमार, बेटी गौरी और मां महादेवी हैं।

## आवास विकास कर्मियों का विरोध तीसरे दिन भी जारी



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

लंबित मांगे पूरी न होने से नाराज आवास विकास परिषद कर्मियों का विरोध तीसरे दिन भी जारी रहा। आगामी 23 मई तक जन जागरण करने के बाद आम सभा में कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया जाएगा।

लंबे समय से प्रमोशन नहीं होने और लंबित एसीपी को लेकर आवास विकास परिषद के कर्मचारी संगठन मिनिस्टीरियल स्टॉफ एसोशिएशन द्वारा प्रदेश भर में जन जागरण कर विरोध किया जा रहा है। कल्याणपुर स्थित आवास विकास परिषद कार्यालय में एसोशिएशन के मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह की अगुवाई में कर्मचारियों ने जन जनजागरण कर विरोध जताया।इस दौरान कर्मचारी एकता जिंदाबाद के नारे लगे। कर्मियों ने चेताया कि उनकी मांगे पूरी न हुई तो कार्य बहिष्कार किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने बताया कि 19 मई से लगातार शाम 4 बजे के बाद जन जागरण कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।अगर मांगे पूरी नहीं हुई तो 23 मई को आम सभा में कार्य बहिष्कार पर निर्णय लिया जाएगा।

इस दौरान प्रशांत अग्निहोत्री, शिवांक पांडे, मानजीत गौड, कविता, अंकिता सिंह, ममता, आनंद कुमार, नरेश श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव, अजय राजपूत, विपिन कुमार बग्गा, सुनील कुमार समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## हाईवे पर पलटी मवेशियों से लदी पिकअप, ग्रामीणों ने चार मवेशी लूटे

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



हाईवे पर महाराजपुर में बुधवार दोपहर टायर फटने से मवेशियों से भरी पिकअप पलट गई। परिचालक का आरोप है कि मौके पर पहुंचे ग्रामीण सहायता करने के बजाए मारपीट कर चार मवेशी लूट ले गए। मूलरूप से उन्नाव के रहने वाका चालक निजाम परिचालक नाजिर के साथ खुजुआ से 11 मवेशी लेकर उन्नाव जा रहा था।

बुधवार को वह महाराजपुर में तिवारीपुर ओवरब्रिज के पास पहुंचा ही था कि अगला टायर फटने से पिकअप अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। हादसे में एक मवेशी की मौत हो गई जबकि अन्य मवेशी घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। आरोप है कि उन्होंने सहायता करने के बजाए मारपीट करते हुए चार मवेशी लूट लिए और भाग निकले। मारपीट के चलते चालक मौके से भाग निकला। परिचालक ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद भी मवेशियों का कुछ पता नहीं चल सका। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत मवेशी को जेसीबी की मदद से हाईवे किनारे दफना दिया। वहीं, लूट के मामले की जांच कर रही है।

## संपत्ति विवाद में बेटे-बहू ने बुजुर्ग दंपती को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

चकेरी थानाक्षेत्र में संपत्ति से बेदखल होने के बाद भी बेटे-बहू ने वृद्ध माता-पिता से मारपीट की। दंपती ने डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता से शिकायत की। डीसीपी के आदेश पर चकेरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है। गदियाना नई बस्ती निवासी महताब अहमद रेलवे से रिटायर्ड है। पेंशन के जरिए वह अपना और पत्नी का भरण पोषण कर रहे है। बेटे नईम अहमद की गलत हरकतों के चलते 2022 में प्रापर्टी से बेदखल कर दिया था। आरोप है कि बेटा और बहू सबीना जबरन प्रापर्टी नाम कराने और पेंशन के रुपयों को लेकर प्रताड़ित करते है। विरोध करने पर गालीगलौज करने के साथ मारपीट भी करते हैं।

## कानपुर में ऑटो चला रहे म्यांमार के युवक को पुलिस ने पकड़ा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कोतवाली पुलिस ने शहर में ऑटो चला रहे म्यांमार के युवक को बड़े चौराहे से पकड़ा है। उसके पास से कोई वैद्य पहचान पत्र नहीं मिला है। वह शुक्लागंज में रह रहा है। यहां उसके परिजन व रिश्तेदार भी हैं। पुलिस ने वहां जाकर पूछताछ की है। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने मंगलवार रात गश्त के दौरान बड़ा चौराहे से एक संदिग्ध ऑटो चालक को दबोचा। उसकी पहचान म्यांमार के साइडुय मंगडो शहर (आईकब) निवासी मो. साहिल के रूप में हुई। वह परिवार के साथ पिछले कई साल से उन्नाव के शुक्लागंज मनोहर नगर, पानी टंकी के पास झुग्गी झोपड़ी डालकर रह रहा है। पुलिस ने पत्नी, बहन, बहनोई, बीमार पिता, बच्चों समेत 10 लोगों से पूछताछ की। युवक के पास से फर्जी आधार कार्ड भी बरामद हुए।

### पिता का इलाज कराने आया था परिवार

मो. साहिल की पत्नी अजीदा ने बताया कि वह लोग म्यांमार के रहने वाले हैं। ससुर को 11 साल पहले फालिस मार गया था। उनके इलाज के लिए वह लोग उन्हें लेकर आठ साल पहले शुक्लागंज आए थे। उसके पति चार भाई हैं। साथ में बहन बहनोई व चार छोटे बच्चे भी हैं। कानपुर की पुलिस ने घर में रखे कागजात व एक फोन परिवार का और दूसरा फोन पड़ोस में रहने वाले युवक का ले गई है।

## केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के विशेषज्ञों की पांच सदस्यीय टीम ने की जांच

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू के संक्रमण की स्थिति का जायजा लिया। वन्यजीवों के स्वास्थ्य और बर्ताव को लेकर जहां चिकित्सकों से बातचीत की, वहीं बाघ, शेर, देसी भालू, शुतुरमुर्ग, गैंडा और पक्षियों के रैंडम सैंपल लिए गए। टीम में शामिल विशेषज्ञों ने परेड और नवाबगंज की पोल्ट्री फार्म से नमूने लिए। गोरखपुर चिड़ियाघर से कानपुर चिड़ियाघर लाए गए बीमार बब्बर शेर (पटौदी) से बर्ड फ्लू फैला है। संक्रमण से शेर, मोर और एक बतख की मौत हो चुकी है। बतख के साथ ही एक दर्जन से अधिक वन्य जीवों का सैंपल जांच के लिए भोपाल भेजा था, लेकिन उनकी अब तक रिपोर्ट नहीं आई है। संक्रमण के खतरे को देखते हुए चिड़ियाघर प्रशासन ने सतर्कता बरती है। बुधवार को केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की टीम सुबह 10 बजे जांच और इसके नियंत्रण के लिए चिड़ियाघर पहुंची।

टीम में डिपार्टमेंट ऑफ एनिमल हसबेंडरी दिल्ली के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. विजय कुमार तेवतिया, राष्ट्रीय उच्च पशु रोग संस्थान भोपाल के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार, आईवीआरआई बरेली के वाइल्ड लाइफ प्रमुख डॉ. एम पावड़े और वैज्ञानिक डॉ. एम करिकलन, वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया देहरादून के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.करन जैन शामिल रहे। एक टीम ने चिड़ियाघर के अंदर पक्षियों के मल, शेर, बाघ, गेंडा के नाक के बाल और लार का सैंपल लिया। मृत शेर, मोर व बतख के बाड़े का पानी व मिट्टी का नमूना लिया।

उन दो बाघिन का भी सैंपल लिया जो तीन दिन पहले भोजन नहीं कर रहीं थी। टीम के सदस्यों ने विशेष रूप से झील, तालाब, वन्यजीवों के पानी पीने के लिए बनाए गए हौज व पानी के एकत्र होने के अन्य स्थानों का निरीक्षण कर नमूने लिए। दूसरी टीम ने चिड़ियाघर के डाक्टरों से वन्यजीवों के खान-पान और इलाज की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। देर शाम तक टीम सैंपल लेकर रवाना हो गई। टीम अपनी रिपोर्ट केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण को सौंपेंगी। चिड़ियाघर की निदेशक श्रद्धा यादव ने बताया कि केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की टीम ने वन्यजीवों, पानी, मिट्टी के नमूने एकत्र करने के साथ अन्य जानकारियां भी जुटाई हैं।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### आतंकी फन को कुचलने का सही वक्त

**सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। पहले जहां एक साल में दर्जनों युवाओं के लापता होने की खबरें आती थी, भारत की वर्तमान नीति 'आतंक के प्रति शून्य सहनशीलता' की है और इस नीति के हर पहलू में क्रियान्वयन दिख भी रहा है। अब आतंकी हमलों का जवाब केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहता बल्कि पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद किया जाता है। यह बदलाव केवल सैन्य शक्ति के उपयोग का नहीं बल्कि जन-मन के दृढ़ संकल्प का परिचायक है।**

*पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान पोषित दुर्दांत और कुख्यात आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों का लहू बहाकर फिर भारत के धर्य के बांध को तोड़ दिया। प्रतिक्रिया तो होनी थी। शांति समर्थक राष्ट्र को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से संदेश देना पड़ा कि जो बेवजह टकराएगा उसे मिट्टी में मिला दिया जाएगा। मगर आतंकवाद के सारे फनों को कुचलने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के साये में है। कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार तो कभी किसी बस या ट्रेन में निर्दोषों के लहू से होली खेली है। आतंकवाद ने न केवल हजारों लोगों की जान ली बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छिन गया। इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे। यह भी याद रखना चाहिए कि 21 मई 1991 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर ने हत्या कर दी थी। इस घटना ने भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिला कर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरुआत हुई। हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनीतिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद घाटी के हालात धीरे-धीरे पटरी पर आए हैं। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिश विफल की हैं। हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है। इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी। यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस नरसंहार के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर (सैन्य अभियान) चलाकर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाया। साथ ही सिंधु जल संधि को स्थगित करने का निर्णायक फैसला लिया । अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार-बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता प्राप्त की है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**एक देश, जो आतंक की बुनियाद पर खड़ा है, न उसे शर्म है, न पछतावा। वहां ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों व उनके परिजन को जैसा राजकीय सम्मान दिया गया है, जैसे पाक फौज आतंकी सरगनाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी देखी गई है, उस तरफ से मुंह मोड़कर अगर दुनिया खड़ी होगी, तो यकीन मानिए, फिर इंसानियत का खून होगा और आतंकवाद को बल मिलेगा। ऑपरेशन सिन्दूर भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा बना है। भारत अब पहले की तरह केवल कूटनीतिक जवाब तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह सैन्य कार्रवाई के जरिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी देना जानता है। पाक सेना आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है।**

# भारत का पक्ष रखने की सराहनीय पहल एवं बेतुका विवाद



ललित गर्ग

**जब तक पाक सेना अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करती तब तक इस तरह के आतंकी तनाव बार-बार सामने आएंगे। पाक भविष्य में फिर से भारत के खिलाफ आतंकी हमले कर सकता है क्योंकि यह उसकी रणनीति का हिस्सा है। पाक सेना की आतंकवाद समर्थक नीतियां और भारत की आक्रामक जवाबी रणनीति इस क्षेत्र में स्थायी शांति की राह में बड़ी बाधाएं हैं।**

पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना एवं उसके बाद भारत के सिंदूर ऑपरेशन में पाकिस्तान को करारी मात देने की घटना से निश्चित ही भारत की ताकत को दुनिया ने देखा। लेकिन इसके बाद पाक दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछलेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है, यह फैसला जितना सराहनीय है, उतना ही दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण है इसका राजनीतिक विवादों में घिर जाना। यह राजनीति से ऊपर, मतभेदों से परे राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतिबिंब बनना चाहिए। देश की सुरक्षा, सैन्य उपक्रम, राष्ट्रीय एकता-अखण्डता एवं विदेश नीति से जुड़े विषय पर राजनीति होना, देश के हित में नहीं है। पहलगाम हमले के बाद यह अफसोस की बात है कि पाकिस्तान का बचाव करने या उसके साथ मुखरता से खड़े होने वाले देशों या विश्व संगठनों के साथ-साथ भारतीय राजनीतिक दलों में विवाद का बढ़ना चिन्ताजनक है। भारत के राजनीतिक दल प्रारंभ में एकजुट दिखें लेकिन राजनीतिक स्वार्थों के चलते अब उनमें कहीं-कहीं वैचारिक मतभेद उभर रहे हैं। पाकिस्तान दोषी होने के बावजूद पीड़ित होने का स्वांग रचकर सहानुभूति जुटाता रहा है। दुनिया के अनेक देश उसके झांसे में आ भी जाते हैं। ऐसे में, दुनिया के महत्वपूर्ण देशों में भारत का पक्ष रखने का मोदी सरकार का यह प्रयास बहुत जरूरी एवं दूरगामी सोच से जुड़स है। इस प्रयास को एक बड़े अभियान के रूप में लेना चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहिष्णुता और ऑपरेशन सिंदूर का संदेश दुनिया तक पहुंचना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सभी दलों ने सरकार और सेना के प्रति समर्थन जताया था। सरकार ने भी उसी भावना का सम्मान करते हुए सभी दलों के सांसदों को प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है। कांग्रेस ने थरूर का नाम नहीं भेजा था, सरकार ने उन्हें अपनी तरफ से शामिल कर लिया। जिनके नाम कांग्रेस ने दिए थे, उनमें से सिर्फ आनंद शर्मा चुने गए। शशि थरूर विदेश नीति के जानकार है। थरूर पहले संयुक्त राष्ट्रसंघ में काम कर चुके हैं, विदेश राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनके अनुभव का फायदा निश्चित रूप से प्रतिनिधिमण्डल को मिलेगा, दुनिया में भारत का पक्ष सही परिप्रेक्ष्य में रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। हालांकि कांग्रेस को लगता है कि उसके सांसद को चुनने से पहले उससे पूछा जाना चाहिए था, इस अपेक्षा को गलत भी नहीं कहा जा सकता। मगर वर्तमान संवेदनशील हालातों में इसे विवाद का मुद्दा बनाने से बचा जा सकता था। लेकिन कांग्रेस के सदस्यों, खासकर सांसद शशि थरूर को लेकर हो रहा विवाद बिल्कुल अनचाहा एवं अनुचित है। इससे



**दो देशों के बीच का विवाद नहीं है बल्कि इसमें पूरी दुनिया से जुड़े गहरे ऐतिहासिक, वैचारिक और रणनीतिक आयाम हैं। इसलिये दुनिया के बड़े राष्ट्र पाक की आतंकी सोच से परिचित हो, दुनिया को परिचित कराना सात सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल का मिशन है।**

एक अच्छा एवं प्रासंगिक मकसद नकारात्मक खबरों में घिर गया है। भले ही शशि थरूर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ समय से ठीक नहीं रहे हैं। लेकिन यह एक सांसद और उसकी पार्टी के बीच का मसला है। यहां जो मुद्दा सामने है, वह देश से जुड़ा है। इसमें सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सोचना चाहिए। युद्ध एवं आतंक जैसे हालातों में भारत ने अपना पक्ष रखने के लिए पहले भी समय-समय पर विपक्ष के शीर्ष नेताओं को आगे किया है और उसी परिपाटी को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाकर देश की राजनीति व राजनय को मजबूती दी है। सात सदस्यीय बैजयंत जय पांडा, रविशंकर प्रसाद, शशि थरूर, संजय झा, श्रीकांत शिंदे, कनिमोझी करुणानिधि और सुप्रिया सुले के नेतृत्व में हमारे देश के नेता 32 देशों का दौरा करेंगे। यह विपक्ष के नेताओं के लिए भी स्वर्णिम अवसर है कि वह अपनी काबिलियत एवं देशहित को देश के सामने साबित करें। क्योंकि राष्ट्र एवं राष्ट्रीय एकता सबसे ऊपर है। बांटने वाली राजनीति से अलग जब हम देशहित के पक्ष में खड़े होंगे, तभी आतंकवाद से लड़ने में सहूलियत एवं सफलता मिलेगी। क्या दुनिया ने भारत के सीमित सैन्य अभियान के महत्व, संयम और समझदारी को ठीक से समझा है? क्या भारत आतंकवाद के खिलाफ संपूर्ण युद्ध नहीं छेड़ सकता था? अगर भारत ने युद्ध को नहीं बढ़ाया, तो इसका अर्थ कतई यह नहीं कि भारत का पक्ष कमजोर है। भारत चाहता तो पाक को हर मोर्चे पर नेस्तनाबूद कर सकता है, लेकिन भारत का लक्ष्य आतंकवाद को समाप्त करना है। भारत ने पाकिस्तान और पीओके में बसे 9 आतंकी ठिकानों को रात के अंधेरे में तबाह कर दिया। इसके बाद भारत ने ठान लिया कि पूरी दुनिया के सामने आतंकवाद परस्त पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करना है, जिसकी जिम्मेदारी अनुभवी एवं विशेषज्ञ सात सांसदों को सौंप कर सरकार ने सूझबूझ एवं परिपक्व नेतृत्व का परिचय दिया है। सांसदों के सात प्रतिनिधिमंडल दुनियाभर के देशों में जाकर आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का पक्ष रखेंगे। हर एक प्रतिनिधिमंडल में 6-7 सांसद और कई राजनयिक शामिल होंगे। भारत की शांति, अहिंसा, विकास एवं विश्व बंधुत्व का संदेश सात प्रतिनिधिमंडलों के जरिये दुनिया तक पहुंचना इसलिए भी जरूरी है कि भारत को तेज विकास करना है और अब वह पहलगाम जैसे किसी आतंकी हमले को बर्दाश्त नहीं कर सकता। गौर करने की बात है कि सात प्रतिनिधिमंडलों में 59 सदस्य शामिल किए गए हैं, जिनमें सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के 31 नेता और अन्य दलों के 20 नेता शामिल हैं। इस तरह सर्वदलीय सांसदों की टीमों को अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मिशन पर भेजने से भारत का पक्ष मजबूत होगा, दुनिया में आतंक के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण बनेगा। ये दौरे न सिर्फ आतंकवाद पर भारत की नीतियों को साफ करेंगे, बल्कि पाक की हरकतों को भी दुनिया के सामने बेनकाब करेंगे। सात प्रतिनिधिमंडल में जिन नेताओं को नेतृत्व दिया गया है, उसमें भी अन्य दलों को प्राथमिकता देकर एक संतुलन एवं सूझबूझ का परिचय दिया गया है। आइडिया ऑफ इंडिया के साथ सुगठित इस टीम इंडिया के कंधे पर बड़ी एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दुनिया के निर्णायक नेताओं से मिलकर यह बताना जरूरी है कि आइडिया ऑफ पाकिस्तान और आइडिया ऑफ इंडिया के बीच कितनी चौड़ी खाई है, यह खाई संबंधित देशों ही नहीं, दुनिया को प्रभावित करने वाली है। दूसरे शब्दों में कहें, तो पाकिस्तान आतंकवादी मानसिकता से ग्रस्त है एवं आतंक को पोषित एवं पल्लवित करने वाला देश है। उसके आतंकवाद ने भारत ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | दशमी 25:09 तक |
| नक्षत्र: | पूर्वभाद्रपदा 17:34 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | विष्कंभ, 21:45 |
| सूर्योदय: | 05:36 |
| सूर्यास्त: | 18:45 |
| चंद्रमा: | कुम्भ राशि में |
| राहुकाल: | 13:49-15:28 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्त: | 11:44-12:37 |

## जन एक्सप्रेस

### ना लगाओ आग !

*हर तरफ़ है शांति ।*
*ना लगाओ आग ।।*
*जो हैं असली मुद्दे ।*
*रहे क्यों उससे भाग ।।*
*बेमतलब, बेवजह ।*
*आप रहे कुरेद ।।*
*देखकर जनमानस ये ।*
*करता व्यक्त खेद ।।*
*छोड़कर तकरार अब ।*
*राह सही अपनाओ ।।*
*उब गए हैं लोग ।*
*अब ना भय दिखाओ ।।*
*हो सही सलाह ।*
*लाओ ये बदलाव ।।*
*होगा तभी दूर ।*
*दिखता जो अभाव ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# इरिटेबल बाउल सिंड्रोम के लक्षणों को कम करने के लिए पिएं हर्बल चाय, मिलेगा आराम

**इरिटेबल** बाउल सिंड्रोम एक सामान्य लेकिन बहुत ज्यादा परेशान करने वाली समस्या है, जिसके कारण व्यक्ति के पेट में दर्द, गैस, ब्लोटिंग, कब्ज और दस्त जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं। अगर इरिटेबल बाउल सिंड्रोम की समस्या ज्यादा समय तक रहती है तो न सिर्फ ये आपके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकता है, बल्कि लाइफ क्वालिटी को भी प्रभावित कर सकती है। ऐसे में आईबीएस की समस्या से राहत पाने के लिए दवाओं का सेवन और हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करना जरूरी है। लेकिन, इसके लक्षणों को कंट्रोल करने के लिए आप अपनी डाइट में कुछ हर्बल चाय शामिल कर सकते हैं।

**पुदीने की चाय:** इरिटेबल बाउल सिंड्रोम की समस्या में इसके लक्षणों को कम करने या राहत पाने के लिए आप पुदीने की चाय का सेवन कर सकते हैं। पुदीना आयुर्वेद में एक प्रभावी औषधि के रूप में उपयोग होता है। पुदीने की चाय में मेन्थॉल नाम का तत्व होता है, जो पाचन तंत्र की मांसपेशियों को शांत करता है और पेट की ऐंठन को कम करता है। इस चाय के सेवन से गैस और ब्लोटिंग की समस्या से राहत मिलती है, आंतों की सूजन कम होती है, दस्त या



कब्ज से राहत मिलती है और आंतों की गति कंट्रोल होती है। इस हर्बल चाय को बनाने के लिए आप एक कप गर्म पानी में 1 चम्मच सूखी पुदीना की पत्तियां डालें और 5 से 7 मिनट तक ढककर उबालें और फिर इसे छानकर पी लें।

**सौंफ की चाय:** सौंफ का इस्तेमाल अधिकतर भारतीय घरों में खाने में इस्तेमाल किया जाता है या कई लोग खाना खाने के बाद सौंफ खाना पसंद करते हैं, क्योंकि ये खाने को पचाने में मदद करता है। सौंफ में एंटी-स्पास्मोडिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो आईबीएस के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं। इस चाय को पीने से गैस, एसिडिटी, आंतों की ऐंठन और कब्ज की समस्या से राहत दिलाने में मदद मिलती है और यह भूख को बढ़ाता है। सौंफ की चाय बनाने के लिए 1 1 चम्मच सौंफ को एक कप पानी में 5 मिनट उबालें, फिर इसे छानकर गर्म-गर्म पिएं। खाना खाने के बाद इस चाय को पीना ज्यादा फायदेमंद होता है।

**हल्दी की चाय:** हल्दी को नेचुरल एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट के रूप में माना जाता है। इसमें करक्यूमिन नाम का तत्व होता है, जो आंतों की सूजन को कम करता है और पाचन तंत्र को संतुलित करता है। इस चाय को पीने से इरिटेबल बाउल सिंड्रोम के लक्षणों को कम करने में मदद मिलती है। यह चाय आंतों में सूजन और जलन को शांत करता है, पाचन एंजाइम्स के डिस्चार्ज को बढ़ाता है, मल त्याग को आसान बनाता है और इम्यूनिटी को मजबूत करता है। हल्दी की चाय बनाने के लिए आप एक कप पानी में आधा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाएं। फिर इसमें एक चुटकी काली मिर्च और थोड़ा शहद मिलाकर गर्म-गर्म पिएं। इस चाय को सुबह खाली पेट पीना ज्यादा फायदेमंद होता है।

**चक्र फूल की चाय:** इरिटेबल बाउल सिंड्रोम की समस्या में चक्र फूल की चाय काफी फायदेमंद मानी जाती है। चक्र फूल के सेवन से गैस, सूजन और पेट दर्द को कम करने में मदद मिलती है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# ग्रीन एनर्जी का अमरावती मॉडल देगा दुनिया को नई दिशा



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**आस्ट्रेलिया का एडिलेड, कोरिया का सियोल, आइवरकोस्ट का कोकोडी, स्वीडन का मालमो और दक्षिणी अफ्रिका का केपटाउन ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ते हुए शहरों में से हैं। गुजरात के कांडला सेज में 1000 एकड में साढ़े तीन लाख पौधे रोपित किए गए हैं।**

**ग्रीन** एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए जहां दुनिया के देशों में टुकड़ों-टुकड़ों में काम हो रहा है, वहीं आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू ने काम भी शुरू कर दिया है। अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से संचालित शहर बनाने में करीब करीब 65 हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी और सोलर, पवन और जल विद्युत पर आधारित इस परियोजना में अमरावती में उपयोग आने वाली सारी बिजली रिन्यूवल एनर्जी स्त्रोत से ही प्राप्त होगी। सर्वाधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाली जीवाश्म ऊर्जा का अमरावती में नामोनिशान नहीं होगा। अपने आप में यह दुनिया के लिए ग्रीन एनर्जी के सपने को अमली जामा पहनाने की बड़ी, महत्वाकांक्षी और दुनिया के देशों के लिए प्रेरणीय पहल मानी जानी चाहिए। कोई इसे इतिहास रचने की बात करता है तो कोई ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में बड़ी और रचनात्मक पहल के रूप में देख रहा है। कहा जाए तो दुनिया के देश जिस तरह से ग्रीन एनर्जी के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं और जिस तरह से बड़े बड़े शिखर सम्मेलनों के साझा घोषणा पत्रों में घोषणाएं हो रही हैं उससे अलग हटकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू की इस पहल को माना जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं इस

**भारत में केन्द्र व राज्य सरकारें अक्षय ऊर्जा के इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं। राजस्थान रिन्यूवल एनर्जी उन्पादन के क्षेत्र में समूचे देश में आगे है और भड़ला पार्क जैसे सोलर पार्क यहां विकसित हो चुके हैं। सरकार अब घरों की छतों पर सोलर एनर्जी के उन्पादन को बढ़ावा दे रही है तो खेती में सोलर पंपों और अन्य कार्यों में उपयोग सकारान्मक प्रयास माने जा सकते हैं।**

परियोजना पर नजर रख रहे हैं। कृष्णा नदी के तट पर आंध्र प्रदेश की नई राजधानी में ग्रीन एनर्जी का यह प्रोजेक्ट 217 वर्गमीटर को समेटे है। अमरावती को पूरी तरह ग्रीन एनर्जी युक्त दुनिया का पहला शहर बनाने के लिए 2050 तक की मांग का आकलन कर लिया गया है करीब 2700 मेगावाट विद्युत की आवश्यकता होगी। इसमें से 30 प्रतिशत सोलर और पवन आधारित उर्जा होगी तो 70 प्रतिशत बिजली का उत्पादन पनबिजली आधारित होगी। ग्रीन एनर्जी के चार प्रमुख स्त्रोत हैं। इसमें सूर्य की गर्मी आधारित सोलर ऊर्जा, हवा के झोकों पर आधारित पवन ऊर्जा, जल आधारित पन बिजली परियोजना और भूगर्भ के ताप आधारित भूतापीय ऊर्जा को रिन्यूवल एनर्जी के नाम से जाना जाता है। इसमें प्रमुखता से सोलर, पवन और पन बिजली को लिया जाता है। दरअसल जीवाश्म आधारित उर्जा जिसमें प्रमुखतः कोयला व लिग्नाइट का प्रयोग होता है। उसके चलते जलवायु में तेजी से परिवर्तन हुआ है और आज दुनिया के देश तापमान वृद्धि को 1.5 प्रतिशत तक रखने के लिए जूझ रहे हैं। दो प्रतिशत वृद्धि दर को डेढ़ प्रतिशत लाना टेढ़ी खीर बना हुआ है। पेरिस घोषणा के अनुसार दुनिया के देशों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जलवायु परिवर्तन परिणाम आए दिन दिखते हैं,जिसमें तापमान में बढ़ोतरी, ग्लेशियरों का सिकुड़ना, अनपेक्षित मौसम चक्र, कभी तेज गर्मी तो कभी तेज सर्दी और कभी तेज बरसात । आंधी-तूफान, दावानल और चक्रवातों के नए नए रूप और बार-बार आवृति हमारे सामने हैं। समुद्र का जल स्तर बढ़ने से समुद्र किनारे के शहरों के सामने अस्तित्व का संकट आ गया है तो जंगलों के दावानलों का असर आसपास के शहरों खासतौर से अमेरिकी शहरों में देखा जा चुका है। सूखा और बाढ़ की समस्या बढ़ी है। दवाओं के बेअसर होने और संक्रामक रोगों की बढ़ोतरी सामने हैं। हालांकि इसमें सरकारों की इच्छा शक्ति, संसाधन, आर्थिक सामाजिक हालात के साथ ही विकसित देशों द्वारा खुले दिल से सहयोग नहीं करना बड़ा कारण बनता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि जलवायु परिवर्तन के संकट से दुनिया के देश सचेत नहीं हैं। बल्कि इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को लेकर रैंकिंग भी होन लगी है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन रेकिंग में भारत 10वें स्थान पर है। रैंकिंग में डेनमार्क शीर्ष पर है। भारत में रिन्यूवल एनर्जी की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। गुजरात के कांडला सेज को पूरी तरह से हरित औद्योगिक क्षेत्र बनाया गया है तो तमिलनाडु के महाबलीपुरम के शोर मंदिर को ग्रीन एनर्जी पुरातात्विक स्थल के रूप में पहचान मिल चुकी है। डेनमार्क का कोपेनहेगेन भी इसी श्रेणी में आता है। आस्ट्रेलिया का एडिलेड, कोरिया का सियोल, आइवरकोस्ट का कोकोडी, स्वीडन का मालमो और दक्षिणी अफ्रिका का केपटाउन ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ते हुए शहरों में से हैं। गुजरात के कांडला सेज में 1000 एकड में साढ़े तीन लाख पौधे रोपित किए गए हैं। समुद्र के नमक के पानी से प्रभावित क्षेत्र को जलवायु की दृष्टि से करीब करीब बदल ही दिया गया है। अमरावती को पूरी तरह से ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में जो कार्य आरंभ हो रहा है वह समूची दुनिया के लिए एक मिसाल है। वहां पर सरकारी भवनों के साथ ही अन्य स्थानों पर सोलर पेनल और पवन उर्जा के स्त्रोत लगाए जाएंगे।

## ईमानदारी की मिसाल बनी एम्बुलेंस टीम

# हादसे में मृतकों की नकदी, जेवर और चाबियां, लौटाकर पेश की इंसानियत की मिसाल



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जब समाज में ईमानदारी को लेकर शंकाएं उठाई जाती हैं, तब कुछ लोग अपने आचरण से यह साबित कर देते हैं कि इंसानियत और नैतिकता अब भी ज़िंदा है। ऐसा ही उदाहरण पेश किया पीलीभीत की एम्बुलेंस सेवा से जुड़े दो कर्मचारियों ने, जिन्होंने सड़क हादसे में मृतकों की नकदी और कीमती सामान लौटाकर मानवता की मिसाल कायम की।

घटना 20 मई (मंगलवार) की है। भिठौरा खुर्द क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो स्थानीय निवासीः राजकुमार व पवन कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शवों को सम्मानपूर्वक जिला अस्पताल पहुंचाया।

### ईएमटी प्रेम पाल और पायलट कुंवरपाल की सराहना, परिजनों ने कहा—ऐसे कर्मचारी ही असली सेवक

#### सामान मिला, पर ईमान नहीं डिगा

जब एम्बुलेंस टीम के ईएमटी प्रेम पाल और पायलट कुंवरपाल शवों को अस्पताल ला रहे थे, तभी उन्हें मृतकों के पास से 38,430 नकद, एक कीमती सोने का लॉकेट और दो चाबियां मिलीं। यह वह पल था जब कोई भी व्यक्ति लोभ में आ सकता था, लेकिन दोनों कर्मचारियों ने ईमानदारी की ऊंची मिसाल पेश करते हुए वह सभी सामान तन्काल अस्पताल प्रबंधन और पुलिस के हवाले कर दिया।

#### परिजनों को सौंपा गया सामान, मिली दुआएं

नियमानुसार जांच और सन्यापन के बाद उक्त राशि और सामान मृतकों के परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने भावुक होते हुए कहा, ईएमटी और पायलट द्वारा हमें रुपए, सोने का लॉकेट और चाभी सौंप दी गई है। हम इस ईमानदारी और इंसानियत के कार्य के लिए उन्हें दिल से धन्यवाद देते हैं।

### प्रशंसा की जा रही चारों ओर

एम्बुलेंस सेवा के कार्यक्रम प्रबंधक राजेश कुमार रोशन ने दोनों कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा, प्रेम पाल और कुंवरपाल ने जिस ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है, वह पूरी टीम के लिए प्रेरणास्पद है। इनका कार्य न केवल सेवा की गरिमा को बढ़ाता है, बल्कि समाज को भी सकारात्मक संदेश देता है।

इस प्रेरणादायक कार्य के लिए पूरा पीलीभीत जिला इन दोनों कर्मचारियों की सराहना कर रहा है।

यह घटना आने वाली पीढ़ियों के लिए ईमानदारी का एक जीवंत उदाहरण बन गई है।

ऐसे कर्मवीर ही समाज में सेवा, संवेदना और सदाचार का दीप जलाए रखते हैं।

## वन क्षेत्राधिकारी गोला ने रजा नगर पौधशाला का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

गोला लखीमपुर रोड कुनौठिया गांव के समीप जंगल मे गोला वन विभाग का रजानगर पौधशाला मे गोला वन क्षेत्राधिकारी संजीव कुमार तिवारी ने वन दरोगा अंकित बाबू के साथ



पौधशाला का निरीक्षण किया है।इस दौरान गोला वन क्षेत्राधिकारी गोला संजीव कुमार तिवारी ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी ऐक से सात जुलाई तक विश्व वन महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इसमें सभी जन प्रतिनिधियों व ग्राम प्रधानों के सहयोग से बडे पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाता है।

हालांकि वृक्षारोपण के लिये सरकारी व गैर सरकारी जगहो का चिन्हित किया गया है। लगभग साढे चार लाख पौधो की नर्सरी तैयार हो गई है। जिसमे आम, गुलर, जामुन, बरगद, शहजन, अमरूद, सागौन, पीपल, बरगद, अर्जुन, बेल, कटहल, नीम के सहित औषधीय बृक्षो की अधिकता रहेगी।

# पीलीभीत के डीएम संजय कुमार सिंह का तबादला, ज्ञानेंद्र सिंह बने नए जिलाधिकारी

- शांत और जनहितकारी कार्यशैली के लिए पहचाने गए संजय सिंह को मिला संस्कृत विभाग में अहम पद

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



उत्तर प्रदेश शासन ने देर रात 14 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इस फेरबदल में पीलीभीत के जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को शासन में विशेष सचिव संस्कृत विभाग एवं निदेशक धर्मार्थ कार्य बनाया गया है। उनकी जगह ज्ञानेंद्र सिंह को पीलीभीत का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। शासन स्तर पर मंगलवार रात हुए प्रशासनिक फेरबदल में पीलीभीत के जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को नई जिम्मेदारी देते हुए विशेष सचिव संस्कृत विभाग तथा निदेशक धर्मार्थ कार्य, उत्तर प्रदेश बनाया गया है। वहीं उनकी जगह ज्ञानेंद्र सिंह को पीलीभीत का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। बता दें कि ज्ञानेंद्र सिंह पीसीएस से प्रोन्नत होकर 2020 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पूर्व वह उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय में संयुक्त प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत थे। जिलाधिकारी के रूप में यह उनकी पहली पोस्टिंग है।

पूर्व जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने 29 जनवरी 2024 को पीलीभीत में कार्यभार संभाला था। अपने कार्यकाल के दौरान वे शांत स्वभाव, सुलभ व्यवहार और प्रशासनिक पारदर्शिता के लिए जनपद में लोकप्रिय रहे। उन्होंने जिले में गौवंश संरक्षण और जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को प्राथमिकता दी।

उनकी पहल पर कई नई गौशालाओं के निर्माण को स्वीकृति मिली और वे स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए वह प्रतिदिन मौके पर पहुंचकर स्थिति का आकलन करते थे। अब जनपद की कमान ज्ञानेंद्र सिंह के हाथों में है, जिनसे जिले की जनता को भी पूर्व जिलाधिकारी जैसी ही पारदर्शिता, संवेदनशीलता और विकासपरक दृष्टिकोण की उम्मीद है।

## नवागंतुक तहसीलदार से बताई प्राथमिकताएं

**जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी**

नवागंतुक तहसीलदार अरूण कुमार ने एक भेट वार्ता मे बताया कि मै मूल रुप से बहराइच का निवासी हू, प्रशासनिक सेवा में आने से पूर्व सीएएफसी मे असिस्टेंट कमांडर की पोस्ट पर तैनात रहा ,जहां 4 वर्ष सेवाऐ देने के बाद 2016 में पीसीएस में चयन हुआ 2020 मे मेरी पहली पोस्टिंग बदायू मे हुई, उसके उपरांत सीतापुर में तहसीलदार के पद पर अन्य तहसीलों पर रहा वहां से लखीमपुर खीरी के सदर तहसील में न्यायिक तहसीलदार के रूप में कार्य किया, अब आपके मोहम्मदी तहसील के तहसीलदार का दायित्व संभालने का मौका मिला ,उन्होंने बताया कि हमारी प्राथमिकता शासन के दिए गए निर्देशों का शतप्रतिशत पालन करना, शासन के निर्देशों को मूलभूत रूप से जमीनी धरातल पर उतरना, प्रतिदिन जनता दरबार के रूप में 10ः00 बजे से 12ः00 बजे तक जनता की समस्याओं को सुनना और उसका निराकरण करना यह हमारी प्राथमिकता के रूप में रहेगा।

बार और बेंच के बीच आपसी सहयोग से अन्य समस्याओं का हल निकाला जाऐगा।

# कुत्तों के हमले में घायल हुआ लंगूर, ग्रामीणों ने बचाई जान

### सामाजिक वानिकी टीम को दी गई सूचना, हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जंगल से भटककर खेतों की ओर आए एक लंगूर पर कुत्तों ने हमला कर दिया। इस हमले में लंगूर गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए लंगूर की जान बचाई और इसकी सूचना सामाजिक वानिकी विभाग को दी। सूचना मिलते ही विभागीय टीम को मौके पर भेजा गया। घटना गजरौला क्षेत्र में वैवाह फार्म के निकट की है। बताया जा रहा है कि जंगल से निकलकर एक लंगूर खेतों की ओर आ गया था। खेतों में काम कर रहे किसानों ने उसे देखा, लेकिन तभी आसपास घूम रहे कई कुत्तों ने लंगूर पर हमला कर दिया। कुत्तों ने उसे बुरी तरह नोंच डाला। जान बचाने के लिए लंगूर किसी तरह एक पेड़ पर चढ़ गया, लेकिन तब तक वह बुरी तरह घायल हो चुका था।ग्रामीण गुरबीर सिंह सहित अन्य लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और कुत्तों को खदेड़ दिया। इसके बाद उन्होंने लंगूर को बचाकर वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि लंगूर के मुंह और पीठ पर गंभीर चोटें आई हैं और वह मरणासन्न अवस्था में है। इस संबंध में वन दरोगा नवीन सिंह बोरा ने बताया कि सूचना मिलते ही सामाजिक वानिकी टीम को मौके पर रवाना कर दिया गया है। घायल लंगूर का उपचार कर उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाएगा। ग्रामीणों की सतर्कता और संवेदनशीलता से लंगूर की जान बच सकी, लेकिन उसकी हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है।

## आंधी से गिरी दीवार, पिता-पुत्री की मौत, तीन घायल



**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**

बुधवार सुबह तेज आंधी ने तराई इलाके में कहर बरपाया।निघासन तहसील क्षेत्र के छेदुईपतिया गांव में एक घर की दीवार ढह गई। जिसके नीचे दबकर पिता-पुत्री की मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को निघासन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जिले के पलिया, बिजुआ और भीरा इलाके में भी तेज आंधी चली है। सड़कों पर कई जगह पेड़ गिर गए, जिससे आवागमन बाधित हो गया।

# स्वामी प्रवक्तानंद के हस्तक्षेप से सिद्ध बाबा मेले में फिर बसी रौनक

- दुकानों के लगने से श्रद्धालु और व्यापारी दोनों हुए खुश, वन विभाग ने सफाई पर जताई सहमति

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





माला जंगल स्थित प्राचीन धार्मिक स्थल सिद्ध बाबा मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी मेला आयोजित किया गया, लेकिन वन विभाग की रोकटोक के चलते इस बार व्यापारियों को दुकानें लगाने में दिक्कतें आ रही थीं। इससे श्रद्धालु और व्यापारी दोनों ही निराश थे। ऐसे में व्यापारियों ने अपनी समस्या लेकर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर और बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद से संपर्क किया। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डीएफओ मनीष सिंह से फोन पर वार्ता कर विषय उठाया और दुकानदारों को परेशान न करने की अपील की। वार्ता के बाद यह तय हुआ कि मेला स्थल पर उचित साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ दुकानें लगाई जा सकती हैं। वन विभाग ने स्वच्छता की निगरानी के लिए एक विशेष टीम गठित की है और पॉलिथीन का प्रयोग करने वालों पर जुर्माने का प्रावधान भी लागू किया गया है। मेले में जब दुकानें लगनी शुरू हुईं, तो श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे। महिला श्रद्धालुओं ने कहा कि बिना दुकानों के मेला अधूरा लगता है। बच्चों ने खिलौने खरीदते समय खुशी से झूमते हुए अपने अनुभव साझा किए। व्यापारियों और श्रद्धालुओं ने विधायक स्वामी प्रवक्तानंद का आभार जताते हुए कहा कि उनके हस्तक्षेप से ही मेला में फिर से रौनक लौट पाई है। सिद्ध बाबा तीर्थस्थल सनातन संस्कृति की एक अमूल्य धरोहर है, जिसे संरक्षित और सजीव बनाए रखना हम सभी का दायित्व है।



> श्री सिद्ध बाबा तीर्थ स्थल सभी का आस्था का केंद्र है, यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन की भावना के अनुरूप मेला स्वच्छ और व्यवस्थित रहे, यही हमारी प्राथमिकता है। दुकानदारों और श्रद्धालुओं की भावना का सम्मान करते हुए हमने प्रशासन से संवाद कर संतुलित समाधान निकाला है।
>
> **स्वामी प्रवक्तानंद**
> **विधायक बरखेड़ा (पीलीभीत)**

# कौशिक विजडम प्रीस्कूल में पांच दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



**बच्चों ने पहले दिन सीखें थ्रेड पेंटिंग, क्ले मोल्डिंग एवम डांस**

कौशिक विजडम प्रीस्कूल में मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक एवं प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने फीता काटकर पांच दिवसीय समर कैंप का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों को शिक्षिकाएं रितिका गंगवार एवं एवं असलेना परवीन ने ग्रुप ए के बच्चों को क्ले मोल्डिंग सिखाई। शिक्षिकाएं फेरी अंसारी एवं चारू सिंह ने ग्रुप बी के बच्चों को क्ले मोल्डिंग सिखाई। उसके बाद डांस टीचर साक्षी वर्मा ने बच्चों को डांस सिखाया इसी के साथ-साथ बच्चों ने थ्रेड पेंटिंग भी सीखी। समर कैंप में वेदांत वर्मा, आरना, भूविका कौशिक, अक्शा, करीमा, उस्मान, वेदांत चावला, ओजस अग्रवाल, मोहम्मद आमिर, वर्णिका बालियान, अभिराग सहगल, इज़ान शम्सी, लक्ष्य, रुद्रांश शर्मा, आरोही अरोड़ा, तृषिका शर्मा, अभिराग बाजपेई, वर्णित गौर, रितिका गंगवार, शिवाय सिंह राठौर, प्रथम वर्मा आदि नन्हे मुन्ने बच्चों ने समर कैम्प में प्रतिभा किया। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर नितिन कौशिक ने कहा इस तरीके की एक्टिविटीज से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। इसीलिए विद्यालय समय-समय पर इस तरीके की को करिकुलर एक्टिविटीज को एकेडमिक्स के साथ-साथ आयोजित करता रहता है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने अपने स्कूल के सभी शिक्षिकाओं को धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा की कौशिक विजडम फ्री स्कूल में प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी हमारा प्रत्येक टीचर बखूबी निभा रहा है और हमारा विश्वास है की आने वाले समय में हमारे स्कूल के बच्चे समाज के लिए एक सशक्त, समझदार एवं जिम्मेदार नागरिक बनकर उभरेंगे।

समर कैंप का दिशा निर्देशन प्रधानाचार्या भावना कौशिक ने किया।सारे बच्चे रंग बिरंगी वेशभूषा में आकर बहुत खुश थे।

## गांवों में पेड़ गिरे,घरों की छतें उड़ीं; केले की फसल बर्बाद

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

रमियाबेहड ब्लॉक की दुलही ग्राम पंचायत में तूफान ने तबाही मचाई है। बुधवार सुबह 7 बजे आए तूफान से कई गांवों में पेड़ गिर गए। घरों



की छतों की टीन शीट्स भी उड़ गईं।केदारी पुरवा में कई पेड़ों के गिरने से नुकसान हुआ। सतीश कुमार के घर की टीन शीट्स तूफान में उड़ गईं। छीटन पुरवा निवासी रमाकांत मौर्य के घर पर नीम का पेड़ गिरा। इससे उनके घर की दीवार और छत को नुकसान पहुंचा। इन घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ। ढखेरवा स्टेट के लगभग सभी हाईवे पर पेड़ गिर गए हैं। इससे यातायात बाधित हुआ है। क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों को तूफान से नुकसान पहुंचा है। किसानों की केले की फसल को भी काफी नुकसान हुआ है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।

# बच्चों को अनुशासन, आत्मविश्वास और रचनात्मकता से परिपूर्ण एक प्रेरणादायक अनुभव प्रदान किया

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल में समर कैंप दिवस 4ः सेना से सीख - अनुशासन, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का संगम÷कला, कौशल और करियर की दिशा में एक कदम लखीमपुर खीरी, 21 मई 2025 सेठ एम. आर. जयपुरिया स्कूल, लखीमपुर खीरी में आयोजित समर कैंप 2025 के चौथे दिन ने बच्चों को अनुशासन, आत्मविश्वास और रचनात्मकता से परिपूर्ण एक प्रेरणादायक अनुभव प्रदान किया। दिन की शुरुआत ऊर्जावान जुम्बा सत्र से हुई,जिससे विद्यार्थियों ने नई ऊर्जा के साथ दिन का शुभारंभ किया। इसके बाद बच्चों ने अपनी रुचि के अनुसार विविध गतिविधियों में भाग लेकर कौशल और रचनात्मकता को निखारा।

आज के मुख्य आकर्षण रहे सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्नल सी.पी.मिश्रा। उन्होंने समर कैंप का भ्रमण करते हुए छात्रों से संवाद किया और उन्हें आत्म-नियंत्रण, टीमवर्क, अनुशासन,और लक्ष्य प्राप्ति हेतु सतत प्रयास के महत्व को सरल और प्रभावशाली शब्दों में समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च विचार, सकारात्मक सोच और सेवा भाव को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव रखते हैं।

आज की प्रमुख गतिविधियाँ रेज़िन आर्ट, कैलीग्राफी और मंडला आर्ट जैसी रचनात्मक गतिविधियों ने छात्रों की कलात्मक अभिव्यक्ति को मंच दिया। हॉर्स राइडिंग और पॉटरी जैसी अनुभवात्मक गतिविधियों ने उन्हें पारंपरिक और व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ा। पर्सनैलिटी डेवलपमेंट सत्र में छात्रों को टीम-बिल्डिंग, शिष्टाचार (क्ष्ह्वद्व श्ढ्ढद्बह्लद्गह्लह्लद्ग) और सामाजिक व्यवहार के गुण सिखाए गए। समर शेफ - नॉन-फायर कुकिंग एक्टिविटी में बच्चों ने पौष्टिक वेज सैंडविच बनाना सीखा, जिससे उनकी रचनात्मकता और पोषण जागरूकता को बढ़ावा मिला। विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया ने कर्नल मिश्रा का स्वागत करते हुए कहा, ऐसे महान व्यक्तित्वों से बच्चों का साक्षात्कार उनके भीतर देशप्रेम, आत्मनिर्भरता और प्रेरणा की भावना का संचार करता है।

यह समर कैंप का चौथा दिन न केवल कौशल प्रशिक्षण का एक माध्यम बना, बल्कि चरित्र निर्माण और राष्ट्रप्रेम की भावना को भी प्रोत्साहित करने वाला अविस्मरणीय अनुभव रहा।

# आंधी के बाद बरसे बादल, गिरे ओले, खिले चेहरे

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

मंगलवार की सुबह अपने साथ खुशनुमा मौसम भी लेकर आई। मौसम में अचानक हुए बदलाव ने पिछले कई दिनों से गर्मी से बेहाल आम जनमानस को राहत दी। पहले आंधी चली, बाद में बारिश व कुछ इलाकों में ओलावृष्टि हुई। मौसम के इस बदले मिजाज से किसान खुश हैं। गन्ना, उड़द व सब्जियों की फसल को बारिश से फायदा पहुंचा है। नमी आने से किसान अब धान की बोआई के लिए खेत तैयार करने में जुट गए हैं। हालांकि, कुछ देर बाद मौसम का मिजाज फिर पुरानी रौ में आ गया। मौसम के मिजाज में दो-तीन दिनों से उतार-चढ़ाव बना हुआ था। बादलों की आवाजाही और कुछ इलाकों में बौछारें पड़ने के बाद फिर सूरज की तपिश के कारण लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही थी। मंगलवार की सुबह करीब 6ः10 बजे मौसम के बदले मिजाज ने उस वक्त राहत पहुंचाई जब तेज आंधी के बाद बारिश शुरू हो गई। खैराबाद और इमलिया सुल्तनपुर इलाकों में ओले भी गिरे। हालांकि, ओलावृष्टि हल्की ही रही और इससे किसी तरह का कोई नुकसान सामने नहीं आया। आंधी-पानी से मौसम सुहाना हो गया। आम जनमानस को गर्मी से राहत मिली और बारिश से फसलों को फायदा पहुंचा है। किसान राजेश व दिनेश ने बताया कि इस समय धान की पौध लगाने के लिए खेत तैयार करना है। बारिश से नमी आने के चलते अब किसान खेत तैयार कर सकते हैं।

## शहर की खूबसूरती को निखारेगा हुसैनगंज पार्क

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

शहर के हुसैनगंज बिजवार वार्ड में उपवन योजना के तहत विकसित हो रहे पार्क का पालिकाध्यक्ष ने मंगलवार को निरीक्षण किया।

उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान रखने के निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी ने बताया कि उपवन योजना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। पार्क में ओपेन जिम, बच्चों के लिए आकर्षक झूले, रनिंग पाथ के अलावा नगर की आबोहवा को बदलने के लिए मियावाकी तकनीक से वन स्थापित किया जाना है।

बताया कि मियावाकी तकनीक में देसी पौधों को लगाया जाता है। मियावाकी वन में औषधीय और सुगंधित पौधों का भी रोपण होगा।

# तो क्या किसी बडे हादसे के इन्तजार मे है बिजली विभाग..?

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**



विगत लगभग एक वर्ष पूर्व तहसील गोला क्षेत्र के गांव बांसगांव मे गोला जडौरा मार्ग से बांसगांव व वही गांव जाने बाले मार्ग पर सडक पेटेंट का कार्य चल रहा था। इस दौरान सडक को दुरूस्त करने बाले रोलर की चपेट मे आने से विजली का ऐक खम्भा टुट गया था। ग्राम प्रधान सोमनाथ मिश्र की सूचना पर पहुचे विजली विभाग के जेई शिवम पाण्डेय ने सडक पर काम कर रहे कर्मचारियो से खम्भा टूटने के ऐवज मे भारी भरकम रकम लगभग पंद्रह हजार रूपये की बसूली कर लिये थे। इसके पश्चात ग्राम प्रधान सोमनाथ को आश्वस्त कर गये थे कि अतिशीघ्र ही खम्भे को लगाकर लाइट संचालित की जायेगी। और पेडो पर केवल बांधकर लाइन को चालू कर दिया गया था। ग्राम प्रधान ने बताया कि आज लगभग ऐक बर्ष पूरे होने को है न तो अभी तक कोई पैसा लेकर खम्भा बदला गया है न तो पेडो पर से हो रही विजली सप्लाई को दुरूस्त किया गया है। कल सुबह आई तेज आधी से विजली के तार पेडो से छूटकर जमीन तक गिर गये है। जिससे ग्रामीणो पर मौत का सया हर समय मंडराता रहता है। ग्रामीण सोनू मिश्र बताते है उसी पेड के नीचे हमारे जानवर भी बंधे रहते है जिससे पेडो पर क्रंट उतर कर जानबरो को नुकसान हो सकता है। सोमनाथ मिश्र, ग्राम प्रधान बांसगांव ने बताया कि कई बार विजली विभाग के एसडीओ व जेई को फोन करके अवगत कराया जा चुका है लेकिन हर बार केवल उनको आश्वासन ही दिया जाता रहा है। शिवम पाण्डेय जेई को जब फोन लगाया गया तब उनका फोन नही उठा।

# डॉक्टर मोहम्मद आदिल गफ्फार को मिली मैक्स फेलोशिप

**जन एक्सप्रेस। अमीरनगर खीरी**



डॉक्टर मोहम्मद आदिल गफ्फार को मिली मैक्स फेलोशिप,बनेंगे सुपर स्पेशलिटस्ट कैंसर सर्जन। मोहम्मदपुर अमीर नगर निवासी डा.शमीम अहमद के छोटे बेटे डा.मो.आदिल गफ्फार (मैक्जीलोफेशियल सर्जन) का चयन मैक्स फेलोशिप के लिए हुआ है। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल दिल्ली से प्रो.डा.सौरभ कुमार अरोड़ा के सुपरविजन में हेड एंड नेक आन्को सर्जरी में एक वर्षीय फेलोशिप पूरा करने के बाद सुपर स्पेशलिटस्ट कैंसर सर्जन बनेंगे।ज्ञात हो कि डॉक्टर मो.आदिल गफ्फार ने इंटरमीडिएट पी डी भारती इंटर कॉलेज मोहम्मदी से, स्नातक बाई डी कॉलेज लखीमपुर से और परास्नातक रीवा विश्वविद्यालय रीवा मध्य प्रदेश से करने के बाद बीडीएस और एमडीएस (मैक्जीलोफेशियल सर्जन) कैरियर डेंटल कॉलेज लखनऊ से करने के बाद वर्तमान में सरस्वती डेंटल कॉलेज लखनऊ में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। डा. मो. आदिल गफ्फार अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और बड़े भाई डा.मो.राहिल गफ्फार को देते हैं। डा.मो.आदिल गफ्फार अपने मिलनसार स्वभाव और कार्य के प्रति समर्पित भाव के लिए जाने जाते हैं। उनके चैन से घर परिवार और उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर है।

# डूबते किशोर को बचाने कूदे, डूबने वाला बच निकला, बचाने गए दोनों डूबे, मौत

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर







बड़हलगंज थाना क्षेत्र के खुटभार गांव निवासी भोला पासवान के लड़के प्रियांशु पासवान और एक सहयोगी नदी में एक डूब रहे युवक को बचाने गए थे। डूबने वाला युवक पानी से बाहर निकल गया, जबकि इन दोनों की डूबने से मौत हो गई।
गोरखपुर चिल्लूपार के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के खुटभार गांव निवासी भोला पासवान का लड़का प्रियांशु पासवान ( 15) राप्ती नदी में डूब गया है, इसके साथ देवरिया जिले के भिरवा गांव का भी एक लड़का डूब गया है। दोनों की मृत्यु भी हो गई है। जानकारी के मुताबिक, ग्रामीणों के अनुसार नरायनपुर गांव निवासी समर (12) पुत्र गिरीश हरिजन राप्ती नदी में डढ़िया गांव के निकट नहा रहा था। वह गहराई में जाने के कारण डूबने लगा, जिसको देख भिरवा गांव निवासी सुजीत साहनी (17) पुत्र राजेश बचाने को कूद पड़ा। दोनों नदी में डूबने लगे। नदी के उस छोर पर गोरखपुर जिले के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के खुटभार निवासी प्रियांशु (15) पुत्र भोला पासवान दोनों को डूबता देख वह भी नदी में कूद पड़ा। इस दौरान समर निवासी नरायनपुर किसी तरह बचकर नदी के किनारे पहुंच गया और उसकी जान बच गई।
जबकि उसे बचाने को कूद सुजीत साहनी और प्रियांशु की मौत हो गई। सुजीत को लेकर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रुद्रपुर ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत बताया। वहीं प्रियांशु को उसके घर वाले बड़हलगंज के सीएचसी पर ले गए। दोनों जिले के पुलिस ने दोनों मृतकों को पोस्टमार्टम कराने को भेज दिया। घटना की खबर से लोग स्तब्ध हो गए। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना में बचा समर बदहवाश हो गया।

## सीएचसी सलेमपुर को मिली जन औषधि केंद्र की सौगात

जन एक्सप्रेस | देवरिया

सीएचसी परिसर में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने केंद्र संचालक आशुतोष मणि त्रिपाठी के साथ दीप प्रज्ज्वलित और फीता काट कर केंद्र का उद्घाटन किया। यहां मरीजों को सस्ती दर पर दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि जन औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस सोच का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत आमजन को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य सेवा का अधिकार हर नागरिक का है। उन्होंने कहा कि कोई भी हॉस्पिटल मंदिर समान होता है, इसे व्यापार न बनाएं। सीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि जिले में 16 सीएचसी में जन औषधि केंद्र के खुलने से ग्रामीण और कस्बों में रहने वाले लोगों को साहूलियत मिलेगी। क्योंकि कम कीमत में गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं आसानी से मिल सकेंगी। पूर्व विधायक काली प्रसाद ने कहा कि कई बार मरीजों को डॉक्टर द्वारा लिखी गई महंगी दवाएं खरीदनी पड़ती है।

## शिक्षा की तरफ: मूक बधिर व दिव्यांग भी बनेंगे साक्षर



जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि मूक-बधिर तथा दिव्यांग बच्चें को बेहतर शिक्षा दी जाएगी। ताकि वे साक्षर बनकर अपना जीवनयापन आत्मनिर्भर होकर करेगे। सांकेतिक भाषा का ज्ञान भी दिया जाएगा। जिला प्रशासन की टीम समय-समय पर इसका निगरानी और समीक्षा भी करेगी। नवीन संकेत मूक बधिर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के प्रथम सत्र 2025-26 का शुभारंभ मंगलवार को खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय और रामकोला विनय प्रकाश गौड़, डीएम महेन्द्र सिंह तंवर ने किया। उद्घाटन के बाद बच्चों के साथ खड़े डीएम, विधायक विवेकानंद पांडेय छात्राओं ने सरस्वती गीत प्रस्तुत किया। खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय ने कहा कि इस विद्यालय के माध्यम से मूक बधिर बच्चों को शिक्षा प्रदान कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि 200 विद्यार्थियों की क्षमता वाले विद्यालय में समस्त कलाएं भी भविष्य में सिखाई जाएंगी। मूक-बधिर तथा दिव्यांग बच्चें को बेहतर शिक्षा दी जाएगी। ताकि वे साक्षर बनकर अपना जीवनयापन आत्मनिर्भर होकर करेगे। सांकेतिक भाषा का ज्ञान भी दिया जाएगा।

## पीएम का फेक वीडियो बनाने वाला युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस/महराजगंज। ठूठीबारी कस्बे में घड़ी व मोबाइल की दुकान चलाने वाले एक युवक ने भारत के प्रधानमंत्री की आवाज का एडिटिंग और कुटरचित विडियो इंटरनेट के सोसल मीडिया पर वायरल किया था। ठूठीबारी कोतवाली पुलिस प्रशासन ने वायरल पोस्ट को संज्ञान लेते हुए युवक को कस्बे से दबोच सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही में जुट गई। पड़ोसी मुल्क नेपाल नवलपरासी जिले के पाल्हीनंदन गांव पालिका छोटी कुसुमा निवासी जैनुद्दीन अंसारी ठूठीबारी मरचहवां रोड़ पर मोबाइल की दुकान किया है जैनुद्दीन अंसारी अपने फेसबुक आईडी पर पाकिस्तान प्रेम का इजहार करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आवाज का एडिटिंग वीडियो वायरल कर दिया। एडिटिंग और कुटरचित विडियो में देश के प्रधानमंत्री दोनों हाथ जोड़कर गलती से आपरेशन सिंदूर के लिए पाकिस्तान से माफी मांगते देखा जा सकता है। जिसको लेकर कस्बे के लोगों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्रा ने बताया की आरोपी युवक जैनुद्दीन के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर न्यायालय रवाना कर दिया गया।

# फ्रेंचाइजी लेने के चक्कर में 11.21 लाख रुपये की जालसाजी- नंबर हुआ बंद...तब पता चला ठगे गए

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



कैंट इलाके के बेतियाहाता निवासी द्विजेंद्र नाथ शुक्ला ने साइबर थाने में तहरीर देकर बताया कि कुछ महीने पहले खाद्य पदार्थ की एक बड़ी कंपनी की डीलरशिप लेने के लिए गूगल पर सर्च किया। इसके बाद कंपनी का एक लिंक मिला। उसके माध्यम से आवेदन किया। यह प्रक्रिया पूरी होते ही एक मेल आया। कैंट इलाके के एक व्यक्ति से खाद्य पदार्थ की एक बड़ी कंपनी की फ्रेंचाइजी लेने के चक्कर में 11.21 लाख रुपये की जालसाजी हो गई। पीड़ित ने सोमवार को साइबर थाने में अज्ञात पर केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पहले भी फ्रेंचाइजी के चक्कर में लोग मोटी रकम गंवा चुके हैं।
कैंट इलाके के बेतियाहाता निवासी द्विजेंद्र नाथ शुक्ला ने साइबर थाने में तहरीर देकर बताया कि कुछ महीने पहले खाद्य पदार्थ की एक बड़ी कंपनी की डीलरशिप लेने के लिए गूगल पर सर्च किया। इसके बाद कंपनी का एक लिंक मिला। उसके माध्यम से आवेदन किया।
यह प्रक्रिया पूरी होते ही एक मेल आया। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति की कॉल आई। उसने कहा कि कंपनी का डीलरशिप मैनेजर आयुश वालिया बोल रहा हूं। उसने विश्वास में लेकर 17 अप्रैल 2025 को अपने बैंक खाते में दो बार में कुल 11.21 लाख रुपये जमा कराए।
काफी समय बाद भी जब फ्रेंचाइजी नहीं मिली तो मैनेजर के मोबाइल नंबर पर कॉल की। नंबर बंद बता रहा था। कई बार कोशिश की पर बात नहीं हो पाई, तब जालसाजी का अहसास हुआ। इस संबंध में एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि केस दर्ज करके जांच की जा रही है।

## एनएच केवल कंक्रीट नहीं, भारत की तरक्की का प्रतीक

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

स्थानीय कस्बे के पावानगर महावीर इंटर कॉलेज में देवरिया लोकसभा क्षेत्र के फाजिलनगर, पटहेरिया, सलेमगढ़ में तीन फ्लाईओवर का शिलान्यास मंगलवार की शाम को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग तथा कारपोरेट मंत्रालय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने किया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र बुद्ध और महावीर स्वामी की परिनिर्वाण का स्थली है। यहां के जनप्रतिनिधि जनकल्याण के कार्यों में जुटे रहते है। एनएचएआई ने यहां किसी ब्लैक स्पॉट का जिक्र रिपोर्ट में नहीं किया था, लेकिन कुशीनगर सांसद विजय दुबे और देवरिया सांसद शशांक मणि ने क्षेत्र के लोगों की समस्या से अवगत होते हुए फ्लाईओवर के निर्माण की मांग की थी। यह एनएच केवल कंक्रीट नहीं बल्कि भारत के तरक्की का प्रतीक है। प्रदेश सरकार में ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि पिछले दस वर्षों में पूर्वांचल राजमार्गों से पूरी तरह जुड़ गया।

# एवरेस्ट बेस कैंप पहुंचने वाले साइक्लिस्ट को केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

### नेपाल के एवरेस्ट बेस कैंप तक साइकिल से पहुंचने वाले भारत के सबसे कम उम्र के साइक्लिस्ट बने शिवम

जन एक्सप्रेस | महराजगंज





महराजगंज के मिठौरा क्षेत्र के करौता निवासी शिवम पटेल ने एक अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है। वह एवरेस्ट बेस कैंप तक साइकिल से पहुंचने वाले भारत के सबसे कम उम्र के साइक्लिस्ट बन गए हैं। इस अद्वितीय उपल्बिध को %इंडिया बुक आफ रिकार्ड% ने नाम दर्ज करते हुए उन्हें मान्यता दी है। केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने अपने कैम्प कार्यालय पर शिवम पटेल को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।
महज 18 वर्ष की उम्र में शिवम ने 28000 किमी से भी अधिक की साइकिल यात्रा पूरी कर यह कीर्तिमान हासिल किया। इस उपलब्धि के तहत वह भारत से सटे मित्र राष्ट्र नेपाल के एवरेस्ट बेस कैंप तक साइकिल से पहुंचने वाले भारत के सबसे कम उम्र के साइक्लिस्ट बन भी गए हैं। शिवम ने 36 दिनों की इस साहसिक यात्रा में नेपाल की दुर्गम पर्वतीय रास्तों को पार कर 5600 मीटर की ऊंचाई तक साइकिल चलाई। इस साहसिक उपलब्धि के लिए शिवम ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड को आवेदन भेजा था। छह महीने बाद रिकॉर्ड प्राधिकरण ने इसे मान्यता दी और प्रमाण पत्र के साथ उनका नाम रिकॉर्ड बुक में दर्ज किया। इस मौके पर जिले के भाजपा सांसद व केन्द्रीय मंत्री ने अपने कार्यालय पर शिवम पटेल को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। मंत्री ने कहा कि जनपद के युवा भिन्न भिन्न क्षेत्रों में अपने जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। यह हम सभी के लिए बड़े ही गर्व की बात है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, अजय कुमार श्रीवास्तव, सानंदन पटेल, जितेंद्र पटेल, रामशीष पटेल, बैजनाथ पटेल, ओमप्रकाश पटेल आदि उपस्थित रहे।

# केंद्रीय टीम ने जांची वन्यजीवों की सेहत...27 मई तक चिड़ियाघर बंद

### आज आएगी शासन की ओर से बनाई गई टीम, जानेगी वन्यजीवों की मौत का कारण

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू के संक्रमण और वन्यजीवों की मौत की जांच के लिए आई केंद्रीय टीम ने मंगलवार को जांच पूरी कर ली। टीम दूसरे दिन वन्यजीवों के स्वास्थ्य की जांच के बाद कानपुर चिड़ियाघर के लिए रवाना हो गई। वहां भी टीम संक्रमण की जांच करेगी। इसके साथ ही चिड़ियाघर को 27 मई तक के लिए फिर बंद कर दिया गया है।
शहीद अशफाक उल्लाह खां प्राणि उद्यान में बाघिन शक्ति की मौत में बर्ड फ्लू के संक्रमण की पुष्टि के बाद से ही चिड़ियाघर दर्शकों के लिए बंद है। चार वन्य जीवों की मौत और बर्ड फ्लू के संक्रमण को देखते हुए केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) ने टीम बनाई थी। इसमें डिपार्टमेंट ऑफ एनिमल हसबेंडरी दिल्ली के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. विजय कुमार तेवतिया, राष्ट्रीय उच्च पशु रोग संस्थान भोपाल के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार, आईवीआरआई बरेली से वाइल्ड लाइफ हेड डॉ. एम पावड़े और सीनियर पैथोलॉजिस्ट डॉ. एम करिकलन शामिल हैं।
टीम ने दो दिन तक बाड़ों का निरीक्षण कर बब्बर शेर भरत की जांच और सैंपल लेने के साथ ही 50 से अधिक सैंपल लिए। इनमें कई पक्षियों की बीट के सैंपल भी शामिल हैं। इसके अलावा तालाब, जानवरों के पीने और नहाने के पानी का भी सैंपल टीम ने लिया है। सभी सैंपल की जांच राष्ट्रीय उच्च पशु रोग संस्थान भोपाल और आईवीआरआई बरेली को भेज दिया गया। मंगलवार को टीम ने वन्यजीवों के स्वास्थ्य की जांच की। मंगलवार को भी चिड़ियाघर परिसर में एक कौआ मरा मिला। टीम की शुरुआती जांच में भी यह जानकारी सामने आई है कि संक्रमण की वजह पक्षी या कौए हो सकते हैं। जांच के दौरान टीम ने सबसे अधिक समय पक्षियों के बाड़े के पास दिया। टीम का मानना है कि कहीं न कहीं कौए या फिर पक्षी ही संक्रमण के कैरियर बन रहे हैं। ऐसे में पक्षियों को लेकर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए।
चिड़ियाघर में वन्य जीवों की मौत से पूरे प्रदेश में हड़कंप है। इसे लेकर शासन स्तर से एक हाई लेवल कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी मंगलवार की शाम गोरखपुर पहुंची और वन्यजीवों की मौत की रिपोर्ट मांगी।
चिड़ियाघर के चिकित्सकों से वन्य जीवों के स्वास्थ्य और रखरखाव के बारे में सवाल-जवाब किए। बुधवार को कमेटी चिड़ियाघर में व्यवस्थाओं को देखेगी। इसके साथ ही अस्पताल में सुविधाओं का जायजा लेगी। यह कमेटी रिपोर्ट तैयार कर शासन को देगी ताकि व्यवस्था में सुधार कराया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## सेना भर्ती की तैयारी में दौड़ने निकले युवक की वज्रपात से मौत

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

चौराचौरा इलाके में सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे युवक की मंगलवार सुबह वज्रपात की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। हादसे के शिकार युवक की पहचान क्षेत्र के छबैला टोला मुहम्मदपुर निवासी सूरज सिंह (23) के रूप में हुई। आसपास मौजूद लोगों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी।
ग्रामीणों के मुताबिक, सूरज सिंह सेना में भर्ती की तैयारी कर रहा था। सोमवार को भोर में पांच बजे बाइक से सरैया ग्राउंड पर दौड़ने जा रहा था। इसी बीच गांव के सिवान में तेज गरज और चमक के साथ वज्रपात हो गया जिसकी चपेट में आ जाने से सूरज की मौत हो गई। सूरज दो भाइयों में बड़ा था। पिता सुरजीत सिंह ने बताया कि सूरज कई प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर चुका था।

# कांग्रेस: संगठन को क्रियाशील बनाने के लिए 100 दिन... बूथ तक गठित होंगी कमेटियां

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

कांग्रेस पार्टी ने यूपी में संगठन को फिर पहले जैसा सक्रिय बनाने के लिए 100 दिन का समय तय किया है। इस दौरान जिला, ब्लॉक, न्याय पंचायत व बूथ स्तर पर कमेटियों का गठन किया जाएगा। इस कार्य की निगरानी के लिए हर जिले में एक वरिष्ठ पदाधिकारी को समन्वयक बनाया गया है। 25 मई तक सभी जिलों में जिला कमेटियों का गठन करना है।
पिछले महीने कांग्रेस ने एक साथ प्रदेश के सभी जिला व महानगर अध्यक्षों के नाम घोषित किए थे। गोरखपुर समेत कई जिलों में घोषित नाम को लेकर विरोध हुए। कुछ जिलों के कार्यकर्ता लखनऊ तक विरोध जताने पहुंचे। लेकिन इन सबको दरकिनार करते हुए केंद्रीय नेतृत्व में जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्षों की पहले दिल्ली और फिर लखनऊ में बैठक बुलाई। दिल्ली की मीटिंग में केंद्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने अध्यक्षों से संगठन को सक्रिय बनाने के लिए फीड बैक लिया था। अब हर जिले के लिए एक-एक वरिष्ठ नेता को समन्वयक बनाया गया है।
गोरखपुर को मिला तवज्जो
संगठन को गतिशील बनाने की जिम्मेदारी पाने में गोरखपुर के कांग्रेसी सबसे आगे हैं। यहां की पूर्व जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान को बस्ती का समन्वयक बनाया गया है। उनके साथ अयोध्या के वरिष्ठ नेता जयकरन वर्मा भी होंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद जमाल को देवरिया जिले का समन्वयक बनाया गया है तो कुशीनगर की जिम्मेदारी युवक कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री आलोक मल्ल को मिली है। महराजगंज का समन्वयक पार्टी के वरिष्ठ नेता व देवरिया से लोकसभा चुनाव लड़े पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह को बनाया गया है। संतकबीरनगर के लिए मनोज यादव व पूर्व सांसद कमांडो कमल किशोर को समन्वयक बनाया गया है। इसके अलावा वरिष्ठ नेता जितेंद्र पांडेय को बलिया का समन्वयक बनाया गया है। पार्टी ने 100 दिन में संगठन को सक्रिय बनाने का लक्ष्य तय किया है। हर जिले में एक वरिष्ठ नेता को समन्वयक बनाकर भेजा गया है। पहले जिला कमेटी, फिर ब्लॉक, न्याय पंचायत व बूथ कमेटियों का गठन कराना है। सक्रिय कार्यकर्ताओं को सही जिम्मेदारी मिल जाएगी तो संगठन स्वतः ही क्रियाशील हो जाएगा। हमारा प्रयास है कि तय समय पर सभी कार्य पूरे हो जाएं।

# तीन घंटे तक घने जंगलों में था सिरफिरा, गोद में खिलखिलाती रही खतरे से अनजान शानवी

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

खोराबार इलाके से सोमवार की रात आठ बजे नौ माह की बच्ची को लेकर भागा सिरफिरा आकाश साहनी उर्फ कनवा तीन घंटे तक घने जंगल में घूमता रहा। वहीं खतरे से अनजान शानवी उसकी गोद में हंसती-खेलती रही। गनीमत है कि किसी अनहोनी से पहले ही आरोपी दबोच लिया गया। गांव के आसपास पहले भी वह हंगामा कर चुका है।
रामनगर कड़जहा कोड़ाती टोला निवासी राजेश प्रजापति के चाचा का सोमवार को तिलक समारोह था। राजेश ने बताया कि गांव के रमाकांत पाल अपनी नौ माह की पोती शानवी को लेकर आए थे। रात आठ बजे बजे वह खाना खाने जा रहे थे तभी आकाश ने कहा कि आप खाना खा लीजिए मैं बच्ची को घुमाकर लाता हूं। वह बच्ची को लेकर डीजे के पास चला गया। रमाकांत भोजन के बाद आकाश को ढूंढने लगे लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। घर आकर उन्होंने शानवी के बारे में पूछा तो बहू रेखा ने कहा कि वह तो आपके साथ ही थी। इसके बाद रमाकांत फिर तिलक समारोह में पहुंचे।
राजेश ने बताया कि बच्ची के लापता होने की जानकारी होने पर डीजे बंद कराकर सभी लोग आसपास खेत व बाग में उसे ढूंढने लगे। माइक पर अनाउंस भी कराया गया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि कुसम्ही के पास रेलवे गेट पर तैनात कर्मचारी से बच्ची के बारे में पूछा गया तो, उसे कुछ नहीं पता था। फिर गेटमैन ने बहरामपुर गेट पर तैनात कर्मचारी को कॉल कर पूछा। उस कर्मचारी ने बताया कि एक युवक बच्ची को लेकर जंगल में गया है। इस सूचना पर पुलिस के साथ ही ग्रामीण जंगल में घुस गए। रात करीब 12:30 बजे बच्ची आरोपी की गोद में खेलती मिली। उसके हाथ में एक चिप्स का पैकेट भी था। आकाश को पकड़कर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बच्ची को लेकर भागने की बात कबूल की लेकिन वजह नहीं बताई। छह माह से कोमा में हैं बच्ची के पिता रमाकांत के दो बेटे हैं। बड़े बेटे पिंटू की शादी 2018 में रेखा से हुई थी। उसकी नौ माह की शानवी और उसकी चार साल की एक और बेटी है। रमाकांत ने बताया है कि 24 नवंबर को पिंटू ननिहाल में मामा की शादी में गया था। लौटते समय हादसे में घायल हो गया जिसके बाद से कोमा में है।

## डीडीयू: छह दिन में तीसरी बार बदली बैक पेपर की समय सारिणी

जन एक्सप्रेस/गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं संबद्ध कॉलेजों में 22 मई से होने वाली बैक परीक्षाओं की समय सारिणी में छह दिन के अंदर तीसरी बार बदलाव किया गया है। संशोधित समय सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। बैक पेपर के बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी हैं, जिनका एक से अधिक पेपर में बैक लगा है। विभिन्न विषयों की परीक्षाएं एक साथ होने की शिकायत उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से की थी। छात्र हित को देखते हुए समय सारिणी में फिर से संशोधन किया गया है। विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों में स्नातक और परास्नातक सम सेमेस्टर के द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की बैक पेपर की परीक्षाओं की समय सारिणी पहले 15 मई को जारी की गई थी। इसके बाद 17 मई को दूसरी बार समय सारिणी जारी की गई।

# छत से गिर कर ठेकेदार की मौत, हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

गुलरिहा इलाके के मंगलपुर स्थित बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज की छत से सोमवार की देर रात एक व्यक्ति की गिरकर मौत हो गई। पहचान जगदीशपुर उत्तरी निवासी राम केवल निषाद (55) के रूप में हुई। घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। सूचना पर पहुंचे सीओ गोरखनाथ और गुलरिहा पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।
जानकारी के मुताबिक, मंगलपुर के जगदीशपुर उत्तरी निवासी राम केवल निषाद दो भाइयों में छोटे थे। बड़े भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। राम केवल की कोई संतान नहीं है। पिछले आठ साल से पत्नी और घरवालों से भी संबंध अच्छे नहीं थे। रामकेवल बंगलूरू में रहकर पेंट पॉलिश का काम ठेकेदारी पर करते थे।
पुलिस के मुताबिक, तीन मई को पटीदारी के शादी में शामिल होने घर आए थे। पिछले आठ साल से जब भी घर आते थे तो बीएसएनएल एक्सचेंज पर ही रहते थे। वहीं से फिर बंगलूरू चले जाते थे। वहां के चौकीदार सतई ने बताया कि सोमवार रात करीब दस बजे वह एक तिलक समारोह से आए। तब एक्सचेंज पर राम केवल रघुनाथपुर के एक व्यक्ति के साथ मछली खा रहे थे। इसके बाद वह अपने कमरे में जाकर सो गए। रात के समय छत पर कब गए और कैसे गिरे कुछ जानकारी नहीं हो सकी।
रात में जेसीबी चालक ने शव देखकर दी जानकारी चौकीदार ने बताया कि रात करीब एक बजे उधर से गुजर रहे जेसीबी चालक ने रामकेवल को गिरा देखकर जानकारी दी। रामकेवल के सिर के पिछले भाग व नाक-कान से खून निकल रहा था। आसपास के लोगों को बताने के साथ उनके परिजनों को सूचना दी। इसी दौरान गश्त से वापस जा रही सरहरी चौकी पुलिस भीड़ देख कर रुक गई। घटना की जानकारी लेने के बाद थाना प्रभारी को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह एवं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह ने भी पहुंच कर जांच की। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण पता चलेगा। वहीं क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि शराब के नशे में गिरकर मौत हुई है। छत से गिरकर मौत की बात सामने आई है। परिजनों से भी बातचीत की गई है, उन्होंने भी कहीं कोई दुश्मनी से इन्कार किया है। पुलिस जांच कर रही है, पोस्टमार्टम के बाद मौत की वजह पता चल पाएगी।

## ट्रेलर में फंसकर 50 मीटर घिसट गया युवक, मौत

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

इलाके के जंगल सुभान अली बेलवा में मंगलवार दोपहर ट्रेलर में फंसकर साइकिल सवार 50 मीटर दूर तक घसीट गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर ट्रेलर को कब्जे में लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।
उनौला खुर्द निवासी बुचड़ू (46) दोपहर एक बजे विकास भारती चौराहे पर दाढ़ी बनवाने साइकिल से गए थे। वापस जाते समय बेलवा गांव के राइस मिल के समीप पहुंचे थे कि पीछे से तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दिया। बुचड़ू साइकिल समेत ट्रेलर में फंस गए और 50 मीटर तक घसीटते हुए गए। स्थानीय लोगों के शोर मचाया तो चालक ने गाड़ी रोकी।

# तुलसीपुर में विधायक के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

जन एक्सप्रेस । तुलसीपुर बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय पर बुधवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा के क्षेत्रीय विधायक कैलाशनाथ शुक्ला के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा हनुमानगढ़ी मंदिर चौराहे से कलश चौराहा भाजपा कार्यालय तक निकाली गई । तिरंगा यात्रा में शामिल लोग हाथो में तिरंगा लिए चल रहे थे। पदयात्रा में भारतीय सेना की महिला सैनिक कर्नल सोफिया कुरैशी व व्योमिका सिंह के जिंदाबाद व भारत माता की जय तथा वन्देमातरम के गगनभेदी नारों से नगर गुंजायमान रहा। विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि हमारे जांबाज सेना ने जी बहादुर के साथ पाकिस्तान मे चल रहे आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद किया है तथा जिस प्रकार पाकिस्तान की एयर बेस पर हमला कर उसे घुटनों पर लाकर गिड़गिड़ाने के लिए मजबूर कर दिया है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम होगी । आज पूरा देश भारतीय सेवा के सौर्य पर गौरवानित है । तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम अपनी अपनी सेवा के जज्बे को नमन कर रहे हैं और यह विश्वास दिला रहे हैं कि देश की 140 करोड लग सेना के साथ हैं । तिरंगा यात्रा में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह, महामंत्री विष्णु देव गुप्ता, शेरावाली शुक्ला, राम प्रसाद सिंह, अमर नाथ शुक्ला, मंडल अध्यक्ष विश्राम सिंह, महंत राम गुप्ता, बृज गोपाल पांडे, अनिल लाठ,राम जी आर्य,ओम प्रकाश चौरसिया, बनारसी लाल मोदनवाल,प्रेम मित्तल अनूप गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, चरन स्वरूप शर्मा, अनूप श्रीवास्तव, विजय प्रताप सोनी, विवेक मोदनवाल, शिवकुमार गुप्ता सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## आल इंडिया शैख जमीअतुल अब्बास (रजि.) का पुनर्गठन

जन एक्सप्रेस/आगरा। आल इंडिया शैख जमीअतुल अब्बास (रजि.) संस्था ने हाजी आरिफअजीज को केन्द्रीय नेत्रन्व ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है और आगरा के वरिष्ठ समाज सेवी डॉ.एम.ए.गौरी को पुन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत गया है। हाजी आरिफ अजीज ने केन्द्रीय नेत्रन्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संपूर्ण समाज ने मुझे जो जिम्मेदरी दी है पूरी इमानदारी से इसका पालन करते हुए समाज की खिदमत का काम करेंगे और देश में अब्बासी बिरादर को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास करेंगे। डॉ.एम.ए.गौरी ने कहा कि आल इण्डिया शैख जमीअतुल अब्बास 1938 की रजिस्टर्ड संस्था है। जो हमारे बुजुर्गों ने अब्बासी समाज के उत्थान और हक की लड़ाई के लिए उपरोक्त संस्था के रूप में एक मजबूत प्लेट फार्म दिया। उपरोक्त रजिस्टर्ड संस्था 1938 से आज तक सम्पूर्ण भारत के सभी राज्यों, जिला, तहसील स्तर पर लगभग 87 वर्ष से कार्यरत है। अब हम सब मिलकर समाज को शैक्षिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक आदि सभी क्षेत्रों में सशक्त और कामयाब बनाने के लिए काम करेंगे। राष्ट्रीय महासचिव आगरा एन.के.अब्बास ने बताया की यह एक समाजसेवी संस्था है जो 1938 से अब तक लगातार समाजसेवा का कार्य कर रही है और आप सबके सहयोग से आगे भी हम समाज को सशक्त और सफल बनाने के लिए कार्य करते रहेंगे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद के जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में बैंकर्स के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की विभागवार समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना तहत शासन द्वारा जनपद को 2200 लाभार्थियों का लक्ष्य है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि अब तक योजना के अंतर्गत 1790 आवेदन बैंकों को प्रेषित की जा चुकी है। जिसमें से बैंकों द्वारा 369 आवेदन स्वीकृत कर 193 लाभार्थियों को ऋण वितरित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा सबसे ज्यादा आवेदनों को स्वीकृत कर ऋण वितरित किया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की एक एक करके विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को लक्ष्य को गंभीरता से लेने और आगामी पांच माह के भीतर सभी विभागों को अपने अपने निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकर्स को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सभी बैंक ब्रांचवार निर्धारित लक्ष्य को पूरा करें।उपायुक्त उद्योग एवं अग्रणी जिला प्रबंधक को बैंकवार सभी ब्रांच मैनजरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रगति एवं समस्या जानकर अवगत कराने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त उद्योग, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आदि सहित,सेवायोजन, हथकरघा, राज्यकर, खनन, आई टी आई, डूडा आदि विभाग सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# हरि गोपाल मौर्य बने जन अधिकार पार्टी के जिला प्रभारी

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद में जनअधिकार पार्टी ने अपनी पार्टी के संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकन्या कुशवाहा के निर्देश पर हरिगोपाल मौर्य को अम्बेडकरनगर का जिला प्रभारी नियुक्त किया है हरि गोपाल मौर्य जौहारडीह मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के रहने वाले हैं पार्टी के केंद्रीय कार्यालय द्वारा जारी मनोनयन पत्र में हरि गोपाल मौर्य को संगठन के सिद्धांतों के प्रति निष्ठावान रहते हुए अपने पद की जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन की अपेक्षा जताई गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कन्या कुशवाहा ने हरि गोपाल मौर्य से अपेक्षा किया है कि जनपद में पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करें

इनके मनोनयन पर धर्मेंद्र कुमार मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष विनय मौर्य सुधीर गुरु जी प्रदीप तिवारी बरकत अली महेंद्र कुमार सोनू सिंह रमेश यादव मोहम्मद रेहान सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

## प्रेमी से शादी करने छर्रा पहुंची मुरादाबाद की युवती

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

प्रेम प्रसंग में मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र की एक युवती मंगलवार को प्रेमी से शादी करने कस्बा छर्रा आ गई। युवती के परिवार में जानकारी मिलने से खलबली मच गई। युवती को कस्बा छर्रा निवासी जीजा अपने घर ले गया। देर शाम दोनों के परिजनों में शादी कराने को लेकर सहमति बन गई। मुरादाबाद के थाना कटघर के एक मोहल्ला निवासी 21 वर्षीय युवती का लगभग तीन वर्ष से कस्बा छर्रा के एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती मुरादाबाद में एक रेडीमेड की दुकान पर नौकरी करती है। युवक कस्बा की सब्जी मंडी में परचूनी की दुकान करता है। युवती की एक बहन भी कस्बा छर्रा में रहती है। वह जब अपनी बहन के यहां आई थी।

# पूर्व प्रधानमंत्री के 34वीं पुण्यतिथि पर किया गया नमन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी के 34 वें पुण्यतिथि अवसर पर शोक सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।

जानकारी के अनुसार 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व राजीव गांधी की 34 वें पुण्यतिथि पर पूर्व जिला महामंत्री विनय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्थानीय बाजार जुवाथान श्रीनगर में विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पूर्व महामंत्री विनय कुमार मिश्रा ने कहा कि राजीव गांधी जी हम जैसे करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं । उन्होंने हमें 18 वर्ष की आयु में वोट का अधिकार दिया, जिससे युवा अपने मनपसंद उम्मीदवार को अपना वोट देकर अपनी अहमियत सिद्ध कर सके। गांवों में पंचायत स्तर पर पंचायती राज व्यवस्था लागू करके हर गरीब पिछड़े दलित वर्ग को नेतृत्व का अधिकार दिया । उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया अमेरिका के आगे टेक्नोलॉजी में फीकी पड़ रही थी तब राजीव जी ने भारत में संचार क्रांति का आगाज कर दिया । उन्होंने कहा कि देश के कुछ गद्दार जिनको देश का विकास पसंद नहीं था, युवाओं को मिला अधिकार पसंद नहीं था, पंचायत स्तर पर मज़लूम गरीब पिछड़े दलित वर्ग को अधिकार पसंद नहीं था, उन लोगों ने देश के सपूत की धोखे से हत्या कर दी और देश में विकास की गति अवरोधित कर दी । हम ऐसे महान सपूत को हृदय की गहराइयों से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और देश के युवा महिला के हर वर्ग से आह्वान करते हैं कि स्व राजीव गांधी के आधुनिक भारत को आगे बढ़ाने के लिए आगामी चुनावों में राजीव जी के बेटे राहुल गांधी के नेतृत्व में सरकार बनाने का संकल्प लें जिससे देश में हर गरीब मजदूर महिला युवा सबको न्याय मिल सके और देश की सीमाएं सुरक्षित हो सके।



अपने विचार व्यक्त करते हुए पूर्व उपाध्यक्ष अमिरका प्रसाद कुरील ने कहा कि राजीव गांधी को असली श्रद्धांजलि तभी होगी जब राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और हम जैसे गरीबों को अपना अधिकार मिलेग । राजीव जी अगर आज़ जिंदा होते तो देश दुनिया भर में अगुवाई कर रहा होता । हम उनको विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

इस अवसर पर चंद्रिका प्रसाद जायसवाल, गुरु जायसवाल, परवेज़ सिद्दीकी, नयन बहादुर , सुखदेव यादव, कुंजबिहारी, हफीजुल्ला सिद्दीकी, इज़हार, विशाल कश्यप, संदीप, फग्गू, समीर सिद्दीकी व नफीस सिद्दीकी सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एमएलके कॉलेज में कार्यशाला के तीसरे दिन विपश्यना कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कालेज सभागार में अंतरराष्ट्रीय शोध संस्थान संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में चल रहे ग्रीष्मकालीन निःशुल्क कार्यशाला के तीसरे दिन बुधवार को विपश्यना कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने ध्यान आदि की जानकारी प्राप्त की।

जानकारी के अनुसार 21 मई को विपश्यना कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि विपश्यना कार्यशाला में, लोगों को बिना किसी पूर्वाग्रह के अपने विचारों और भावनाओं को समझने और निरीक्षण करने के लिए सिखाया जाता है। यह ध्यान तकनीक उन्हें अपनी सांस पर ध्यान केंद्रित करने, अपने शरीर और मन की संवेदनशीलता का अनुभव करने, और किसी भी भावना या विचार को बिना किसी निर्णय के स्वीकार करने में मदद करती है। विपश्यना कार्यशाला के प्रशिक्षक विपश्यना केन्द्र श्रावस्ती के बाबू राम यादव ने प्रतिभागियों को ध्यान आदि की जानकारी देते हुए कहा कि विपश्यना ध्यान से आपको जीवन की वास्तविकता को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है, जिससे आप सांसारिक दुखों और इच्छाओं के बंधन से मुक्त हो सकते हैं। विभागाध्यक्ष गणित प्रो0 वीणा सिंह ने सभी का स्वागत किया जबकि डॉ राम रहीस ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला के संयोजक लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने कहा कि विपश्यना कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लोगों को बुद्ध की शिक्षाओं और विपश्यना ध्यान तकनीक का अच्यास करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है। यह कार्यशाला लोगों को मानसिक शांति, आत्म-जागरूकता, और जीवन की गहरी समझ प्राप्त करने में मदद करती है। इस अवसर पर डॉ बी एल गुप्त, डॉ अभय नाथ ठाकुर, डॉ कमलेश चौरसिया, डॉ रिंकू व डॉ श्रद्धा सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय स्थित एमएलके पीजी कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा बुधवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 21 मई 2025 को एमएलके पीजी कॉलेज में भौतिक विज्ञान विभाग के स्मार्ट क्लास में स्नातक तथा परस्नातक भौतिकी के छात्रों के लिए एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान महाविद्यालय के आईक्यूएसी द्वारा स्किल लेक्चर सीरीज के अंतर्गत रिड्यूसिंग इलेक्ट्रिसिटी कंजप्शन टॉपिक पर आयोजित हुआ। सर्वप्रथम विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ए के द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को इलेक्ट्रिसिटी के बारे में बताकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भौतिक विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ हेमा ने इस व्याख्यान को दिया तथा छात्र-छात्राओं को इलेक्ट्रिसिटी की महत्वता को बताते हुए उसका जरूरत के अनुसार उपयोग किए जाने के बारे में बताया। उन्होंने विस्तृत रूप से किस तरह इलेक्ट्रिसिटी को कम से कम कंज्यूम किया जाए उसके बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। इस अवसर पर विभाग के प्रोफेसर पीके सिंह, डॉ आलोक शुक्ला, कमलेश चौरसिया, आस्था सिंह सहित विभाग के अन्य सदस्य शामिल रहे।

# किसान दिवस में डीएम ने सुनी किसानों की समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

बुधवार को किसानों के समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें डीएम ने किसानों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने विगत माह के किसान दिवस में उठायी गयी समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बधित विभागों द्वारा किये गये कृत कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की एवं कृषक बंधुओं को अवगत कराया। बैठक में डीएम ने कृषकों से वार्ता की एवं विकासखंडवार कृषकों की शिकायतों / समस्याओं तथा सुझाव को सुना , उन्होंने कृषकों के शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने कृषकों को कृषक कल्याण हेतु संचालित योजनाओं एवं फॉर्मर आईडी की जानकारी प्रदान की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त , जिला विकास अधिकारी, उपनिदेशक कृषि , जिला कृषि अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी विद्युत , कृषक बंधु व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# समस्या ग्राहकों के लिए बड़ी चुनौती

जन एक्सप्रेस । आगरा

एयरटेल और गूगल ने अपने पोस्टपेड और वाई-फाई ग्राहकों को गूगल वन सब्सक्रिप्शन देने के लिए साझेदारी की

भारत की अग्रणी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल और गूगल ने आज एक साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत एयरटेल के ग्राहकों को गूगल वन क्लाउड स्टोरेज सब्सक्रिप्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल उन ग्राहकों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगी, जो सीमित डिवाइस स्टोरेज की समस्या का सामना कर रहे हैं। एयरटेल के सभी पोस्टपेड और होम वाई-फाई ग्राहक इस पेशकश के तहत छह महीने तक 100 जीबी का गूगल वन क्लाउड स्टोरेज बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के प्राप्त कर सकेंगे। ग्राहक यह स्टोरेज पांच अन्य लोगों के साथ साझा भी कर सकेंगे।

एयरटेल और गूगल की यह साझेदारी उस बढ़ती हुई चुनौती का समाधान करने के उद्देश्य से की गई है, जिसमें उपभोक्ता सीमित स्टोरेज के कारण बार-बार फाइलें डिलीट करने या महंगे फिजिकल स्टोरेज विकल्पों का सहारा लेने को मजबूर होते हैं। इस सुविधा से ग्राहक अपने फोटो, वीडियो, दस्तावेज़ और अन्य डिजिटल सामग्री को बिना किसी झंझट के स्टोर कर पाएंगे। इसके अतिरिक्त, एंड्रॉइड यूज़र्स के लिए व्हाट्सएप चैट्स का बैकअप भी गूगल अकाउंट स्टोरेज में सुरक्षित रहेगा, जिससे नए डिवाइस में स्थानांतरण आसान हो जाएगा। यह क्लाउड स्टोरेज सुविधा एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होगी, जिससे एयरटेल के विस्तृत और विविध ग्राहक वर्ग को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# एनटीपीसी में बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) के अंतर्गत बालिका सशक्तीकरण कार्यशाला का शुभारंभ 21 मई को किया गया। यह एक माह की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 21 मई से 16 जून तक आयोजित की जा रही है, जिसमें आस-पास के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों की 40 बालिकाएं प्रतिभाग कर रही हैं।

इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं को बहुआयामी विकास के अवसर प्रदान करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत अंग्रेज़ी भाषा, कंप्यूटर शिक्षा, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण जागरूकता, योग, मार्शल आर्ट, नृत्य तथा व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला के प्रथम दिन सभी प्रतिभागी बालिकाओं का पंजीकरण किया गया तथा उन्हें आवश्यक अध्ययन सामग्री, स्टेशनरी और आवश्यकताओं से युक्त एक प्रशिक्षण किट प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मंडल की अन्य वरिष्ठ सदस्याएं एवं एनटीपीसी टांडा के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में स्वच्छता पखवाड़ा - 2025 के अंतर्गत, कार्यशाला में प्रतिभाग कर रही जेम बालिकाओं में स्वच्छता और स्वच्छ आदतों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का मंचन उनके सम्मुख करवाया गया। इस नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।

यह कार्यशाला एनटीपीसी टांडा की सामाजिक प्रतिबद्धता का एक सशक्त उदाहरण है, जिसके माध्यम से वह बालिकाओं को शिक्षा, आत्मरक्षा एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सक्षम बना रहा है, साथ ही समृद्ध भारत की परिकल्पना को साकार करने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

## अस्पतालों, सरकारी स्कूलों, प्रशासनिक भवनों और संस्थागत भवनों को सौर ऊर्जा से रोशन किया

जन एक्सप्रेस । आगरा

टाटा पावर ने उत्तर प्रदेश की स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण पहल की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, स्थिरता और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत करते हुए राज्य भर में 300 से अधिक सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों को सफलतापूर्वक सौर ऊर्जा से रोशन किया है। यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी उद्देश्यों के अनुरूप है। राज्य में रूफटॉप सोलर ऊर्जा को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर~ मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। सौर ऊर्जा को व्यापक रूप से अपनाने को बढ़ावा देकर, टाटा पावर न केवल स्वच्छ और सस्ती बिजली के साथ घरों को सशक्त बनाने के राज्य के दृष्टिकोण का समर्थन करता है, बल्कि राष्ट्र के लिए एक हरित, अधिक लचीले और ऊर्जा-सुरक्षित भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है।

जिन परिसंपत्तियों में सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन किए गए हैं, उनमें शामिल हैं*

112 अस्पतालों को 9,318 किलोवाट सौर ऊर्जा मिल रही है, जिससे नवजात शिशु देखभाल और आपातकालीन ऑपरेशन जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं निर्बाध रहती हैं।

49 सरकारी स्कूलों को 3,667 किलोवाट सौर ऊर्जा दी जा रही है, जिससे सौर ऊर्जा से चलने वाले क्लासरूम और डिजिटल उपकरणों के साथ एक सुसंगत शिक्षण वातावरण तैयार हुआ है।

60 प्रशासनिक और संस्थागत भवनों को 14,169 किलोवाट की सौर बिजली से रोशन किया गया है, जिससे ग्रिड पर निर्भरता के बिना शासन सेवाएं जारी रहती हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पुण्य तिथि पर कांग्रेस नेताओं ने किया नमन

■ राजीव गांधी ने देश की रक्षा के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया- विश्वनाथ चौधरी

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री संचार क्रान्ति के जनक राजीव गांधी को उनके 34 वीं पुण्य तिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस नेताओं ने संकल्पो के साथ नमन् कर उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा किया।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुये कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि नियति ने एक सुयोग्य प्रधानमंत्री को देश से असमय छीन लिया, राजीव जी ने देश की रक्षा के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। कहा कि उनके कार्यकाल में संचार क्रान्ति के साथ ही ग्राम स्वराज के संपनों को साकार करते हुये ग्राम प्रधानों के खाते में सीधे धन भेजने की व्यवस्था की गई। इसी का परिणाम है कि भारत के ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास हुआ। ऐसे सुयोग्य प्रधानमंत्री ने अपने संक्षिप्त कार्यकाल में जो आधारशिला रखी देश इसके लिये उन्हें सदैव याद रखेगा। उन्होने कांग्रेसजनो से आग्रह किया कि पार्टी की मजबूती के लिये आगे आयें।

पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, प्रदेश सचिव देवेन्द्र श्रीवास्तव, कौशल कुमार त्रिपाठी, नर्वदेश्वर शुक्ल, साधूशरन आर्य, डा. वाहिद अली सिद्दीकी अमित सिंह, आदि ने राजीव गांधी को याद करते हुये कहा कि उनके कार्यकाल में देश ने संचार और कम्प्यूटर क्रान्ति की दुनियां में कदम रखा। उन्होने इसरो को जो ऊंचाई दिया उसी का प्रतिफल है कि आज देश अंतरिक्ष विज्ञान में नित नई उचाईयां छू रहा है। आतंकियों ने उनकी हत्या भले कर दिया किन्तु उनके विचार सदैव प्रासंगिक बने रहेंगे। उन्होने कठिन समय में देश को दिशा दिया था।

वक्ताओं ने कहा कि आज देश जिस प्रकार से मंहगाई, साम्प्रदायिक घृणा, नफरत का सामना कर रहा है, रूपया डालर के मुकाबले रसातल में चला गया है,

ऐसे में लोगों को समझना होगा कि कांग्रेस और पार्टी की नीतियां ही देश को सही दिशा देने में सक्षम है।

राजीव गांधी को पुण्य तिथि पर श्रद्धांसुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से डा.शीला शर्मा, शकुन्तला देवी, डा.दीपेन्द्र सिंह, जयन्त चौधरी, प्रताप नरायन मिश्र, शौकत अली नन्हू, राज बहादुर निषाद, अलीम अख्तर, शिव विभूति मिश्र, आशुतोष पाण्डेय, संदीप श्रीवास्तव, सोमनाथ संत, आनन्द निषाद, सर्वेश शुक्ला, गुड्डू सोनकर, विजय श्रीवास्तव, लालजीत पहलवान, राहुल चौधरी, अभिषेक सिंह सूर्यबंशी, संजीव त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

## धमकी देने व तोड़फोड़ करने पर तीन पर केस




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**बरसठी।** मोबाइल फोन पर परिवार को जान से मारने की धमकी देने व तोड़फोड़ करने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को सरायविक्रम गांव निवासी दो नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गांव के शिवकुमार सिंह ने पुलिस से शिकायत किया कि 14 मई को मेरे फोन पर गांव के ही राजकुमार सिंह ने परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। जिसकी शिकायत यूपी डायल 112 नम्बर पर पुलिस से किया। आरोप है कि उसी रात गांव में ही एक शादी समारोह से वापस आते समय राजकुमार सिंह, मनोज सिंह, व एक अज्ञात व्यक्ति ने पिटाई की गई। जिससे चोट लग गई। आरोप है कि बाद में दबंग किस्म के लोगों ने हमारे मशीन पर जा कर तोडफोड़ भी किया।

## विधायक अजय सिंह ने किया समर कैंप का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस बस्ती**



**बच्चों को शिक्षा, खेल, योग गतिविधियों में निपुण बनाना जरूरी- अजय सिंह**

पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय उभाई में बुधवार को खण्ड शिक्षा हरैया अधिकारी विजय आनंद की अध्यक्षता में समर कैंप उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समर कैंप का उद्घाटन हरैया विधायक अजय सिंह ने किया। विधायक ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ शारीरिक और मानसिक विकास भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत के लिए बच्चों को शिक्षा, खेल, योग और अन्य गतिविधियों में निपुण बनाना आवश्यक है। यही समर कैंप का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने प्रशिक्षकों को निर्देश दिया कि वे बच्चों को पर्यावरण, सांस्कृतिक विरासत, विज्ञान और तकनीक की विधिवत जानकारी दें। विधायक ने समर कैंप में मौजूद बच्चों से बातचीत की और उनके क्रियाकलापों को देखा। उन्होंने शिक्षकों से भी बातचीत की और यह उम्मीद जताई कि यह समर कैंप बच्चों के लिए सर्वश्रेष्ठ साबित होगा। विधायक ने बच्चों में बिस्कुट, चॉकलेट आदि का वितरण किया।

पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय उभाई के कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन भी विधायक ने किया। बीईओ विजय आनंद ने कहा कि इस समर कैंप से बच्चों में नयी ऊर्जा, रचनात्मकता, सांस्कृतिक जुड़ाव और राष्ट्र गौरव की भावना का विकास होगा। कहा कि समर कैंप सिर्फ गतिविधियों का आयोजन न बनें, बल्कि बच्चों की छुट्टियों की सबसे यादगार पहल बनें। इन कैंपों में बच्चों को योग, इनडोर खेल, क्राफ्ट, आनंददायक शिक्षण गतिविधियां और रचनात्मक कार्यों से जोड़ा जाए।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक विद्यासागर वर्मा, देवेन्द्र शुक्ल, समर कैंप संचालक उत्तम वर्मा, विमलेन्द्र कुमार, गिरिजेश बहादुर सिंह, रवीश कुमार मिश्र, अखिलेश सिंह, भरत सिंह, वीरू सिंह, भीम उपाध्याय, धर्मेन्द्र वर्मा, बलराम, हरिश्चंद्र तिवारी, राम रक्षा उपाध्याय, रामवृक्ष तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## पीयू के छात्र का एनपीसीआईएल में इंटर्नशिप के लिए चयन

■ प्रशिक्षण से अत्याधुनिक अनुसंधान प्रयोगशालाओं में प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करने का मिलेगा मौका

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र आलोक सिंह का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप हेतु हुआ है।

यह इंटर्नशिप एनपीसीआईएल के मुंबई स्थित मुख्यालय में चार सप्ताह की अवधि के लिए आयोजित की जाएगी।

आलोक सिंह का यह चयन उनकी तकनीकी दक्षता, उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन और निरंतर मेहनत का परिणाम है। इस प्रशिक्षण के दौरान वे अत्याधुनिक अनुसंधान प्रयोगशालाओं में प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करेंगे।

न्यूक्लियर पावर परियोजनाओं पर प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने का अवसर मिलेगा।

यह अनुभव न केवल उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा, बल्कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगा।

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने आलोक को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि अन्य छात्र भी इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ेंगे।

संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल तथा विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रांत भटेजा ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आलोक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आलोक सिंह की यह उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने में सक्षम हैं और वे देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने आंदोलन की बनाई रणनीति

■ विनय तिवारी प्रांतीय अध्यक्ष व अमित सिंह संयुक्त मंत्री निर्वाचित

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा प्रांतीय कार्यसमिति व सभी जनपदों के जिलाध्यक्ष/मंत्री मांडलिक मंत्री व भारी संख्या में उपस्थित शिक्षकों की उपस्थिति में अहम बैठक शारदा इंस्टीट्यूट लखनऊ में हुई।

जिसमें सर्वसम्मति से रिक्त पदों के सापेक्ष के रूप में गोंडा के विनय तिवारी प्रांतीय अध्यक्ष, सहारनपुर के संदीप पवार प्रांतीय कोषाध्यक्ष और जौनपुर से अमित सिंह प्रांतीय संयुक्त मंत्री मनोनीत किए गए। बैठक में शिक्षक हितों के लिए आंदोलन करने की रणनीति बनी। नए पदाधिकारी को उनके जिम्मेदारी का एहसास कराया गया। रायबरेली के शैलेन्द्र सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष, प्रयागराज से श्रद्धा श्रीवास्तव क्रांति संगठन मंत्री सिद्धार्थनगर से अतुल मिश्रा प्रांतीय संगठन मंत्री अमरोहा से जयवीर सिंह प्रांतीय प्रचार मंत्री के रूप में निर्वाचित हुए।

सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को एमएलसी विधायक देवेंद्र सिंह ने पद गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए संगठन ईमानदारी व निष्ठा से चलाते हुए मजबूती प्रदान करने की बात कही। इसके पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह व प्रांतीय महामंत्री उमाशंकर सिंह के द्वारा संगठन के संघर्षों को बताते हुए रिक्त पदों के सापेक्ष उपरोक्त नामों की घोषणा की।

इस अवसर पर जौनपुर से जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश सिंह, संयुक्त मंत्री शैलेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह टोनी, संतोष सिंह, मृतुन्जय सिंह, जिला ऑडिटर डॉ अनुज सिंह, राजीव सिंह अन्य रहे।

## नाली में मिला भ्रूण, पुलिस ने लिया कब्जे में

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**मछलीशहर।** स्थानीय नगर के महतवाना मोहल्ले से मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है।

उक्त मोहल्ले की गली में नाली से भ्रूण मिलने की खबर ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। यह घटना उस समय सामने आई जब बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने नाली में कुछ संदिग्ध देखा। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस थाने को दी। धीरे-धीरे मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पहुंची पुलिस लोगों की सहायता से भ्रूण को नाली से बाहर निकाला अपने कब्जे में ले लिया। स्थानीय लोगों ने बताया यह भ्रूण लगभग छः महीने का प्रतीत हो रहा है?। इस बाबत कोवाल विनित राय ने बताया कि पंचनामा भर भ्रुण को पीएम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस घटना के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों को ढूंढने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। भ्रूण का चिकित्सकीय परीक्षण करवाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बरसठी के दो सचिव का रोका गया वेतन

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



**बरसठी।** शासन के सख्त निर्देश के बाद जिले के अधिकारी भी गौशाला के प्रति गंभीर हो गए। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र के निर्देश पर बुधवार को विकास खण्ड के दो गांव के गौशालाओ में निरीक्षण के दौरान भारी खामी मिलने पर खण्ड विकास अधिकारी वर्षा बंग ने दोनों गांव के सचिव का बेतन रोकने का आदेश दिया है। खण्ड विकास अधिकारी की इस कार्यवाही से अन्य गांवों के सचिवों में हड़कम्प मच गया है।

खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र के गोरापट्टी गांव स्थित गोशाला पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां पर गोवंशों के लिए हरा चारा की व्यवस्था नही की गयी है। पशुओं के नाद और गोबर की नियमित तौर पर सफाई नहीं की गई थी। पीने के पानी का भी खूब बेहतर इंतजाम नहीं था। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि पशुओं की देखभाल के साथ ही धूप से बचाव के लिए भी कोई विशेष इंतजाम नहीं किया गया इस पर बीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिव प्रणव भारती का वेतन रोकने का आदेश दिया है। इसके बाद चकमलाई गांव में बने गौशाला पर गोवंशों को गर्मी से बचाव के लिए टाटपट्टी नही लगवाई गयी थी। सचिव राणा सिंह की लापरवाही पर उनका वेतन भी रोकने का आदेश दिया गया है। बीडीओ ने बताया कि गौशाला के लिए दोनों सचिवों को बार बार कहा जा रहा था लेकिन दोनों लोग लापरवाही कर रहे थे। दोनो का वेतन रोकने का आदेश दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि सचिव के खिलाफ इस कार्रवाई की रिपोर्ट जिलाधिकारी को तत्काल भेजी जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों हेड कांस्टेबल की मौत

■ चंदौली निवासी जवान कोतवाली में था तैनात था जांच में जुटी पुलिस

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



**शाहगंज।** शाहगंज कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल की चंदौली में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच शुरु कर दी गई है।

मूल रूप से चंदौली निवासी सतेंद्र कुमार गौड़ वर्ष 2005 बैच के कांस्टेबल पद पर भर्ती हुए थे। वर्तमान में उनकी तैनाती स्थानीय कोतवाली में थी। इससे पूर्व वे भदोही और पुलिस लाइन में भी सेवाएं दे चुके थे। हाल ही में 8 मई को उनकी तैनाती शाहगंज कोतवाली में हुई थी। बताया जा रहा है कि तीन दिन पूर्व उन्हें एक फोन आया था। जिसके बाद वे बिना किसी सूचना या अवकाश के चंदौली चले गए थे। बीती रात उनकी संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

इस बाबत क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि हेड कांस्टेबल की मौत की सूचना मिली है। सतेन्द्र गौड़ पिता की तबीयत खराब होने की सूचना पर तीन दिन पहले घर गया था। रात्रि में उसके पेट में दर्द उठा। इलाज हेतु वाराणसी लाया गया। जहां चिकित्सालय में मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।

## पीयू के दो परिसर पाठ्यक्रमों का रिजल्ट जारी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिसर पाठ्यक्रमों का परीक्षाफल बुधवार को घोषित होना प्रारंभ हो गया है। पहले चरण में एमएससी जियोलॉजी एवं एमए जनसंचार विषय के अंतिम वर्ष का रिजल्ट जारी किया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद कुमार सिंह ने बताया कि समय से परीक्षा कराकर समय से परीक्षाफल घोषित करना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता में है। कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह के दिशा निर्देश के क्रम में समय से परीक्षाफल जारी किया जा रहा है, शीघ्र ही अन्य विषयों के भी परीक्षाफल जारी कर दिए जाएंगे। गौरतलब है कि 29 अप्रैल से विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा 2025 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बाबा साहब देवरस केंद्रीय मूल्यांकन भवन में शुरू होकर पूर्ण हो गया है। विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी प्रारंभ हो गया है। 20 से 28 मई तक प्राणी विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, रसायन और वनस्पति विज्ञान की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा।

## सब्जी विक्रेता की संदिग्ध हालात में मौत, घर में मिली लाश



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

**पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार**



**केराकत।** केराकत नगर के एक युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मोहल्ले वाले उसकी मौत को संदिग्ध मान रहे हैं। परिजन भी कुछ बोलने को तैयार नहीं थे। पुलिस को सूचना दिए बगैर लाश का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

केराकत नगर के शेखज्यादा प्रथम मोहल्ले में बीती रात एक रहस्यमयी मौत ने सनसनी फैला दी है। पेशे से सब्जी विक्रेता लल्लू सोनकर (50) संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। हैरानी की बात यह रही कि परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही आनन-फानन में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, लल्लू सोनकर का शव घर में संदिग्ध स्थिति में मृतक पाया गया था। शुरू में यह खबर फैली कि उन्होंने पारिवारिक कलह से तंग आकर आत्महत्या की है, लेकिन परिजनों का इस पूरे मामले पर मौन रहना और फिर चुपचाप अंतिम संस्कार कर देना कई सवाल खड़े कर रहा है। लल्लू सोनकर अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। वह ठेले पर सब्जी बेचकर पत्नी और पांच बच्चों का पालन-पोषण करता था। अभी दो बेटी और दो बेटे की शादी और पढ़ाई की बाकी है। बड़ी बेटी प्रीति की तीन साल पहले जफराबाद में शादी हुई है। दूसरे नंबर पर नेहा (18), अर्पिता (16) कक्ष छह की छात्रा है। बेटा शुभम (14) कक्षा आठ में पढ़ता है। सबसे छोटा बेटा उमंग (12) वर्ष कक्षा पांच में पढ़ाता है।

**परिजनों में मचा कोहराम**

उसकी अचानक मौत ने पूरे परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है। मोहल्लेवासियों ने बताया कि लल्लू मेहनती और सरल स्वभाव का इंसान था, लेकिन बीते कुछ समय से मानसिक रूप से परेशान दिखाई दे रहा था। हालांकि, परिजन न तो मौत की वजह बता रहे हैं और न ही किसी से खुलकर बात कर रहे हैं। बिना पुलिस की जानकारी के अंतिम संस्कार होने के कारण अब सवाल उठ रहे हैं कि कहीं कोई महत्वपूर्ण सुराग तो नष्ट तो नहीं कर दिया गया। क्या यह आत्महत्या है या किसी और वजह से मौत हुई है। फिलहाल, पुलिस सूत्रों का कहना है कि उन्हें मामले की जानकारी अब मिल रही है। वे पूरे घटनाक्रम की जांच करेंगे। इस रहस्यमय मौत का सच पोस्टमार्टम के अभाव में सामने आना अब और भी मुश्किल हो सकता है। इस संबंध में पूछे जाने पर कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार राय ने बताया मुझे इस संबंध में कोई सूचना नहीं है।

## जिलाधिकारी ने किया एसबीआई शाखा बदलापुर का औचक निरीक्षण






**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने मंगलवार को बदलापुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने शाखा प्रबंधक से संबंधित आवेदनों की जानकारी ली तथा कुछ आवेदकों से फोन पर संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र आवेदकों को शीघ्र ऋण वितरण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि योजना के लाभार्थियों को समय पर सहायता मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित खाताधारकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मात्र 20 वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर मिलता है, वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 436 वार्षिक प्रीमियम पर दो लाख रुपये का जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाता है। उन्होंने आमजन से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

## जिलाधिकारी ने किया शाहपुर अस्थाई गो-आश्रय स्थल एवं मुधवन वाटिका का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने बदलापुर क्षेत्र में स्थित शाहपुर अस्थाई गो-आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों के लिए भूसा, हरा चारा तथा पेयजल आदि की उपलब्धता का जायजा लिया। उन्होंने गोवंशों को गुड़, केला और हरा चारा भी खिलाया।

जिलाधिकारी ने वहां कार्यरत गो-सेवकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और गोशाला में दान के माध्यम से संग्रहित पर्याप्त मात्रा में भूसे की उपलब्धता पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने भूसा दान महादान अभियान में सहयोग करने वाले गो-सेवकों और पशुप्रेमियों के प्रति आभार भी जताया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बदलापुर विकास खंड स्थित मुधवन वाटिका का अवलोकन किया, जहां गत वर्ष लगभग 1000 पौधे रोपित किए गए थे। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि अधिकतर पौधे सुरक्षित और जीवित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता जाहिर की तथा ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव एवं लेखपाल को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि, पौधरोपण एक पुनीत कार्य है। यह न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अत्यंत उपयोगी है। वृक्ष हमें प्राणवायु यानी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। आइए, हम सब मिलकर पौधरोपण कर अपनी धरती को हरा-भरा बनाएं।

## जयप्रकाश यादव अध्यक्ष, राम नारायण महामंत्री मनोनीत

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई खुटहन का निर्वाचन और पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह बी आर सी खुटहन के सभागार में बुधवार को हुआ।

इस मौके पर मौजूद सभी पदाधिकारी की उपस्थिति में जयप्रकाश यादव को अध्यक्ष और रामनारायण गुप्ता को सर्वसम्मति से मंत्री मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष के रूप में डॉ रामचंद्र यादव, सुधीर कुमार यादव, राकेश कुमार मिश्र, हरिश्चंद्र यादव, हौंसिला प्रसाद, सुदामा देवी का चयन किया गया। जयप्रकाश सिंह, अभिषेक कुमार चौधरी, ध्रुव कुमार यादव, बाबूराम मौर्य, राममिलन यादव संयुक्त मंत्री बनाये गए। प्रमिला यादव कोषाध्यक्ष, इंदु राम विंद लेखाकार, मिठाई लाल यादव आय व्यय निरीक्षक, विवेक कुमार चौधरी मीडिया प्रभारी आदि निर्वाचित हुए। संरक्षक के रूप में नीरज कुमार सिंह व सुशील कुमार यादव मनोनीत किए गए।

इसके पहले शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ अतुल प्रकाश यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान डबल इंजन की सरकार शिक्षक विरोधी कार्य कर रही है। शिक्षक कर्मचारी का हित करने के लिए सभी इंजन फेल चल रहे हैं। शिक्षक कर्मचारियों का दम घुट रहा है।

सभी का हाल बेहाल है, वर्तमान समय में शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों को प्रताड़ित करने के लिए समर कैंप चलाये जाने का आदेश निर्गत किया गया है। यह समर कैंप 15 जून से 30 जून तक भी चलाया जा सकता है। जैसा कि प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने भी मांग किया है कि पदोन्नति, स्थानांतरण समायोजन, पुरानी पेंशन के लिये कई वर्षों से झेलाया जा रहा है। शिक्षक हित का कोई भी कार्य नहीं हो रहा है। इस पुरी चुनावी प्रक्रिया में सभी पदों पर एक-एक नामांकन हुआ। जिससे पुरानी कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी बदलापुर अध्यक्ष नंदकुमार यादव व चुनाव पर्यवेक्षक जिला मंत्री दुष्यंत मिश्र ने अपनी देखरेख में चुनावी प्रक्रिया को संवैधानिक तरीके से संपन्न कराया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

**समारोह में ये भी रहे मौजूद**

जौनपुर। शिक्षकों के शपथ ग्रहण और नए पदाधिकारी के चयन में जिले भर के शिक्षकों का जमावड़ा बना रहा। इनमें राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त अशोक कुमार सोनकर, श्रीकांत शर्मा, डॉ हरे कृष्णा सिंह, अनुराग निषाद, राजेश कुमार, उदयभान, रामप्यारे, वीरेंद्र यादव, और जगदीश यादव, अंत लाल गौतम, विवेक कनौजिया, प्रदीप कुमार सिंह, मकबूल अहमद कृष्ण कमल वर्मा, दिनेश कुमार, दिलीप कुमार, नरेंद्र कुमार मिश्रा, सूर्य प्रकाश यादव आदि उपस्थित रहे।

# बीएसए ने परिषदीय विद्यालयों में शुरू कराया समर कैम्प

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**




बुधवार को जनपद के 830 परिषदीय विद्यालयों में समर कैम्प का शुभारम्भ हुआ, इस दौरान समर कैम्प का उद्घाटन जनप्रतिनिधियों, एसएमसी अध्यक्षों द्वारा किया गया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ.प्र. द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद के 461 उच्च प्राथमिक तथा 369 कम्पोजिट विद्यालयों में समर कैम्प का आयोजन 21 मई से 10 जून 2025 तक किया जा रहा है। बुधवार को समर कैम्प के प्रथम दिवस विद्यालयों में उद्घाटन सत्र एवं योग आदि गतिविधियां सम्पन्न हुईं, इस दौरान कम्पोजिट विद्यालय बड़ेल में जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने तथा त्रिवेदीगंज विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय दहिला में हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, देवा विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय माधवपुर में ब्रम्हकुमारी सिस्टर्स ने समर कैम्प का उद्घाटन किया। इसके साथ ही सभासद, ग्राम प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एसएमसी अध्यक्षों ने विद्यालयों में समर कैम्प का उद्घाटन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय ने बताया कि ग्रीष्मावकाश के दौरान परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले, विशेषकर ग्रामीण परिवेश में रहने वाले अधिकांश बच्चे अपने घरों में ही रहते हैं। बच्चों के लिए नए अनुभव की खोज करना, नए दास्त बनाना और खेल-खेल में कुछ करके सीखने का यह सही समय है। समर कैम्प के दौरान बच्चे विद्यालय में होने वाली नियमित पढ़ाई से भिन्न रोचक गतिविधियों का आनन्द ले सकेंगे तथा विभिन्न सामाजिक कौशलों का विकास होगा। इसलिए उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालय में तीन सप्ताह के अन्तर्गत प्रतिदिन 03 घंटे सुबह 07 से 10 बजे के मध्य विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। श्री पाण्डेय ने बताया कि समर कैम्प के सकुशल आयोजन के लिए सम्बंधित विद्यालयों, अनुदेशकों, शिक्षामित्रों को पूर्व में ही निर्देश जारी किये जा चुके हैं। इस दौरान प्रत्येक विद्यालय में 02-02 अनुदेशक, शिक्षामित्र उपस्थित रहकर गतिविधियां सम्पन्न करायेंगे। बच्चों को सप्लीमेण्ट्री न्यूट्रीशन की व्यवस्था मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत की जायेगी। श्री पाण्डेय ने बताया कि समर कैम्प का उद्देश्य बच्चों की रुचि के अनुरूप सीखने के आनंददायक अनुभव प्रदान करना एवं रचनात्मकता विकसित करना, छात्र-छात्राओं में आत्मविष्वास जीवन कौशल का विकास करना, शिक्षक-विद्यार्थी आत्मीय सम्बन्ध तथा सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना, बच्चों में सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों की समझ विकसित करना, ग्रीष्मावकाश में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सक्रिय रखना तथा खेलकूद कला, विज्ञान और सास्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। तीन सप्ताह हेतु निर्धारित गतिविधियों में प्रथम सप्ताह के अन्तर्गत योग, सांस्कृतिक विरासत और डिजिटल कौशल विकास, द्वितीय सप्ताह के अन्तर्गत पर्यावरण, विज्ञान और रचनात्मक गतिविधियां तथा तृतीय सप्ताह के अन्तर्गत राष्ट्रीय एकता, जल संरक्षण और रचनात्मक गतिविधियां सम्पन्न करायी जायेंगी।

# एक हफ्ते से पानी की किल्लत से जूझ रहे मोहल्लेवासी

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



शहर के हजारी टोला वार्ड संख्या 19 में एक हफ्ते से पेयजल आपूर्ति न होने से मोहल्ले वासियों में पेयजल की किल्लत। जलकल अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान। उन्नाव नगर पालिका द्वारा सफाई और पानी आपूर्ति की उचित व्यवस्था न होने पर स्थानीय निवासियों में काफी आक्रोश है। नगर पालिका की लापरवाही के कारण इलाके में गंदगी फैली हुई है और कई घरों में पानी नहीं आ रहा है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका की ओर से सफाई की कमी के कारण इलाके में फैली गंदगी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका नियमित रूप से सफाई नहीं करवाती है, जिससे गंदगी और बीमारियाँ फैल रही हैं।

## पानी की कमी का विरोध

कई घरों में पानी न आने के कारण भी निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने नगर पालिका से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने नगर पालिका से तत्काल सफाई व्यवस्था सुधारने और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि नगर पालिका उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करती है, तो वे और भी बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। नगर पालिका के अधिकारियों ने कहा है कि वे स्थिति से अवगत हैं और सफाई व्यवस्था और पानी की आपूर्ति सुधारने के लिए कदम उठा रहे हैं। अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे नियमित रूप से सफाई अभियान चलाएंगे और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। उन्नाव में नगर पालिका की लापरवाही के कारण कई इलाके गंदगी से भरे हुए हैं और कई घरों में पानी नहीं आ रहा है। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। वार्ड नम्बर 19 के स्थानीय निवासियों ने पिंटू गुप्ता, राजेश कुमार,( अमित शुक्ला मीतू,) शुशांत गुप्ता, प्रमोद त्रिपाठी, हर्षित पांडेय, नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन किया और उन्होंने सफाई व्यवस्था और पानी की आपूर्ति में सुधार की मांग की है। नगर पालिका के अधिकारियों ने स्थिति से अवगत होने और समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

# अधिशासी अधिकारी ने दुकानों पर मारा छापा, वसूला जुर्माना



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

नगर पंचायत में अगर किसी दुकानदार ने प्रतिबंधित पालीथीनों का प्रयोग किया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उक्त बात बुधवार की दोपहर को अधिषाषी अधिकारी सिद्धौर आषुतोष त्रिपाठी ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कही। श्री त्रिपाठी की अगुवाई में कई दुकानों पर छापा मारा गया और भारी मात्रा में प्रतिबंधित पालीथीन बरामद की। कई दुकानदार अपनी अपनी दुकानों में ताला जड़ करके भाग खड़े हुए। जानकारी के अनुसार, गत् दिनों जिलाधिकारी शषांक त्रिपाठी ने नगर निकायों के अधिषाषी अधिकारियों को यह निर्देष दिया था कि आगामी 30 मई तक नगर पंचायतो में बहने वाले नालियों और बड़े नालों की सफाई करवा दी जाये साथ ही में यह भी निर्देष दिया था कि जिन दुकानों पर थोक में प्रतिबंधित पालीथीन का कारोबार किया जाता है उनको चिन्हित करके उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाये। उसी निर्देष के तहत बुधवार दोपहर अधिषाषी अधिकारी बिना किसी तामझाम के बाइक पर बैठ करके नगर पंचायतो में स्थित कई दुकानों पर छापामारी की कार्यवाही की। अधिषाषी अधिकारी के इस कार्यवाही के बाद से अधिकांष दुकानों में ताला लटक गये और मौके से भाग खड़े हुए। नगर पंचायत के मील चौराहा से लेकर सिद्धेष्वर चौराहे तक अधिषाषी अधिकारी ने दुकानों पर छापामार कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान उनके साथ में नगर पंचायत के कुछ कर्मी और पुलिस चौकी सिद्धौर के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# प्ली बार्गेनिंग विषय पर आयोजित हुआ जागरुकता शिविर

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



बुधवार को जिला कारागार में एडीजे श्रीकृष्ण सिंह की अध्यक्षता में प्ली बार्गेनिंग विषय पर शिविर का आयोजन किया गया। षिविर को सम्बोधित करते हुए एडीजे श्रीकृष्ण सिंह ने बताया कि किसी व्यक्ति द्वारा किया गया ऐसा अपराध जिसकी सजा 7 साल या उससे कम है या अभियुक्त ने पहली बार अपराध किया है वह अपनी सजा में सौदेबाजी कर सकता है, छोटे अपराधों में पीड़ित और अभियुक्त आपसी सामंजस्य से सौदेबाजी कर सकते है इसे ही प्ली बारगेनिंग कहा जाता है। इसके अतिरिक्त सचिव के द्वारा बताया गया कि जिन बन्दियों के पास अपने मुकदमें की पैरवी करने हेतु अधिवक्ता नही है तथा वह अपना अधिवक्ता करने में सक्षम नही है वह जेल अधीक्षक के माध्यम से सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी को निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने पत्र प्रेषित कर सकते है, प्रत्येक बंदी जो अपने मुकदमें की पैरवी नही कर सकते है उनको अपने मुकदमें की पैरवी करने का विधिक अधिकार प्राप्त हो। इस अवसर पर मनीष कुमार सिंह डिप्टी जेलर, जिला कारागार जिला कारागार के अन्य अधिकारीगण व लवकुश कनौजिया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी उपस्थित रहें।

# ग्रामीणों की जमीन पर प्रधान ने लगायी इण्टर लॉकिंग, आक्रोश

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

पूरेडलई ब्लॉक की ग्राम पंचायत चिर्रा में पंचायत भवन व किसानों की निजी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। यहां पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने अपने निजी स्वार्थ के लिए पंचायत भवन की सुरक्षित भूमि तथा कई ग्रामीणों की निजी जमीन पर जबरन इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण करा दिया है। ग्रामीणों ने इस अवैध निर्माण के खिलाफ उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात कही। ब्लाक के चिर्रा में गांव में रहीमा बानो ग्राम प्रधान है, लेकिन इस गांव में जमींदारी प्रथा आज भी कायम है। इनका पूरा काम गांव के ही निवासी जमीदार अजहर मिर्जा उर्फ सदान देखते हैं। पंचायत भवन के पास स्थित इनकी कृषि भूमि है। इस भूमि पर बिना किसी अधिकृत नक्शा पास कराए प्लाटिंग का कार्य शुरू कर दिया है। उनकी प्लाटिंग तक कोई रास्ता न होने के कारण इन्होंने पंचायत भवन की भूमि और गांव के लक्ष्मी प्रसाद, रामफेर, दिग्विजय सहित आधा दर्जन लोगों की निजी जमीन पर जबरन इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण करा दिया।

# वरिष्ठ चिकित्सक पर दबंगो ने किया जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

- मेदांता अस्पताल से अपने घर आये थे वरिष्ठ चिकित्सक डा. अब्दुल अजीज

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

टिकैतनगर क्षेत्र के टिकवामऊ गांव में मंगलवार रात एक चिकित्सक पर रिश्तेदारों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। लखनऊ के मेदांता अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक डॉ. अब्दुल अजीज को गंभीर हालत में स्थानीय लोगों की मदद से बचाया गया। इस घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है, लेकिन खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था, जिससे पीड़ित पक्ष में आक्रोश है। डॉ. अब्दुल अजीज, जो वर्तमान में मेदांता अस्पताल लखनऊ में तैनात हैं, मंगलवार को अपने पैतृक गांव टिकवामऊ आए हुए थे। रात में गांव के ही निवासी और रिश्तेदार अब्दुल्ला से उनका पारिवारिक विवाद उभर आया। पीड़ित का आरोप है कि अब्दुल्ला ने उनके मोबाइल पर उनकी बहन की आपत्तिजनक फोटो व्हाट्सएप पर भेजी। जब उन्होंने इसका विरोध किया और फोटो डिलीट करने को कहा, तो अब्दुल्ला ने उन्हें अपने घर बुलाया। विश्वास करते हुए जैसे ही डॉ. अजीज अब्दुल्ला के घर पहुंचे, वहां पहले से मौजूद अब्दुल्ला, जैनुन आबदीन और आयूब ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। चिकित्सक ने किसी तरह भागकर जान बचाने की कोशिश की, लेकिन तीनों ने उन्हें दौड़ाकर पीटा। जब वे घर के पास पहुंचे और शोर मचाया, तो गांव के कुछ लोग दौड़े और उन्हें हमलावरों से बचाया। तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। हमले में डॉ. अजीज के सिर में गंभीर चोटें आईं और एक हाथ फैक्चर हो गया। घायल चिकित्सक ने तत्काल थाने में तहरीर दी, लेकिन घटना के कई घंटे बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। इससे पीड़ित परिवार में भय और नाराज़गी दोनों है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पाण्डेय का कहना है कि तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है, और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अभिनव ने जीता कास्य पदक, रामबाबू ने सराहा

**बाराबंकी।** फील्ड अर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 15 वीं राष्ट्रीय आउटडोर अर्चरी चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन 16 मई से 20 मई में अम्बिवली एग्रो फॉरेस्ट रेंज, वाडा, मुंबई में किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे देश से लगभग सभी राज्यों से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की जानकारी देते इंडोर फील्ड अर्चरी एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की महासचिव निधि जैन ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश से अभिनव पटेल ने वुडन बो में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। निधि जैन ने यह भी बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में फील्ड आउटडोर प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को जंगल में अपनी कला का प्रदर्शन करना होता है जो कि सामान्य तीरंदाज़ी से बहुत अलग व चुनौतीपूर्ण होती है।

# हिस्ट्रीशीटर अंशू गुप्ता की जमानत अर्जी पर फैसला टला

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



उन्नाव जनपद में चर्चित अंशू गुप्ता उर्फ अमित गुप्ता के मामले में जनपद न्यायाधीश के न्यायलय में अंशू गुप्ता के अधिवक्ता द्वारा जमानत अर्जी दाखिल कर रिहाई की मांग की गई जिस पर वादी मुकदमा के अधिवक्ता अध्यक्ष गिरीश मिश्रा ने समय मंगा कोर्ट ने वादी मुकदमा के अधिवक्ता की मांग पर विचार कर 27-5-2025को आगे की सुनवाई के लिये तारीख दे दी आरोपी अंशू गुप्ता के विरुद्ध आपराधिक इतिहास छुपा कर पासपोर्ट मामले के साथ एक दर्जन से अधिक मुक़दमों में जांच चल रही है ।बुधवार को एक अप्रैल को कानपुर निवासी गोपी किशन गुप्ता ने रंगदारी मांगने व अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया था जिसमें इससे पहले अंशू गुप्ता के वकील ने सीजेएम न्यायलय में उसकी रिहाई के लिए अर्जी दी थी जिसे सीजेएम न्यायलय ने बीते शुक्रवार को खारिज कर दिया था। बीते सोमवार को उक्त मामले में जनपद न्यायलय में ज़मानत के लिए अर्जी डाली गई जिस पर बुधवार को सुनवाई के लिये तिथि तय हुई थी।

# धूमधाम से निकली कलश यात्रा, शतचंडी महायज्ञ शुरु

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

टिकैतनगर क्षेत्र स्थित चिर्रा गांव में मां दुर्गा देवी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस आध्यात्मिक अनुष्ठान की शुरुआत एक भव्य और ऐतिहासिक कलश यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा शक्ति धाम नवदुर्गा मंदिर परिसर से आरंभ हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण किए हुए सहभागी बने। कलश यात्रा सरयू नदी तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवित्र जल भरकर पुनः कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। पूरे मार्ग में ढोल-नगाड़ों की गूंज, मां दुर्गा के जयकारों और भक्ति गीतों ने वातावरण को अलौकिक बना दिया। मंदिर प्रांगण में कलश स्थापना के साथ पूजा-अर्चना का शुभारंभ हुआ। वैदिक परंपराओं के अनुसार अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्रकट की गई और अग्निदेव की स्थापना के उपरांत शुद्धिकरण एवं प्रकटाप पूजन समेत अन्य वैदिक विधियां सम्पन्न हुईं। इस शतचंडी महायज्ञ का संचालन अयोध्या से पधारे पांच विद्वान आचार्यों द्वारा किया जा रहा है। इनमें प्रमुख रूप से आचार्य डॉ. श्यामनारायण मिश्रा, आचार्य सूर्यनारायण पाण्डेय, आचार्य दीपक वाजपेयी, आचार्य श्याम जी उपाध्याय एवं आचार्य बलराम उपाध्याय शामिल हैं। पहले दिन के प्रवचन में आचार्य डॉ. श्यामनारायण मिश्रा ने कहा, ÷मां दुर्गा शक्ति, भक्ति और मुक्ति की अधिष्ठात्री हैं। उनकी उपासना से मानव को सांसारिक दुखों से मुक्ति और आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल धार्मिक चेतना जागृत होती है, बल्कि सामाजिक समरसता और एकता को भी बल मिलता है। कलश यात्रा और पूजन अनुष्ठान में प्रमुख रूप से शोभानंद दुबे, बब्बन दुबे, दलजीत सिंह, शैलेंद्र बहादुर सिंह, सभाजीत, संत प्रसाद विष्वकर्मा, हरिलाल मौर्या, मंसाराम लोधी, जगजीवन लाल सहित कई अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ की बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की जनपदीय कार्यसमिति की एक अहम बैठक जिला पंचायत कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. राकेश सिंह ने की। बैठक में पूर्व बैठक की कार्यवाही की समीक्षा की गई तथा शिक्षकों से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। सेवानिवृत्त शिक्षकों की लंबित पत्रावलियों का निस्तारण, खंड शिक्षा अधिकारी हैदरगढ़ द्वारा संगठन कार्यालय का अधिग्रहण, मानव संपदा पोर्टल में ऑनलाइन त्रुटियों का सुधार और जनपद में शिक्षकों को मिली परि निंदा के समाधान जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए। इस अवसर पर उमानाथ मिश्र, डॉ. देवेंद्र द्विवेदी, किरण विष्वकर्मा, श्याम किशोर बाजपेई, विवेक गुप्ता, ललित कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पशु पक्षियों के लिए गर्मी में खाने और पीने के लिये पानी की व्यवस्था करने के लिये लोगों को जागरूक किया



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद संस्थापक व अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने गर्मियों के मौसम को देखते हुए कहा कि गला सबका सूखता है, प्यास सभी को लगती है इस भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के लिए मिट्टी के कसोरे पौधे पर टगवाए और लोगो से अपील की आप अपने घरों में शीतल जल के कसोरे जरूर रखें और जल में कोई भी इलैक्ट्रोलाइट या गुड़ मिलाकर रखें, ताकि पशु पक्षी डिहाइड्रेशन से बच सकें उन्होंने कहा कि मिट्टी के बने कसोरे ज्यादा अच्छे रहते हैं, क्योंकि इनके अंदर पानी जल्दी गर्म नहीं होता। आजकल ज्यादातर जोहड़ और तालाब खत्म होते जा रहे हैं, इसीलिए इस गर्मी में पशु पक्षियों की पानी की तलाश न के बराबर हो जाती है और पशु पक्षी प्यास के मारे मौत के मुंह में चले जाते हैं। विशेष ध्यान रहे कि रोज कसोरे साफ करके शीतल जल से भर कर रखें। भयानक गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए हजारों-हजार पानी के कटोरे और दाने रखे गए संस्था द्वारा 20 मई को हो रही भयानक गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए हजारो पानी के कटोरे और दाना पौधे और पार्क में रखे गए कहा संस्था द्वारा मानवता भलाई के सौ कार्य किये जा रहे हैं। इन कार्यों में बेजुबान जानवरों की रक्षा करना भी शामिल है। इसी के अंतर्गत बेजुबान पक्षियों के लिए पक्षियों के लिए पानी के कटोरे रखकर उद्घाटन करते हुए और सेवादार बहनें पानी के कटोरे रखती हुई।पानी के कटोरे रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि सेवादारों द्वारा ड्यूटी लगाई गई है जो कि प्रतिदिन की इन कटोरों में पानी और दाना डालने की सेवा करेंगे वहां के लोगो ने कहा कि संस्था के सेवादार मानवता भलाई के कार्यों के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं और इनकी मानयता प्रति सेवा भावना को देखता हूँ लोगो का कहना कि मैंने कई बार इन की सेवा को अपनी जान की परवाह न करते मानवता सेवादारों की सेवा भावना काबिल-ए-तारीफ की सेवा करते हुए देखा है। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत आनंद महसूस होता है जो इस धरती पर रहते बेजुबान जानवरों की संभाल करते हैं और सेवादारों का तहदिल धन्यवाद करता हूं, जो मानवता भलाई के कार्य बढ़ चढ़कर कर रहे हैं।इस मौके पर अरविंद अरुण अमन सिंह मोहित गोपाल आदित्य अर्पित राहुल कोमल सोनम आदि उपस्थित रहे।

# सड़क चौड़ीकरण को लेकर की गई नाप से मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

**गुरसहायगंज।** कस्बे की सबसे व्यस्त तिर्वा रोड को चौड़ा किए जाने को लेकर मंगलवार को राजस्व विभाग और नगर पालिका की टीम ने नाप-जोख की। कई मकान इसकी जद में आने से लोगों में हड़कंप मच गया। 25 लोगों को नोटिस देकर एक सप्ताह में अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई है।

कस्बा के मुख्य चौराहे से जाने वाले तिर्वा रोड मार्ग के चौड़ीकरण किए जाने को लेकर एसडीएम छिबरामऊ ज्ञानेंद्र द्विवेदी के निर्देशन में लेखपाल कौशल किशोर पांडे, नगर पालिका के लिपिक आर पी सिंह नगर पालिका के कर्मचारी और पुलिस बल के साथ मंगलवार को मुख्य चौराहे पर पहुंचे और यहां से उन्होंने सड़क को चौड़ा किए जाने को लेकर नाप शुरु कर दी। नाप शुरू होते ही लोगों में हड़कंप मच गया और मामला जानने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस ने उन्हें हटाकर काम शुरु कराया। मुख्य चौराहे से चावल मंडी तक मंगलवार को नाप की गई। लेखपाल कौशल किशोर पांडे ने बताया कि तिर्वा रोड को चौड़ा किए जाने का प्रस्ताव है जिसकी चौड़ाई करीब 13 मीटर की जाएगी। अतिक्रमण की जद में 25 लोगों के मकान और दुकान के अलावा पक्के निर्माण आए हैं जिन्हें नोटिस दिया गया है।

# हादसे में युवक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। अयोध्या के कुमारगंज थाना क्षेत्र के बहबरमऊ गांव का रहने वाला अमन तिवारी (21) बाइक से लखनऊ जा रहा था। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के 30वें किलोमीटर पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। यूपीडा कर्मियों ने एंबुलेंस से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक लखनऊ के एक मॉल में नौकरी करता था। स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा जा रहा है।

# समर कैम्प में बच्चों को किया गया जागरुक

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

बाराबंकी प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना समर कैंप के अंतर्गत पूरेडलई ब्लाक के विद्यानगर उच्च प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के द्वारा प्रथम दिवस की गतिविधियाँ आयोजित की गईं। यह समर कैंप 21 मई से 10 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त जीवन कौशल विकास के प्रति जागरूक बनाना है। विद्यालय में प्रथम दिवस पर छात्र-छात्राओं को सूक्ष्म व्यायाम, पी.टी. योग एवं विभिन्न खेलों के माध्यम से शारीरिक सक्रियता और स्वास्थ्य के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें स्वच्छ रहने के लिए प्रेरित किया गया। इंचार्ज प्रधानाध्यापक जगदीश कुमार मिश्र, रीना सिंह उपस्थित रहे।

## बालिका इण्टर कॉलेज में लगा समर कैम्प

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जैदपुर में प्रधानाचार्य डॉ मंजु श्रीवास्तव के नेतृत्व में समर कैंप का शुभारंभ हुआ। छात्राओं ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम छात्रों को योगाच्यास कराए गए। तथा समस्त छात्राओं को चार ग्रुप वंदन शक्ति, अग्नि पंख, राष्ट्रागनी, नवप्रभा में विभाजित किया गया। दहेज प्रथा पर नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर छात्राओं ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। रस्साकशी तथा म्यूजिकल चेयर गेम से छात्राओं को उत्साह से भर दिया। कार्यक्रमों का संचालन अलका एवं डॉ साधना चौहान द्वारा किया गया।

### माधवपुर विद्यालय में आयोजित हुआ समर कैम्प

विकास खंड देवा के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय माधवपुर में बुधवार को समेकित रूप से समर कैंप 2025 का शुभारंभ उन्साहपूर्वक किया गया। ब्रह्माकुमारी स्वर्णलता ने बच्चों को ध्यान से जोड़ते हुए प्रशिक्षित किया, वहीं दिव्या ने जीवन कौशल एवं नैतिक मूल्यों पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी देवा रामनारायण ने बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए बताया कि शासन की मंशानुरूप 21 मई से 10 जून 2025 तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें योग, ध्यान, व्यायाम, स्वपरिचय, इंडोर गेम्स, मिट्टी कला, बेसिक लाइफ सपोर्ट, जल-संरक्षण, ऊर्जा-संरक्षण, मृदा-संरक्षण, पर्यावरण एवं स्वच्छता जैसी विभिन्न रचनान्मक गतिविधियां कराई जाएंगी। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, सम्मानित अभिभावकगण, एसएमसी अध्यक्ष एवं सदस्यगण, एआरपी अभिषेक नाग, शिवपूजन शर्मा, संध्या कबीर, अनूप कुमार, प्रधानाध्यापिका डॉ. रुचि सिंह, अरुण कुमार, उपमा वर्मा, सुशीला देवी, गौरा देवी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# मौलिक अधिकारों के विस्तार में सुप्रीम कोर्ट की अहम भूमिका : सीजेआई गवई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी. आर. गवई ने बुधवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मौलिक अधिकारों के दायरे को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है और इसका 75 साल का सफर भारतीय संविधान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सूचना तकनीक, मध्यस्थता और चुनावी प्रक्रिया जैसे जटिल मामलों पर फैसले देकर समाज की बदलती जरूरतों को पूरा किया है। सीजेआई ने यह भी कहा कि कोर्ट ने जनहित याचिकाओं (पीआईएल) के जरिए सबसे कमजोर वर्गों के लिए अपने दरवाजे खोले हैं। वह सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जिसमें सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर एक पुस्तक का विमोचन किया गया।



### यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर मामले में सुप्रीम कोर्ट

हालांकि इससे पहले सुनवाई के दौरान नकदी बरामदगी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा पर जांच रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजी गई है। मामले में न्यायमूर्ति अभय एस ओका की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर करने से पहले प्रधानमंत्री और भारत के राष्ट्रपति को अपना प्रतिनिधिन्व दाखिल करें। पीठ ने याचिका खारिज करने से पहले कहा, पहले उन अधिकारियों के समक्ष प्रतिनिधिन्व दाखिल करें जो उन्हें कार्रवाई करने के लिए कह रहे हैं, फिर परमादेश की मांग करते हुए रिट दाखिल करें। यह मामला आग लगने के बाद उनके सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में जले हुए पैसे बरामद होने का है।

### 'संविधान और सुप्रीम कोर्ट में दिखा अटूट संबंध'

उन्होंने कहा कि यह वर्ष ऐतिहासिक है, क्योंकि संविधान और सुप्रीम कोर्ट दोनों को 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। पिछले साढ़े सात दशकों में हमने संविधान और सुप्रीम कोर्ट के बीच अटूट संबंध देखा है। सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट संविधान के तहत स्थापित किया गया था और उसके तहत ही कार्य करता है, लेकिन कोर्ट ने भी संविधान की सबसे बड़ी ढाल के रूप में कार्य किया है। इस तरह सुप्रीम कोर्ट की 75 साल की यात्रा और संविधान की यात्रा एक-दूसरे से अलग नहीं की जा सकती। एक जीवन देता है और दूसरा यह सुनिश्चित करता है कि वह जीवन गरिमा, न्याय और स्वतंत्रता के साथ जारी रहे।

### 'अपने पुराने फैसलों में सुधार का किया साहस'

जस्टिस गवई ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कभी-कभी अपने ही पुराने फैसलों को गलत माना और उन्हें सुधारने का साहस किया और विनम्रता भी दिखाई है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने निजता को मौलिक अधिकार मानने वाले फैसले में एडीएम जबलपुर मामले को एक ऐतिहासिक भूल बताया। उन्होंने कहा, हालांकि एडीएमजबलपुर का कानूनी असर संविधान संशोधन से खन्म हो गया था, लेकिन कोर्ट द्वारा खुद की गलती स्वीकार करना न्यायिक जागरूकता की मिसाल है।

### 'सुप्रीम कोर्ट के 75 साल केवल जजों की यात्रा नहीं'

उन्होंने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट की 75 साल की यात्रा केवल जजों की नहीं, बल्कि वकीलों की भी है, जिन्होंने अपनी दलीलों, विचारों और वकालत से सांविधानिक बहस को आकार दिया। उन्होंने कहा कि न्याय की कहानियां केवल कानून के दायरे में सीमित न रहें, बल्कि आम जनता तक पहुंचें। सीजेआई ने एससीबीए को उसके सदस्यों के लिए 50 करोड़ रुपये के ग्रुप मेडिकल हेल्थ इंश्योरेंस फंड जुटाने पर बधाई दी।

### 'सुप्रीम कोर्ट को संविधान के तहत सौंपी गई थी जिम्मेदारी'

सीजेआई ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट को संविधान के तहत एक बहुत बड़ा दायित्व सौंपा गया था। इसी दिशा में सुप्रीम कोर्ट ने 'केशवानंद भारती मामले' में मूलभूत ढांचे (बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर) के सिद्धांत का विकास किया, ताकि संविधान की बुनियादी विशेषताओं की रक्षा की जा सके।उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) की व्यापक और प्रगतिशील व्याख्या करके निजता का अधिकार, गरिमा का अधिकार, न्याय का अधिकार, भोजन, आवास, स्वच्छ पानी और प्रदूषण मुक्त वातावरण का अधिकार जैसे कई अहम अधिकारों को मान्यता दी।

### गर्मियों की छुट्टियों में भी काम कर रहे टॉप पांच जज

इस बार सुप्रीम कोर्ट ने 26 मई से 13 जुलाई तक की गर्मी की छुट्टियों को आंशिक न्यायिक कार्य दिवस के रूप में घोषित किया है। इस दौरान 2 से 5 पीठें काम करती रहेंगी, जिसमें खुद सीजेआई और शीर्ष पांच जज शामिल हैं।गौरतलबव है कि पहले की परंपरा में गर्मियों में सिर्फ दो पीठें बैठती थीं और वरिष्ठ जज छुट्टियों में काम नहीं करते थे। इस बार सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री भी सुबह 10 से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी।

# जून से शुरू होकर अगस्त तक चलेगी कैलाश मानसरोवर यात्रा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की तरफ से आयोजित कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष जून 2025 से शुरू होकर अगस्त 2025 तक चलेगी। यह जानकारी विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने दी। उन्होंने आज इस यात्रा के लिए पंजीकृत यात्रियों का चयन एक कंप्यूटरीकृत लॉटरी सिस्टम के माध्यम से किया। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, इस बार 5561 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। इनमें से 4024 पुरुष और 1537 महिलाएं शामिल थीं। ये चयन पूरी तरह से कंप्यूटर द्वारा, निष्पक्ष, यादृच्छिक और लिंग-संतुलित प्रणाली के तहत किया गया। इस प्रक्रिया के तहत 750 यात्रियों को इस बार यात्रा पर जाने का मौका मिला है। हर बैच में 50 यात्री होंगे, और उनके साथ 2 लॉजिस्टिक ऑफिसर (एलओ) भी होंगे।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा के रास्ते

इस बार यात्रा दो रास्तों से आयोजित की जाएगी। जिसमें पहला लिपुलेख मार्ग (उत्तराखंड के जरिए) है, इस मार्ग से पांच बैच भेजे जाएंगे। हर बैच में 50 यात्री होंगे। यह मार्ग अब पूरी तरह से वाहनों से जाने योग्य तैयार हो चुका है। दूसरा नाथू ला मार्ग (सिक्किम के जरिए), इस मार्ग से 10 बैच भेजे जाएंगे। हर बैच में 50 यात्री होंगे, यह मार्ग भी अब पूरी तरह मोटरेबल हो गया है। दोनों ही मार्गों पर अब बहुत कम ट्रेकिंग (पैदल चढ़ाई) करनी पड़ती है, जिससे यह यात्रा अब पहले से अधिक आरामदायक और सुगम हो गई है।

### विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर जानकारी उपलब्ध

एमईए के अनुसार, यात्रा की पूर्ण जानकारी, रूट डिटेल, बैच की तिथियां, और चयनित यात्रियों की सूची विदेश मंत्रालय की यात्रा वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है। चयनित यात्रियों को ईमेल और एसएमएस के माध्यम से सूचना भेजी जाएगी। सरकार ने यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखने की व्यवस्था की है। जिसमें सभी यात्रियों के लिए मेडिकल टेस्ट अनिवार्य है। यात्रा से पहले फिटनेस सर्टिफिकेट देना जरूरी होगा। रूट पर आवश्यक हेल्थ सेंटर, डॉक्टर, और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

## सिंगापुर की सरकार में भारतवंशियों का दबदबा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सिंगापुर

सिंगापुर की सरकार में भारतवंशियों का दबदबा है। देश के नए प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने बुधवार को नए मंत्रिमंडल का एलान किया है। 17 सदस्यीय मंत्रिमंडल में भारतीय मूल के छह नेताओं को जगह दी गई है। इन नेताओं को विदेश, व्यापार, गृह समेत अहम विभागों का जिम्मा सौंपा गया है। देश में तीन मई को हुए आम चुनावों में लॉरेंस वोंग की पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने भारी जीत हासिल की। प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने नए मंत्रिमंडल का एलान किया। इसमें तीन समन्वय मंत्री शामिल हैं। वहीं गान किम योंग को उपप्रधानमंत्री बनाया गया है। मंत्रिमंडल में प्रधानमंत्री कार्यालय और 16 मंत्रालयों में 15 मंत्री और दो कार्यवाहक मंत्री भी शामिल किए गए हैं। प्रधानमंत्री वोंग ने भारतीय मूल के षणमुगम को गृह मंत्री पद पर बरकरार रखा है। वे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए समन्वय मंत्री का काम भी देखेंगे। जबकि वे कानून विभाग छोड़ देंगे। षणमुगम अभी तक गृह मंत्रालय के साथ कानून विभाग भी देख रहे थे। इसके अलावा विवियन बालाकृष्णन विदेश मंत्री बने रहेंगे।

## भारत का पाक पर एक और सख्त एक्शन, 24 घंटे में उच्चायोग के अधिकारी को देश छोड़ने का आदेश




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ने नई दिल्ली स्थित स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर दिया है और उससे 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा है। भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है। पहलगाम हमले के बाद से भारत लगातार संदिग्ध पाकिस्तानी अधिकारियों को देश छोड़ने के आदेश जारी कर रहा है। पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को भारत ने आज इस संबंध में एक डिमार्शे (कूटनीति में दूसरे देश के खिलाफ उठाया गया कदम) जारी किया और उनसे उपरोक्त अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश से बाहर भेजने के लिए कहा गया है। इस संदर्भ में आज पाकिस्तान उच्चायोग के कार्यवाहक उच्चायुक्त को एक कड़ा आधिकारिक विरोध पत्र जारी किया गया। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि पाकिस्तान के कोई भी राजनयिक या अधिकारी भारत में अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न करें। बता दें कि पर्सोना नॉन ग्राटा किसी भी विदेशी राजनयिक को अवांछित घोषित करने की वह स्थिति होती है। जिसके तहत उसे देश छोड़ने का तुरंत आदेश दिया जाता है। इससे पहले 13 मई को भारत ने जासूसी में कथित रूप से संलिप्त होने के कारण एक पाकिस्तानी अधिकारी को निष्कासित कर दिया था।

# कोलकाता के आसमान में दिखे रहस्यमयी ड्रोन, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क, जांच जुटी सेना और पुलिस



### घटना की सत्याता की पुष्टि के प्रयास जारी : रक्षा मंत्रालय

इस बीच, भारतीय रक्षा मंत्रालय के मुताबिक कोलकाता के ऊपर ड्रोन देखे जाने की रिपोर्टें प्राप्त हुई हैं और उनकी जांच की जा रही है। इस घटना की सन्यता की पुष्टि के लिए प्रयास जारी हैं। जैसे ही तथ्यों की पुष्टि होगी, आगे की जानकारी साझा की जाएगी। इस बीच, मीडिया से अनुरोध किया जाता है कि वह अटकलें न लगाएं।

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

कोलकाता के आसमान में रहस्यमयी ड्रोन दिखने की बात सामने आर रही है। बताया जा रहा है कि ये ड्रोन सोमवार की रात को दिखाई दिए। ये ड्रोन कहां से आए और इन्हें कौन चला रहा था, इसकी जांच कोलकाता पुलिस कर रही है। हालांकि अभी तक इस बारे में पुलिस ने कुछ भी नहीं बताया है। भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद ड्रोन के दिखने से हडकंप मच गया है। हालंकि दोनों देशों के बीच सीजफायर चल रहा है। इन ड्रोनों को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहा हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमवार रात कोलकाता के कई इलाकों में इन ड्रोन को मंडराते हुए देखा गया। विक्टोरिया मेमोरियल से लेकर ब्रिगेड ग्राउंड तक ड्रोन उड़ते हुए देखे गए। जैसे ही यह जानकारी सामने आई, कोलकाता पुलिस सतर्क हो गई और ड्रोन के बारे में जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। दूसरी ओर भारतीय सेना ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि इसकी जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, ड्रोन में से अधिकांश विजय दुर्ग (पूर्व फोर्ट विलियम) के आसपास उड़ते देखे गए। चूंकि फोर्ट विलियम एक सैन्य क्षेत्र है, इसलिए इसे रेड ज़ोन के रूप में चिह्नित किया गया है। वहां ड्रोन जैसे उपकरणों के उड़ान पर सख्त प्रतिबंध है। यही कारण है कि सोमवार रात देखे गए ड्रोन को लेकर रहस्य और भी गहरा गया है। सूत्रों के मुताबिक फोर्ट विलियम और विक्टोरिया मैदान इलाकों में रात 9.45 बजे से 10.30 बजे के बीच करीब आठ से दस ड्रोन मंडराते रहे। बताया जा रहा है कि ये ड्रोन महेशतला और बेहला की तरफ से आए थे। आजकल ड्रोन का उपयोग कई कार्यों के लिए किया जाता है- जैसे समारोहों की वीडियोग्राफी, या पुलिस-प्रशासन की निगरानी। लेकिन सोमवार रात के ड्रोन किस प्रकार के थे, यही सबसे बड़ा सवाल है। कोलकाता पुलिस सूत्रों का कहना है कि इन ड्रोन को महेशतला की ओर से उड़कर आते हुए देखा गया। इस मुद्दे को लेकर कई क्षेत्रों को सतर्क कर दिया गया है और सेना को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। यह भी कहा जा रहा है कि यह एक अफवाह भी हो सकती है, लेकिन फिलहाल हर पहलू की गहराई से जांच की जा रही है, ऐसा भारतीय सेना की ओर से बताया गया है। गौरतलब है कि भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव के समय देश के सभी राज्यों को ड्रोन खतरों को लेकर सतर्क किया गया था। कोलकाता के आसमान में ड्रोन देखे जाने की खबर के बाद सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह सतर्क हैं।

## ई-चालान शिकायतों में से 59 प्रतिशत शिकायतें खारिज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

'वन स्टेट वन चालान' डिजिटल पोर्टल के माध्यम से मुंबई ट्रैफिक पुलिस विभाग ने 1 जनवरी 2024 से 28 फरवरी 2025 के बीच कुल 556 करोड़ 64 लाख 21 हजार 950 (5,564,219,050) की भारी भरकम चालान राशि वसूल की है। यह जानकारी सूचना का अधिकार कार्यकर्ता अनिल गलगली द्वारा दायर एक आरटीआई आवेदन के माध्यम से सामने आई है। उक्त अवधि में पोर्टल पर कुल 1,81,613 ऑनलाइन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1,07,850 शिकायतें खारिज कर दी गईं। यानी लगभग 59त्न शिकायतों को अमान्य कर दिया गया। सूचना का अधिकार कार्यकर्ता अनिल गलगली ने मुंबई ट्रैफिक पुलिस से ई-चालान शिकायतों की जानकारी मांगी थी। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, वाहन के प्रकार (जैसे दोपहिया, चारपहिया, मालवाहक, यात्री वाहन आदि) के आधार पर प्राप्त शिकायतों का वर्गीकरण 'वन स्टेट वन चालान' पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है, जिससे विशिष्ट वाहन श्रेणियों पर की गई कार्रवाई का विश्लेषण करना वर्तमान में असंभव है। सभी शिकायतों की जांच मल्टीमीडिया सेल, ट्रैफिक मुख्यालय, वर्ली, मुंबई में की जाती है। इसमें वाहन की तस्वीरें और आस-पास के दृश्यात्मक सबूतों की जांच की जाती है।यदि तस्वीरें या सबूत स्पष्ट नहीं होते, तो संबंधित ट्रैफिक विभाग या पुलिस स्टेशन को जांच के लिए भेजा जाता है। स्थानीय जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही अंतिम निर्णय लिया जाता है कि चालान बरकरार रखा जाए या रद्द किया जाए। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने कहा कि ई-चालान प्रणाली पारदर्शी होनी चाहिए, नागरिकों को अपना पक्ष रखने का पूरा और न्यायसंगत अवसर मिलना चाहिए, और हर शिकायत की निष्पक्ष एवं गहराई से जांच होनी चाहिए, यह आज की आवश्यकता है।

# एशियाई देशों के लिए सर्वदलीय सांसद दल रवाना

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जदयू सांसद संजय कुमार झा की अगुवाई में एक सर्वदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलयेशिया और सिंगापुर की यात्रा के लिए बुधवार को दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना हुआ। इस यात्रा का उद्देश्य भारत के ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ देश की प्रतिबद्धता को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर करना है। इन देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले संजय कुमार झा ने कहा कि हमारा प्रतिनिधिमंडल इन देशों में जाकर दुनिया को यह बताना चाहता है कि पाकिस्तान आतंकवाद के सहारे जिंदा है और भारत इसके खिलाफ मजबूती से लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा भारत की विदेश नीति और वैश्विक कूटनीति का अहम हिस्सा है। यात्रा पर रवाना होने से पहले संजय झा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात संसदीय प्रतिनिधिमंडल दुनिया के अलग-अलग देशों में भेजे हैं।

### कौन-कौन से नेता हैं शामिल?

बता दें कि इस प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद शामिल हैं, जिनमें भाजपा सांसद प्रदन बरूआ, बृज लाल, डॉ. हेमांग जोशी और अपराजिता सारंगी, तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी, सीपीआई (एम) सांसद जॉन ब्रिटास और पूर्व राजदूत मोहन कुमार हैं।

# 98.2 प्रतिशत साक्षरता दर के साथ मिजोरम बना भारत का पहला पूर्ण साक्षर राज्य, सीएम ने की घोषणा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। आइजोल

देश की शैक्षिक यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण आया जब मिजोरम यूएलएलएएस (अंडरस्टेंडिंग लाइफलांग लर्निंग फॉर ऑल इन सोसाइटी) पहल के तहत भारत का पहला पूर्ण साक्षर राज्य बन गया। इसकी घोषणा को मुख्यमंत्री ललदूहोमा ने मिजोरम विश्वविद्यालय (एमजेडयू ) में एक विशेष समारोह में की। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी और मिजोरम के शिक्षा मंत्री डॉ. वानललथलाना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, आज का दिन हमारे राज्य की यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण है, जिसे आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। उन्होंने देकर कहा कि यह उपलब्धि केवल एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि ÷एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर है, जो हमारे लोगों की सामूहिक इच्छाशक्ति, अनुशासन और दूरदृष्टि को दर्शाता है। उन्होंने यह उपलब्धि उन नागरिकों की सामूहिक मेहनत का परिणाम है जिन्होंने अपने राज्य से प्रेम किया और समर्पण के साथ काम किया। विशेष रूप से उन्होंने 1,692 उन लोगों का उल्लेख किया जिन्होंने पहले शिक्षा प्राप्त करने का अवसर खो दिया था, लेकिन बाद में भी असाधारण दृढ़ता और सीखने की इच्छा दिखाई।

### एक नए युग की शुरुआत

मुख्यमंत्री ने कहा, हम इस दिन को किसी अभियान के अंत के रूप में नहीं, बल्कि नए युग की शुरुआत के रूप में मना रहे हैं। एक ऐसा युग जो अवसर, सशक्तिकरण और समावेशन से परिपूर्ण होगाष मुख्यमंत्री ने कहा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यद्यपि यह साक्षरता आंदोलन का अंत नहीं है, हम निरंतर शिक्षा, डिजिटल पहुंच और व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण के




माध्यम से साक्षरता को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता को नवीनीकृत कर रहे हैं। उन्होंने सभी मिजो नागरिकों से बड़ी सोच रखने और ऊंचा लक्ष्य तय करने की अपील करते हुए कहा, यह केवल शुरुआत है। अब हम डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता कौशल को हर मिज़ो तक पहुंचाने का लक्ष्य रखें। उन्होंने गर्व से कहा, हमें गर्व है कि हम पहले हैं और हम सर्वश्रेष्ठ बने रहने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा, यह घोषणा शिक्षा और सशक्तिकरण की एक नई लहर को जन्म दे। हम मिलकर आगे बढ़ें, एक अधिक शिक्षित, सशक्त और समावेशी मिजोरम की ओर।

### ऐसे मिली मान्यता

मिजोरम को यह मान्यता यूएलएलएएस पहल के तहत दी गई है, जो शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित है। इस पहल में न्यूनतम 95त्न साक्षरता दर को मानक माना गया है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएसएफएस 2023-2024)के अनुसार, मिजोरम ने 98.2 प्रतिशत साक्षरता दर प्राप्त की है।

### यह मिजोरम के लिए नहीं देश के लिए गर्व का दिन : जयंत

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने मिजोरम के नागरिकों को इस असाधारण उपलब्धि पर बधाई दी और इस अभियान से जुड़े सभी लोगों की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने राज्य की समावेशी विकास की भावना की प्रशंसा की और विश्वास व्यक्त किया कि मिजोरम आजीवन शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में देश का मार्गदर्शन करता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह दिन केवल मिजोरम ही नहीं, पूरे देश के लिए गर्व का दिन है। समारोह की अध्यक्षता मुख्य सचिव खिल्ली राम मीणा ने की। उन्होंने सभी का स्वागत किया और मिजोरम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# आतंकवादियों ने खुद दुनिया को दिया ऑपरेशन सिंदूर का सबूत : जगदीप धनखड़

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पणजी

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को गोवा के वास्को शहर में मुरमुगांव पोर्ट अथॉरिटी (एमपीए) की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकियों ने खुद ही ऑपरेशन सिंदूर का सबूत पूरी दुनिया को दे दिया है। उन्होंने बताया कि जिन आतंकियों को इस ऑपरेशन में निशाना बनाया गया, उनके ताबूतों को पाकिस्तानी सेना, वहां के राजनेता और आतंकी संगठन खुद ले जा रहे थे।

### ऑपरेशन सिंदूर एक वैश्विक संदेश है : धनखड़

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की सटीक सैन्य कार्रवाई ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा को करारा जवाब दिया। यह एक वैश्विक संदेश है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की धरती से यह संदेश दिया कि अब आतंकवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### आतंकियों को दी गई सजा एक उदाहरण : धनखड़

उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह सैन्य कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार की गई थी, लेकिन भारत ने अपनी परंपराओं और मूल्यों का ध्यान रखते हुए केवल आतंकियों को ही निशाना बनाया। यह बहुत सुकून देने वाली बात है कि इस हमले में कोई



आम नागरिक नहीं मारा गया। यह कार्रवाई भारत की नैतिकता के अनुरूप थी। उन्होंने यह भी कहा कि अब कोई भी इस ऑपरेशन के सबूत नहीं मांग रहा है।

### क्या है 'ऑपरेशन सिंदूर'?

ऑपरेशन सिंदूर भारत की वह सैन्य कार्रवाई है जो 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई थी। उस हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसके जवाब में भारत ने इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान के अंदर मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने भारत की आर्थिक और सामरिक मजबूती की भी बात की। उन्होंने कहा, भारत आज एक वैश्विक आर्थिक शक्ति और समुद्री ताकत बनकर उभर रहा है। शांति, विकास और स्थिरता के बिना यह संभव नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रति व्यक्ति आय में आठ गुना बढ़ोतरी की ज़रूरत है। और इसके लिए शांति अनिवार्य है। उपराष्ट्रपति ने कहा, जब तक हमारे पास सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और देश के प्रति प्रतिबद्धता नहीं होगी, तब तक शांति नहीं आ सकती।

### वास्को में विकास परियोजनाएं समर्पित

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने अपने दौरे के दौरान मुरमुगांव पोर्ट पर तीन प्रमुख परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। जिसमें तीन मेगावॉट का सौर ऊर्जा संयंत्र, दो हार्बर मोबाइल क्रेन की व्यावसायिक शुरुआत और कोयला लदान के लिए एक ढका हुआ ड्रोन सिस्टम। इस मौके पर गोवा के राज्यपाल पी. एस. श्रीधरन पिल्लई, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, और केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक भी उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)